भोपाल

बुधवार, 14 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष-11

वर्ष : 12, अंक : 285

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 11

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





**आवारा कुत्तों का मामला**

कोर्ट ने कहा-जो लोग आवारा कुत्तों पर एक्शन को लेकर चिंतित हैं, उन्हें इनको अपने घरों में ले जाना चाहिए

# सुप्रीम कोर्ट बोला: डॉग बाइट पर तय कर सकते हैं सरकार और खाना खिलाने वाले की 'जवाबदेही'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले पर अहम सुनवाई करते हुए कड़ी टिप्पणी की है।

सुप्रीम कोर्ट में रिहायशी इलाकों में आवारा कुत्तों के आतंक पर संकेत दिया कि वह आवारा कुत्तों के हमलों से होने वाली किसी भी चोट या मौत के लिए नागरिक अधिकारियों और कुत्ते पालने वालों दोनों को उत्तरदायी ठहरा सकता है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की है कि जो लोग आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित हैं, उन्हें इनको अपने घरों में ले जाना चाहिए, बजाए इसके कि उन्हें इधर-उधर घूमने, काटने और जनता को डराने दिया जाए। यह मौखिक टिप्पणी तब आई जब न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ आवारा कुत्तों के मुद्दे से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि ▸▸ शेष पेज 6 पर

सुप्रीम कोर्ट पिछले साल 28 जुलाई को शुरू किए गए एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा


फाइल फोटो

**हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा वसूलने की मांग करेंगे**

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कुत्तों के काटने से बच्चों या बुजुर्गों की मृत्यु या चोट के हर मामले के लिए हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा वसूलने की मांग करेंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में नियमों के कार्यान्वयन के संबंध में कुछ नहीं किया है। साथ ही इन आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी। न्यायमूर्ति मेहता ने न्यायमूर्ति नाथ के विचारों से सहमति जताते हुए कहा कि जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? क्या उस संगठन को जो उन्हें खाना खिला रहा है? आप चाहते हैं कि हम इस समस्या से आंखें मूंद लें।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान पर बड़ी कार्रवाई के दिए संकेत**

## प्रदर्शनकारियों को ट्रंप ने उकसाया प्रदर्शन जारी रखो, मदद रास्ते में है


ईरान में प्रदर्शन करते लोग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**ईरानी अफसरों के साथ बैठक रद्द, अब तक 2,000 से अधिक लोगों की जान गई**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ईरान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद अमेरिका अब किसी बड़ी कार्रवाई करने की ओर कदम बढ़ा रहा है। इसके संकेत मंगलवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ पर एक पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने ईरान में खामेनेई शासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि परेशान मत हो मदद भेजी जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शनों पर कार्रवाई के बीच ईरानी अधिकारियों के साथ होने वाली बातचीत रद्द कर दी है। साथ ही उन्होंने ईरान में प्रदर्शन कर रहे लोगों से कहा क मदद ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 12 भी

**ट्रंप ने क्या लिखा?**

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर किए अपने पोस्ट में लिखा कि ईरानी देशभक्तों, विरोध प्रदर्शन करते रहो, अपनी सार्वजनिक संस्थाओं पर कब्जे करो! हत्यारों और अत्याचारियों के नाम लिख लो। उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। जब तक प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद नहीं होतीं, मैंने ईरानी अधिकारियों के साथ सभी बैठकें ▸▸ शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**


### पीएम मोदी बनेंगे प्रस्तावक 19 को नामांकन भरेंगे नितिन

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन 19 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं उनके प्रस्तावक के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति नबीन के नेतृत्व पर शीर्ष नेतृत्व के अटूट विश्वास को दर्शाती है।



### ट्रक के नीचे दबने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**रतलाम।** बिलपांक थाना क्षेत्र के उंडवा गांव के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कोयला घाटी की चढ़ाई चढ़ते समय टाइल्स से लदा एक अनियंत्रित ट्रक अचानक रिवर्स हो गया और पीछे आ रहे लोडिंग वाहन पर पलट गया। इस हादसे में लोडिंग वाहन में सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई।



### 10 मिनट की डिलीवरी डेडलाइन खत्म हुई

**नई दिल्ली।** भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर में एक बड़े नीतिगत बदलाव के तहत केंद्र सरकार ने 10 मिनट की डिलीवरी की अनिवार्य समय सीमा को समाप्त करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद, ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो और स्विगी जैसे प्रमुख एग्रीगेटर्स ने डेडलाइन को हटाने पर सहमति व्यक्त की है।



एक लाख 10 हजार से अधिक शिक्षकों को मोहन सरकार की सौगात

**कैबिनेट बैठक :** 35 वर्ष की सेवा पूरी करने पर मिलेगा चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान

# प्राइमरी और मिडिल स्कूल के शिक्षकों के वेतन में होगा 7 हजार तक का इजाफा

- जिनको यह लाभ मिलेगा उनमें प्राथमिक शिक्षकों की संख्या 80,416 तथा माध्यमिक शिक्षकों की संख्या 29,950
- मप्र में अब तक के इतिहास में मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट के सभी सदस्य बैठक में टैबलेट के साथ शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राज्य सरकार प्रदेश के एक लाख 10 हजार से अधिक प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को एक बड़ी सौगात देने जा रही है। इसके तहत सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक तथा नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को एक जुलाई 2023 अथवा उसके बाद की तिथि से 35 वर्ष की सेवा पूरी करने पर चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाएगा।

इस वेतनमान के बाद शिक्षकों के वेतन में 4 से लेकर 7 हजार रुपए तक का इजाफा हो जाएगा। कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में शिक्षकों के चतुर्थ वेतनमान देने के मसौदे को मंजूरी दे दी गई। इससे सरकार पर करीब 322.34 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा। इसमें 111 करोड़ एरियर तथा 210 करोड़ ▸▸ शेष पेज 6 पर

सरकार पर करीब 322.34 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रिमंडल के साथ कैबिनेट बैठक में

**ग्वालियर व्यापार एवं उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला-2026 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50% छूट दिए जाने की स्वीकृति**

मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति 2026 लागू किए जाने की स्वीकृति

**मप्र स्पेसटेक नीति-2026 में होगा हजार करोड़ का निवेश**

कैबिनेट ने प्रदेश में उपलब्ध 322 औद्योगिक पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और 31 गीगावाट की बिजली आपूर्ति, उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों आदि संसाधनों एवं अनुकूल वातावरण के दृष्टिगत अंतरिक्ष-ग्रेड विनिर्माण की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में मप्र स्पेसटेक नीति-2026 लागू की जाने की ▸▸ शेष पेज 6 पर

**मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना में 3 वर्षों के लिए 5 हजार करोड़ स्वीकृत**

प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास के लिए मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना पंचम चरण को 3 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2028-29) के लिए, 5 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत मास्टर प्लान की सड़कें जिले की प्रमुख एवं अन्य रोड तथा शहर की प्रमुख सड़कों का निर्माण तथा अनुषांगिक कार्य, सड़क ▸▸ शेष पेज 6 पर

छिंदवाड़ा में चाइनीज मांझा बना जानलेवा

## युवक का कटा गला, कंधे की हड्डी और एक पसली भी टूटी

**युवक आईसीयू में गले पर 14 टांके आए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

जिले के गुरैया बायपास पर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक राहुल बट्टी गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का गला बुरी तरह मांझे से कट गया। मांझे में फंसने के बाद बाइक सवार युवक सड़क पर बुरी तरह गिर गया, जिससे उसके कंधे की हड्डी और एक पसली भी टूट गई। बेहद गंभीर हालत में युवक को प्राइवेट हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उसके गले में 14 टांके आए ▸▸ शेष पेज 6 पर


राहुल बट्टी

शाजापुर कोतवाली में मामला दर्ज

### टेलीग्राम पर फर्जी जॉब ऑफर, 21.23 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शाजापुर

यहां टेलीग्राम के माध्यम से ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर एक युवक से 21 लाख 23 हजार 79 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर शाजापुर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी प्रदीप साहू (37), निवासी कर्नलगंज, गुना, वर्तमान में राजनगर शाजापुर में किराए से रहते हैं और इंडो स्टार कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड में ब्रांच क्रेडिट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 23 दिसंबर 2025 को उनके टेलीग्राम आईडी पर महक ▸▸ शेष पेज 6 पर



■ ऑनलाइन प्रोजेक्ट का दिया झांसा

दिग्विजय सिंह की बड़ी घोषणा

### मैं अपनी राज्यसभा की सीट खाली कर रहा हूं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कहा कि वह अपनी राज्यसभा की सीट खाली कर रहे हैं। वे तीसरी बार राज्यसभा में नहीं जाएंगे। दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को पूरा हो रहा है। दिग्विजय की घोषणा के बाद मना जा रहा है कि कांग्रेस किसी बड़े चेहरे को राज्यसभा भेज सकती है। दिग्विजय ने कहा कि कई फैसले व्यक्तिगत नियंत्रण में नहीं होते, लेकिन अपनी भूमिका को लेकर वह इतना जरूर कह सकते हैं कि वह राज्यसभा की सीट छोड़ रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने दिल्ली में एक प्रजेंटेशन दिया है जिसमें उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी ▸▸ शेष पेज 6 पर


■ कांग्रेस की सत्ता बहाली मिशन पर जुटेंगे

संघ के दफ्तर पहुंचा चीनी दल

### सरकार्यवाह होसबाले से की मुलाकात, घंटे भर बात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। चीनी दल ने आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय दत्तात्रेय होसबाले से उनके दफ्तर में भेंट की। चीनी प्रतिनिधिमंडल सुबह करीब 11 बजे संघ के कार्यालय पहुंचा। वहां दोनों पक्षों के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। खास बात यह है कि इस बैठक का अनुरोध खुद चीनी पक्ष की ओर से किया गया था। यह घटनाक्रम चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ▸▸ शेष पेज 6 पर


■ मुलाकात अनुरोध खुद चीनी पक्ष की ओर से किया गया






## भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए पर सुप्रीम कोर्ट का खंडित फैसला

**1** जस्टिस नागरत्ना : ऐसी धाराओं से 'भ्रष्ट लोगों' को मिलता है संरक्षण

**2** जस्टिस विश्वनाथन : इससे ईमानदार अधिकारियों की ज्यादा सुरक्षा होती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार विरोधी कानून के 2018 के एक प्रावधान की संवैधानिक वैधता पर खंडित फैसला सुनाया है, जिसमें भ्रष्टाचार के मामले में किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी है। भ्रष्टाचार निवारण कानून 1988 से जुड़े इस मामले में न्यायमूर्ति ▸▸ शेष पेज 6 पर


बीवी नागरत्ना | केवी विश्वनाथन

इस अधिनियम में भ्रष्टाचार के मामले में किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी है



**अब मामले की बड़ी बेंच करेगी सुनवाई**

एक तरफ जहां जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए असंवैधानिक है और इसे खत्म किया जाना चाहिए, तो वहीं जस्टिस केवी विश्वनाथन ने इस प्रावधान को संवैधानिक बताया और ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया। ऐसे में अब इस मामले को भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के सामने रखा जाएगा ताकि अंतिम फैसले के लिए मामले की दोबारा सुनवाई के लिए एक बड़ी बेंच बनाई जा सकें।

**मंजूरी के बिना किसी भी पूछताछ या जांच पर रोक**

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए, जिसे जुलाई 2018 में पेश किया गया था, किसी भी लोक सेवक के खिलाफ आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में की गई सिफारिशों के लिए सक्षम प्राधिकारी से पहले मंजूरी के बिना किसी भी पूछताछ या जांच पर रोक लगाती है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला एनजीओ 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संशोधित धारा 17ए की वैधता के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर आया है।

**खबर संक्षेप**

## 23 तक हो सकेंगे आयुष यूजी-पीजी में प्रवेश

**भोपाल।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली ने आयुष मंत्रालय की सहमति पर प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, सिद्धा, यूनानी आयुष मेडिकल कॉलेजों में सत्र 2025-26 सत्र में यूजी स्नातक व पीजी-एमडी एमएस में प्रवेश हेतु कट ऑफ डेट अब 14 जनवरी से 23 जनवरी 2026 कर दी है। मंगलवार को एनसीआईएसएम के सचिव सच्चिदानंद प्रसाद ने आदेश जारी किया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि यूजी की आखिरी डेट पूर्व में 20 दिसंबर 2025 थी तथा पीजी की 22 दिसंबर 2025 थी। प्रदेश समेत देशभर में आयुष की लगभग 6500 से ज्यादा सीटें खाली थी। रिक्त सीटों को भरने हेतु संचालनालय आयुष, आयुष मंत्रालय व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आयुष मेडिकल एसोसिशन ने गुहार लगाई थी। संभावना है कि राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग एनसीएच भी एनसीआईएसएम के समान शीघ्र ही सर्कुलर जारी करेगा। डॉ पाण्डेय ने बताया कि मप्र के आयुष कॉलेजों में 900 से ज्यादा सीटें खाली हैं।

## युवा दिवस पर क्रिस्प में हुई कार्यशाला

**भोपाल।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को प्रेरित करने एवं उन्हें उद्योग की वास्तविकताओं से अवगत कराने के उद्देश्य से सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) में इंडस्ट्री ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पद्मश्री सम्मानित एवं बीएचईएल भोपाल के वरिष्ठ नवाचारी बनवारी लाल चौकसे ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में चौकसे ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने अपने प्रेरणादायक जीवन अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने बीएचईएल में एक यांत्रिक श्रमिक के रूप में कार्य प्रारंभ कर कड़ी मेहनत, नवाचार और गुणवत्ता के प्रति समर्पण के बल पर इंजीनियर के पद तक सफलता प्राप्त की, जबकि वे केवल दसवीं कक्षा उत्तीर्ण थे।

## निजी स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन 20 तक

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत संचालित प्राइवेट स्कूलों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सभी अशासकीय विद्यालयों को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से मान्यता नवीनीकरण अथवा नवीन मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, लेकिन तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए इसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी 2026 कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा का अधिकार नियम 11 के उपनियम 4(ग) के तहत यदि कोई स्कूल निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन नहीं करता है, तो उस स्कूल को मान्यता विहीन माना जाएगा और विद्यालय का संचालन शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा।

## छह राज्यों के अफसरों ने इंदौर में देखी स्मार्ट मीटरिंग

**भोपाल।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की ओर से स्मार्ट मीटर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं नॉलेज शेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, केरल, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र राज्यों के बिजली अधिकारी भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर से सीधे पोलोग्राउंड स्थित स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर पहुंचे। दल में स्वप्निल गर्ग, एनए देसाई, राकेश नायर, ज्ञान प्रकाश, मुनीष चौपड़ा, जीजी चंदाकर, अरविंद बैनर्जी, कौशिक मुखर्जी, केएस बत्री के साथ सुश्री मिनी केवी, आशा पीए आदि शामिल थे।

### एक दिन की खानापूर्ति बनकर रह जाता है गहन चैकिंग अभियान

# रेलवे स्टेशन पर मुसाफिरों की सेहत से हो रहा खिलवाड़ रेल नीर के स्थान पर बिक रहा अनाधिकृत ब्रांड का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्रेनों की पेंट्रीकार व रेलवे स्टेशन पर रेल नीर ब्रांड के पानी बेचने का नियम है। इसके बावजूद भोपाल रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों में भी दूसरे ब्रांड के पानी की बिक्री हो रही है। अनाधिकृत ब्रांड के पानी की बिक्री से रेलवे के राजस्व को नुकसान के साथ ही यात्रियों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। तो वहीं रेलवे की ओर से साल में एक बार कार्रवाई के बाद चेकिंग अभियान भी बंद कर दिया जाता है। सोमवार को भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशन से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों में अवैध ब्रांड के पानी की बिक्री को लेकर मंडल स्तर पर यात्रियों द्वारा शिकायत भी कई गई। लेकिन कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिली। वहीं इस मामले को लेकर रेलवे अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे है।



स्टेशन पर बिक रहा अनाधिकृत ब्रांड का पानी।

### साल में एक बार हो रही कार्रवाई

रेलवे सूत्रों के अनुसार इसके बाद भोपाल रेल मंडल वाणिज्य विभाग की टीम की ओर से दो दिसंबर 2025 को चेकिंग अभियान चलाकर गाड़ी संख्या 22538 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस के पेंट्रीकार व थर्ड एसी के कोच संख्या बी-1 में अवैध ब्रांड के 84 पानी के बोतलें पकड़ी गईं। तो वहीं इसके पहले भी 2024 में भी चेकिंग अभियान चालाकर इतनी ही पानी की अवैध ब्रांड बोलत को पकड़ा था। इसके बाद भी मंडल की ओर से लगातार चेकिंग अभियान नहीं चला जा रहा है।

### ब्रांडों के नाम से ही मिलती-जुलती बोतलों की हो रही बिक्री

रेल नीर के अलावे भी कुछ अन्य ब्रांडों को बिक्री की स्वीकृति दी गयी हैं लेकिन इनके अलावे ओरिजिनल ब्रांडों के नाम से ही मिलते जुलते बोतलों को ओरिजिनल बताकर धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। स्टेशन पर रेल प्रशासन से स्वीकृत खान-पान की सामग्री बिके, इसकी जिम्मेदारी जिन जिम्मेदारों पर हैं, वो भी इस गड़बड़ी को अनदेखा कर रहे हैं। कभी-कभार जिम्मेदार जागकर पेंट्रीकारों में पानी बोतलों की जांच करते भी हैं लेकिन महज जुर्माना की कार्रवाई तक ही मामला सिमट कर रह जाता है और फिर इसी धंधे की धांधली शुरू हो जाती है।

### यह है मुनाफे का खेल

गर्मी में पानी की खपत को देखते हुए सक्रिय लोग खासा मुनाफा कमा रहे हैं। बताया गया कि रेल नीर की 10 बोतल बंद वाली एक पेटी का मूल्य 126 रुपए है, जो 140 रुपए में बिकती है। वहीं, अनाधिकृत ब्रांड की एक पेटी का मूल्य 80 रुपए है, जो 200 रुपए में बिकती है। अब यदि एक बोतल के लिहाज से समझा जाए तो रेल नीर 12.60 रुपए की लागत वाली बोतल 14 रुपए में बिकती है, जिसमें लाभ 1.40 रुपए है। वहीं, अनाधिकृत ब्रांड की बोतल 8 रुपए में उपलब्ध है और उसे 20 रुपए में बेचा जा रहा है। ऐसे में उसपर 12 रुपए का मुनाफा कमाया जा रहा है।

### धूमधाम से लोहड़ी मनाकर की अच्छी फसल की कामना, सोशल मीडिया पर चला बधाइयों का सिलसिला

# पंजाबी परिवारों में प्रज्जवलित की अग्नि, भगवान का स्वरूप मानकर मक्का और तिल का अर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मंगलवार को पंजाबी समाज ने धूमधाम से लोहड़ी का पर्व मनाया। पंजाबी परिवारों में अग्नि जलाई, अग्नि को भगवान का रूप मानकर चारों ओर परिक्रमा कर अरदास की। साथ ही अग्नि पर नई फसलों के आगमन के स्वरूप तिल्ली, मक्का आदि अर्पित किया। लोहड़ी के पर्व की धूम सर्वाधिक उन घरों में दिखी, जहां संतान प्राप्ति और नववधु का आगमन हुआ है। भगगवान का धन्यवाद किया।

**गो काष्ठ की लोहड़ी जलाकर दिया पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण का संदेश**



लोहड़ी पर्व को उत्साहपूर्वक मनाते धर्मावलंबी।

**गीत भी गाकर खुशियां मनाई**

सामूहिक भोज का आनंद उठाया। लोगों में तिल से बनी मिठाइयां, रेबड़ियां, मक्का के दाने बांटे गए। वहीं जिस घर में नववधु का आगमन हुआ, उनको रेवड़ियां और अन्य खाद्य वस्तुएं उपहार में देकर बधाई दी। उनको परिवार के सभी मौजूद सदस्यों ने मिलकर नवदंपति को आशीर्वाद दिया। साथ ही बुजुर्गों का सम्मान भी किया। साथ ही जिन परिवारों में संतान की प्राप्ति हुई, इसके लिए भगवान को धन्यवाद दिया। साथ ही दुल्ला भट्टी के गीत भी गाकर खुशियां मनाई। उत्सव के समापन पर परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से भोजन का आनंद उठाया। वहीं सोशल मीडिया पर दिन भर लोगों को बधाई देने का दौर चलता रहा। तो वहीं पंजाबी समाज द्वारा इस साल लोहड़ी पर्व ईको फ्रेंडली रूप से मनाया गया। इसके तहत अधिकांश जगहों पर लकड़ी की जगह लोहड़ी गो काष्ठ की जलाई और पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण का संदेश दिया।

### पर्व स्नान 14 को, तो पुण्यकाल 15 जनवरी को मनाया जाएगा

# पंचांगों में तिथि मतभेद के चलते दो दिन मनाई जाएगी मकर संक्रांति, कुछ लोग आज तो कुछ लोग कल मनाएंगे त्यौहार



दुकानों में सजी तिली की मिठाइयां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मकर संक्रांति का त्योहार राजधानी सहित देशभर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार पंचाग व पंडितों के मदभेद के चलते दो दिन मकर संक्रांति मनाई जाएगी। कुछ पंडित जहां 14 को त्योहार मनाने के पक्ष में है। तो कुछ 15 को मनाने के पक्ष में है। तिथि के भेद के चलते लोगों में कंफ्यूजन की स्थिति बनी हुई।

कुछ पंचाग व पंडितों की माने तो सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश कर जाते हैं तो उसे मकर संक्रांति कहा जाता है। मकर संक्रांति मतलब उत्तरायण की शुरुआत हो जाती है। इस बार सूर्य देव मकर राशि में 14 जनवरी को प्रवेश करेंगे इसलिए मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाना ही शुभ रहेगा। वहीं पंचाग व पंडितों का कहना है कि मकर संक्रांति की तिथि दोपहर में आ रही है। जबकि हिन्दू धर्म में उदयातिथि का बड़ा महत्व है। ऐसे में 15 जनवरी को पर्व मनाया जाना चाहिए।

### सूर्य उत्तरायण में 14 को हो रहा है प्रवेश

*मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि 14 जनवरी को सूर्य उत्तरायण में प्रवेश कर रहे हैं, इसका समय दोपहर 3:13 मिनट से शाम 5:45 मिनट तक रहेगा। ऐसे में मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाना सही रहेगा। इस दौरान कई दुर्लभ और शुभ योगों का संयोग बन रहा है, जो अलग-अलग समय अंतराल के बाद आए हैं। इसमें जहां मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी एक ही दिन पड़ रही हैं। यह दुर्लभ संयोग लगभग 23 वर्षों के बाद बना है। तो वहीं 100 साल बाद इस दिन शनि और शुक्र के बीच 'लाभ दृष्टि योग' बन रहा है, जोकि अत्यंत शुभ योग माना जा रहा है। इसी तरह 75 सालों के बाद तीन विशिष्ट शुभ संयोगों का एक साथ मिलना हो रहा है। 19 साल बाद इस संक्रांति पर पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्र का विशेष मेल हो रहा है।*

### 15 को करें खिचड़ी का दान

*पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि 14 तारीख को षटतिला एकादशी व संक्रांति भगवान को तिल का भोग व तिल व फलहारी वस्तुओं का दान करे। एकादशी के चलते चावल का दान 14 को नहीं किया जाएगा। अगले दिन यानी 15 तारीख को किया जाना चाहिए। दूसरे दिन यानी 15 जनवरी को भगवान को खिचड़ी का भोग लगाना चाहिए। 15 जनवरी की सुबह स्नान-दान आदि धार्मिक कर्म भी किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति फसल, कृषि और प्रकृति से जुड़ा हुआ सूर्य का पर्व है, इसमें सूर्य के गोचर को ही आधार माना जाता है। अधिकांश पंचांग और पंचांगों के अनुसार, 14 जनवरी को दोपहर करीब 3 बजकर 13 मिनट पर सूर्य मकर राशि में गोचर करेंगे।*

### मकर संक्रांति पर संक्रमणकाल का महत्व

पंडित विवेक शर्मा ने बताया कि 14 जनवरी को सूर्य धुन राशि से मकर में सूर्य 3:13 पर प्रवेष करेंगे। इस बार मकर संक्रांति जो है, माध्यम काल में आ रही है। जिन लोगों को ऐसे में पर्व स्नान करना है। वह लोग इसके बाद स्नान कर सकते हैं और 14 को मकर संक्रांति का पर्व मना सकते हैं। इस दान में

### राशि अनुसार इन वस्तुतओं का करे दान

- **मेष** : गुड़, मूंगफली, तिल, लाल कपड़ा
- **वृषभ** : चावल, दही, चीनी, सफेद वस्त्र, कंबल
- **मिथुन** : मूंग दाल, हरी सब्जियां, खिचड़ी, चादर
- **कर्क** : चावल, मिश्री, घी, तिल
- **सिंह** : गुड़, तांबे के बर्तन, गेहूं, तिल, लाल कपड़ा
- **कन्या** : हरी सब्जियां, मूंग दाल, तिल के लड्डू, खिचड़ी
- **तुला** : सफेद वस्त्र, चीनी, कंबल, चावल, दूध-दही
- **वृश्चिक** : तिल, गुड़, लाल कपड़ा, तांबा, हरे पत्ते (गाय को खिलाएं)
- **धनु** : पीला कपड़ा, पीली दाल, हल्दी, केसर
- **मकर** : तेल, तिल, काले कपड़े, काली उड़द दाल, काले जूते
- **कुंभ** : गरीबों को भोजन, काली दाल से बनी खिचड़ी
- **मीन** : रेशमी कपड़ा, तिल, चने की दाल, चावल, हल्दी

## मलयाली समाज आज मकर विलक्कू पर्व दीप आराधना और अन्नदान के साथ मनाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मलयाली समाज में मकर विलक्कू पर्व की खुशियां बुधवार को विशेष पूजा, अभिषेक, दीप आराधना और अन्नदान के साथ मनाई जाएगी। बरखेड़ा स्थित मंदिर सहित अन्य राजधानी के सभी अय्यप्पा मंदिरों में धूमधाम से मकर विलक्कू का पर्व मनाया जाएगा। त्रिलंगा क्षेत्र से अय्यप्पा संगम समिति द्वारा भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पूर्व सुबह गणपति होम, दीप आराधना और शाम को अन्न दान होगा। नारायण मिशन मंदिर गोविंदपुरा में भी आराधना की जाएगी। मध्य भारत में जहां मकर संक्रांति के अवसर पर पवित्र स्नान के अलावा तिल पूजा, तिल दान और वस्त्र दान आदि का विशेष महत्व है, वहीं दक्षिण भारतीय परिवारों में मकर विलक्कू का पर्व पूरे उत्साह से मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु के अवतार ने एक पहाड़ पर खड़े होकर सामने वाले दूसरे पहाड़ पर तीन बार दीया जलाया था। इसी संस्कृति को मानते हुए मंदिर में तीन बार यानी आस्था, विश्वास और पूजा का दीया जलाकर श्रद्धालु पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन कर खुशियां मनाते हैं।

**अय्यप्पा मंदिर सज के हुए तैयार, जलाएंगे आस्था, विश्वास और पूजा का दीया**

### आज मनाया जाएगा पोंगल

पर्व राजधानी भोपाल में रहने वाले दक्षिण भारतीय बुधवार को पोंगल पर्व मनाएंगे। यह त्योहार भगवान सूर्य देव और खेती से जुड़ा हुआ है। फसलों के लिए भगवान सूर्य नारायण की विशेष पूजा की जाती है। आस्था और संपन्नता का प्रतीक पोंगल का पर्व चार दिन तक मनाया जाता है। प्रत्येक दिन पोंगल का अलग अलग नाम होता है। पहले दिन भोगी पोंगल, दूसरे दिन सूर्य पोंगल, तीसरे दिन मट्टू पोंगल और चौथे दिन कानुम पोंगल कहते हैं। 12 नंबर स्थित समाज के मंदिर में पोंगल बनाए जाएंगे।

## हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को दिए गुलाब के फूल

### 100 से अधिक वाहन चालकों की कराई आंखों की जांच



यातायात नियमों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में यातायात जागरूकता अभियान के तहत हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को गुलाब के फूल दिए गए। इस दौरान लगभग 100 से अधिक वाहन चालकों की आंखों की जांच की गई।

यातायात पुलिस डीसीपी बंसतकौल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देने व नियमों का पालन करवाने के लिए जागरूकता माह आयोजित किया जा रहा है। जिसके अतंर्गत पुलिस उपायुक्त यातायात भोपाल के मार्गदर्शन में मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी के तहत फंदा टोल पर यातायात पुलिस भोपाल द्वारा वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण व स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। ऐसे दो पहिया वाहन चालक जिन्होंने हेलमेट पहना था उन्हें गुलाब का फूल दिया गया एवं वाहनों पर रेडियम स्टीकर लगाये गये। इस मौके पर यातायात जोन 4 एसीपी देवेंद्र सिंह यादव, निरीक्षक आरती कतीजा व सूबेदार एल.के. सोलंकी एवं यातायात स्टाफ उपस्थित रहे।

## धीरे-धीरे बढ़ रहा रात का पारा बदलेगा मौसम का मिजाज

***प्रदेश में लगातार तीसरे दिन बढ़ा तापमान, हवाएं बदलने के साथ अब शाम की हवाओं में भी बढ़ रही नमी***

***अगले तीन से चार दिन में पश्चिमी मप्र सहित कुछ हिस्सों में बादल, बौछारों की उम्मीद, इसके बाद गिरेगा पारा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़त रही। औसतन एक डिग्री की बढ़त के साथ अब दिन-रात का पारा सामान्य से औसतन एक डिग्री तक अधिक हो गया है। करीब 23 जिलों में अभी रात का पारा 10 डिग्री से कम है, जबकि शेष जिले 10 से 14 डिग्री के बीच दर्ज हुए हैं। नर्मदापुरम में 13.8 और नरसिंहपुर, सिवनी में 12 डिग्री तक रहा है। भोपाल में रात का तापमान 1.2 डिग्री बढ़कर 10.2 और दिन का दशमलव दो डिग्री की बढ़त के साथ 27 डिग्री रहा है। यह नॉर्मल से 2 डिग्री ज्यादा है। प्रदेश में तीसरे दिन घने कोहरे का असर नहीं रहा। पांच जिले सबसे ठंडे रहे। इनमें रात का तापमान 5 से 6 डिग्री के बीच रहा है। प्रदेश में घने कोहरे का असर नहीं रहा। इससे प्रदेशभर में दृश्यता

### अभी तीन सिस्टम सक्रिय

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में हिमाचल प्रदेश और आसपास सक्रिय है। एक ऊपरी हवा का हवा का चक्रवात पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर है। इससे अभी हवाएं बदल रही हैं। इसी से तापमान में बढ़त हो रही है। हवा में नमी भी बढ़ी है। एक नया डब्ल्यूडी 15 जनवरी से सक्रिय हो रहा है। इसके बाद मौसम बदल सकता है।



स्वदेशी संकल्प दौड़ कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### 23 जनवरी तक विभिन्न संस्थानों में चलाया जाएगा अभियान

# भोपाल में स्वदेशी संकल्प दौड़: युवा शक्ति से राष्ट्र निर्माण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच ने राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) पर भोपाल में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया। यह अभियान केवल एक दिन तक सीमित न रहकर 12 जनवरी से 23 जनवरी तक विभिन्न संस्थानों में चलाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा शक्ति को स्वदेशी भाव से जोड़ना, उन्हें स्वावलंबन, उद्यमिता, स्वरोजगार एवं सहकारिता की दिशा में प्रेरित करना तथा राष्ट्र सशक्तिकरण में उनकी भूमिका का आत्मबोध कराना है। अभियान के अंतर्गत युवाओं को my.sba.co.in पोर्टल पर पंजीयन कराकर स्वदेशी संकल्प प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जा रहे हैं।



'स्वदेशी संकल्प दौड़' के मौके पर स्वदेशी जागरण मंच पदाधिकारी

### युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त प्रयास

*इस आयोजन में क्षेत्रीय संगठक केशव दुबोलिया, क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते, प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, प्रांत महिला कार्य प्रमुख सीमा भारद्वाज तथा भोपाल विभाग संयोजक शोभराज सुखवानी, शांतनु शर्मा, सूर्यदेव सतीश विश्वकर्मा, रमन तिवारी, हरिओम सेन, वैभव पांडे, अश्विनी सिन्हा अभिनव सहित सह-प्रमुख साधना शर्मा, संगीता शर्मा, वीना जैन, मनीषा चौरासिया, प्रिया जैन, अंशिका सोनी, प्रज्ञा सेन एवं बड़ी कार्यकर्ता टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। स्वदेशी जागरण मंच के अनुसार यह अभियान युवाओं को विचार, संकल्प और कर्म के माध्यम से राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त प्रयास है।*

**यह संस्थान बने अभियान में सहभागी**

स्वदेशी संकल्प अभियान में हाई स्कूल, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, कोचिंग संस्थान, सामाजिक संगठन एवं जन परिषद अभियान से जुड़े युवाओं की व्यापक सहभागिता रही। भोपाल के प्रमुख शिक्षण संस्थानों- भाभा यूनिवर्सिटी, राधा रमण, जवाहरलाल नेहरू, एलएनसीटी, बंसल, मानसरोवर, नूतन, मेपकास्ट, सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज, सत्य साई, ओरिएंटल, सीएलआरआर इंटरनेशनल स्कूल मंडीदीप सरोजनी, सुभाष चंद्र बोस एक्सीलेंस हाई स्कूल, सरस्वती, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, सेज यूनिवर्सिटी सहित अनेक संस्थान इस अभियान के सहभागी बने। कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं को स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान देने का संकल्प दिलाया।






**खबर संक्षेप**

### निःशुल्क कृत्रिम अंग शिविर 15-16 को

**भोपाल।** भोपाल उत्सव मेला और रत्नानिधि चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई व रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगों के लिए निःशुल्क कृत्रिम अंग माप शिविर लगाया जा रहा है। मेला समिति के महामंत्री और शिविर के संयोजक सुनील जैनाविन ने बताया कि यह शिविर 15-16 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मानस भवन पॉलिटेक्निक चौराहा के पास मुख्यमंत्री निवास रोड में लगेगा। दिव्यांग आधार कार्ड, डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र और दिव्यांगता के 2 फोटो लेकर आएं।

### सीयूईटी पीजी के आवेदन का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की तरफ से कॉमन एंट्रेंस टेस्ट, पीजी 2026 के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार 14 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। विद्यार्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि सीयूईटी पीजी 2026 परीक्षा के लिए आवेदन पत्र में सुधार की प्रक्रिया 18 से 20 जनवरी तक चलेगी।

### भोपाल मंडल को 102 करोड़ का रेवन्यू

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल में भोपाल सहित तीनों मंडलों के माल यातायात में वृद्धि हो रही है। पमरे ने दिसम्बर में 572 करोड़ 57 लाख रुपए माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की माह में 17 प्रतिशत अधिक है तथा लक्ष्य 532 करोड़ 05 लाख रुपए ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से 8 प्रतिशत अधिक है।

### माशिमंः दसवीं का हिंदी का पेपर 6 मार्च

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं के कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया है। माशिमं के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, 11 फरवरी को प्रस्तावित 10वीं कक्षा का हिंदी का पेपर अब 6 मार्च को होगा। वहीं 9 फरवरी को होने वाला 12वीं का उर्दू और मराठी विषयों का पेपर अब 6 मार्च को होगा। 12वीं का हिंदी का पेपर 7 फरवरी की बजाय 7 मार्च 2026 को होगा। परीक्षा का समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे रहेगा। माशिमं ने संशोधित कार्यक्रम तुरंत विद्यार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

## गोमांस को लेकर बैठक में सत्ता और विपक्ष के पार्षदों ने हंगामा कर की नारेबाजी

# निगम परिषद की बैठक में गोमांस पर बड़ा एक्शनः भोपाल में नहीं चलेगा स्लॉटर हाउस, एजेंसी ब्लैकलिस्ट, 11 कर्मी भी होंगे निलंबित

*कांग्रेस पार्षदों ने किया आसंदी का घेराव आरोपियों के नाम सार्वजनिक करने की मांग*

*एमआईसी के इस्तीफे पर अड़े कांग्रेसियों ने किया सदन से वाकआउट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के स्लॉटर हाउस से गोमांस की सप्लाई के मामले पर भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने मंगलवार को हुई नगर निगम परिषद की बैठक में जमकर हंगामा किया। जहां सत्ता पक्ष केवल अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग तक सीमित रहा, वहीं विपक्ष ने महापौर मालती राय और एमआईसी आरके सिंह बघेल को भी समान रूप से दोषी ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग पर हंगामा किया।

हालांकि हंगामें के बीच परिषद की बैठक में तीन अहम प्रस्ताव भी पारित किए। इनमें कॉलोनियों में व्यक्तिगत नल कनेक्शन, विवाह पंजीयन शुल्क घटाकर 130 रुपए करना और अमृत 2.0 योजना के तहत जल-सीवरेज परियोजनाएं लागू करना शामिल रहा।

कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना बिना राजनीतिक संरक्षण के संभव नहीं थी। बैठक में एमआईसी पर कार्रवाई न होने से नाराज कांग्रेसी पार्षदों ने सदन से वाकआउट कर दिया। यह देखकर परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सदन से व्यवस्था देते हुए शहर में जानवरों की स्लॉटिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अब शहर का स्लॉटर हाउस हमेशा के लिए बंद रहेगा और संबंधित ठेका एजेंसी को स्थायी रूप से ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं 11 कर्मचारियों की जांच चलने तक इन्हें सस्पेंड किया गया है।

**नगर निगम परिषद की बैठक में तीन प्रस्ताव हुए पारित**


आसंदी के सामने धरना देते कांग्रेस के पार्षद।

**अब 30 नहीं 60 दिनों में करा सकेंगे विवाह पंजीयनः** शहर के नागरिकों के लिए खुशी की खबर है अब वह 60 दिनों के भीतर 130 रुपए में विवाह पंजीयन करा सकेंगे। यह अवधि पहले 30 दिन की थी, अब इसे 60 दिन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं पहले विलंब शुल्क मिलाकर राशि पांच हजार रुपए तक जाती थी। अब 60 दिन बाद आवेदन करने पर अधिकतम शुल्क 1100 रुपए ही देना होगा।

### व्यक्तिगत नल कनेक्शन लेना हुआ आसान

अब कॉलोनियों में बल्क कनेक्शन की जगह सिंगल यानी व्यक्तिगत नल कनेक्शन दिए जा सकेंगे। इसके लिए संबंधित कॉलोनी के 70 प्रतिशत से अधिक निवासियों की सहमति अनिवार्य होगी। व्यक्तिगत कनेक्शन से पानी सस्ता पड़ेगा और बिल से जुड़ी परेशानियां कम होंगी।

### निगम खरीदेगा 200 करोड़ के ग्रीन म्युनिसिपल बांड

अमृत 2.0 योजना के तहत शहर में जलप्रदाय और सीवेज से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। इसमें केंद्र और राज्य सरकार की हिस्सेदारी के साथ कुछ राशि ग्रीन म्युनिसिपल बांड के जरिए जुटाई जाएगी। इसके लिए निगम 200 करोड़ रुपए की लागत से ग्रीन म्युनिसिपल बांड खरीदेगा।

**भाजपा पार्षद का इस्तीफा, अध्यक्ष ने किया अस्वीकार**

गो मांस को लेकर भाजपा पार्षद देवेंद्र भार्गव भी विरोध में जैकेट पर कागज चस्पा कर पहुंचे। उन्होंने निगम अध्यक्ष को इस्तीफा सौंप दिया। भार्गव ने कहा कि जब तक गोमांस के मामले में शामिल सभी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती वो परिषद में वापस नहीं आएंगे। हलांकि अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा अस्वीकार कर दिया।

**स्लॉटर हाउस प्रभारी डॉ. बेनी निलंबित**

नगर निमग के स्लॉटर हाउस से गोमांस की सप्लाई होने पर दो दिन बाद संभागायुक्त संजीव सिंह ने लापरवाही के आरोप में स्लॉटर हाउस के प्रभारी अधिकारी डॉ. बेनी प्रसाद गौर को निलंबित कर दिया है।


गोमांस मामले को लेकर कार्रवाई की मांग करते पार्षद।


बैठक को संबोधित करती महापौर राय।

### 11 कर्मचारियों को किया सस्पेंड

बैठक में तीन प्रस्ताव रखे गए थे। तीनों पारित कर दिए गए हैं। गोमांस के मामले में स्लॉटर हाउस के प्रभारी डॉ. बेनी गौर को निलंबित कर दिया गया है। साथ जांच होने तक 11 कर्मचारियों को भी निलंबित किया गया है।

**मालती राय, महापौर**

### गो हत्या के जिम्मेदारों का बर्खास्त करें

गोमांस के मामले में नगर निगम के जो भी अधिकारी जिम्मेदार हैं, उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाए। वहीं जिस एमआईसी मेंबर ने ये प्रस्ताव पास किया था, उसे भी बर्खास्त करें। साथ ही गो हत्या मामले से जुड़े सभी लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाए। जब तक गो माता के हत्यारों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती हम आंदोलन करते रहेंगे।

**योगेंद्र गुड्डू सिंह चौहान कांग्रेस पार्षद**

### पूरी एमआईसी और महापौर इस्तीफा दे

इतनी बड़ी घटना बिना राजनीतिक संरक्षण के संभव नहीं थी। महापौर मालती राय और एमआईसी आरके सिंह बघेल को इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही इस मामले से जुड़े सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

**प्रवीण सक्सेना, पार्षद और कांग्रेस जिला अध्यक्ष**

## डॉक्टर के पर्चे लेकर पहुंचे लोग

# पहली 'जल सुनवाई' में लोगों ने कहाः दूषित पानी से हो रही पेट और स्किन की बीमारी



विरोध प्रदर्शन करते ब्रिज विहार इलाके के रहवासी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 23 लोगों की मौत के बाद भोपाल नगर निगम ने पहली बार राजधानी के 85 वार्ड में 'जल सुनवाई' आयोजित की। मंगलवार सुबह 11 बजे शुरू हुई 'जल सुनवाई' दोपहर एक बजे तक चली। 'जल सुनवाई' में बड़ी संख्या में रहवासी अपने-अपने वार्ड में दूषित पानी की समस्या लेकर निगम कार्यालय पहुंचे। पहली 'जल सुनवाई' में पानी के 49 नमूने लिए गए। वहीं वार्ड नंबर-44 के अंतर्गत गंदे पानी की मिलने पर तत्काल निराकरण की कार्रवाई शुरू की गई है।

मंगलवार को निशातपुरा के ब्रिज विहार इलाके के रहवासी दूषित पीने पानी की समस्या को लेकर नगर निगम के आईएसबीटी स्थित कार्यालय पहुंचे। दूषित पानी को लेकर रहवासियों ने प्रदर्शन किया। हाथों और गले में तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि निगम उन्हें कार्बाइड मिला जहरीला पानी पीने के लिए मजबूर कर रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि दूषित पानी के सेवन से त्वचा और पेट से जुड़ी गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। कई रहवासी इलाज के पर्चे भी साथ लेकर पहुंचे थे, ताकि यह साबित किया जा सके कि बीमारी की वजह खराब पानी है। विरोध के दौरान हाथों में पोस्टर लिए महिलाएं और एक छोटी बच्ची भी नजर आई।

### नहीं मिलने पहुंचा कोई भी अधिकारी

आईएसबीटी स्थित नगर निगम कार्यालय दूषित पानी लेकर पहुंचे लोगों के हाथो में बैनर-पोस्टर थे। लेकिन अंदर परिषद की मीटिंग चलने की वजह से कोई भी जिम्मेदार उनसे मिलने नहीं पहुंचा। इससे नाराज लोगों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने समझाईश दी, लेकिन वे वहीं बैठ गए।

### यह होगा जल सुनवाई में

जल के नमूनों का सामान्य मानकों रंग, स्वाद, गंध, पीएच, कुल क्षारीयता, क्लोराइड, कुल कठोरता, कैल्शियम कठोरता, मैग्निशियम कठोरता, टीडीएस, टरबीडिटी के साथ ही रेसिडुअल क्लोरीन, कोलीफार्म, ई-कोलाई आदि मानकों के आधार पर परीक्षण होगा।

### पानी के नमूने लिए गए हैं

जल सुनवाई हर वार्ड कार्यालय में आयोजित कर पानी के नमूने लिए गए। जल के नमूनों की जांच रंग, स्वाद, गंध, पीएच, टीडीएस, टरबिडिटी, क्लोराइड, कठोरता, रेसिडुअल क्लोरीन, कोलीफार्म और ई-कोलाई जैसे मानकों पर की जाएगी। जल गुणवत्ता में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित क्षेत्र में तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

**संस्कृति जैन, कमिश्नर, नगर निगम**

---

नाम, पते और बकाया राशि की जानकारी दी

# बिजली कंपनी ने सार्वजनिक किए बिजली बिल बकायादारों के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के अंतर्गत आने वाले ऐसे बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा अपने बकाया बिजली बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके नाम, पते और बकाया राशि की जानकारी को सार्वजनिक कर दिया है। कंपनी द्वारा बकायादारों के नामों की सूची कंपनी के पोर्टल पर सार्वजनिक की है, इन बकायादरों के नाम आमजन और उपभोक्ताओं द्वारा क्षेत्रवार देखा जा सकता है। कंपनी ने वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि पर भी साझा कर दिया गया है।

*उपभोक्ता का नाम*

| स्थान | नाम | बकाया बिल |
|---|---|---|
| बैरागढ़ चीचली | मे. खनेजा प्रापर्टीज | 729567 |
| कटारा हिल्स | प्रवीना आदित्य | 459313 |
| शक्तिनगर | अलकापुरी सहकारी | |
| | गृह निर्माण समिति | 359050 |
| भानपुर | सुनील कुमार मेहर | 342101 |
| छोला | सुमित डिजिटल इंस्फ्रा. | 274951 |
| अरेरा कॉलोनी | एनसीसी लिमिटेड | 272971 |
| इंडस्ट्रियल गेट | ताहिरा परबीन | 237344 |
| इंडस्ट्रियल गेट | मनोज | 221378 |

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को शेष प्राकृतिक जीवन तक आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिता के काम धंधे में बंधेज बताकर उसे हटाने के नाम पर 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी निहाल बेग उर्फ भूरा आयु 30 वर्ष मूल निवासी ग्राम गिलोली तहसील कालपी जिला जालौन उत्तर प्रदेश वर्तमान निवासी जहांगीराबाद भोपाल मप्र को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने पॉक्सो एक्ट की धारा-3/4(2) ,5 एल/6, भादंसं की धारा -376 (2) (एन), 376 (3) एवं 506 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए शेष प्राकृतिक जीवन तक आजीवन सश्रम कारावास एवं 11000 रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं नवीन श्रीवास्तव द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार 2 अप्रैल 2022 को 14 वर्षीय नाबालिग बालिका ने अपने माता-पिता के साथ थाना हबीबगंज में रिपोर्ट लिखाई थी।

हाईकोर्ट का अहम फैसला

# इन-सर्विस डॉक्टरों को पीजी के बाद ग्रामीण सेवा के लिए बॉन्ड भरने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी है कि राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत (इन-सर्विस) डॉक्टरों को मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स पूरा करने के बाद ग्रामीण सेवा के लिए बॉन्ड भरने की आवश्यकता नहीं है।

जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा कि मध्य प्रदेश स्वायत्त मेडिकल एवं दंत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (डिग्री/डिप्लोमा) प्रवेश नियम, 2017 का नियम 11 इन-सर्विस डॉक्टरों पर लागू नहीं होता। नियम 11 की व्याख्या करते हुए हाइकोर्ट ने कहा कि यह प्रावधान चयनित अभ्यर्थियों पर लागू होता है, लेकिन उन पर नहीं जो पहले से सरकारी सेवा में हैं।

दरअसल, डॉ. दीपाली बैरवा ने याचिका दायर कर बताया कि उन्होंने भोपाल के डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन के समक्ष ग्रामीण सेवा से जुड़े बॉन्ड से मुक्त किए जाने और उनके मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र लौटाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने मार्च 2017 में एनेस्थीसिया में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा किया था। इसके बाद उन्हें मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया। जुलाई 2017 में उन्होंने मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराया। याचिकाकर्ता का तर्क था कि पीजी डिप्लोमा का परिणाम घोषित होने के तीन महीने के भीतर उन्हें ग्रामीण पदस्थापना का कोई आदेश जारी नहीं किया गया, इसलिए नियमों के अनुसार उन्हें बॉन्ड की शर्तों से मुक्त किया जाना चाहिए।

## भोपाल में गोमांस मामले को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, प्रशासन को दिया 15 दिन का समय

# सीएम हाउस का घेराव करने जा रहे हिंदू संगठनों ने की आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग


विरोध प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में पुलिस मुख्यालय के सामने मांस से भरे ट्रक के पकड़े जाने और स्लाटर हाउस के मामले को लेकर सियासी और सामाजिक हलचल तेज हो गई है। जय मां भवानी संगठन ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**आरोपियों पर एनएसए लगाने व बुलडोजर से घर गिरने की मांग**



पुलिस से चर्चा करते पदाधिकारी।

इसी बात को लेकर मंगलवार को जय मां भवानी संगठन होटल पलाश से मुख्यमंत्री निवास तक पैदल मार्च निकालने निकले। इस दौरान पुलिस ने बीच में ही रोक लिया। उधर, मुख्यमंत्री निवास तक रैली लेकर जाने की चेतावनी को देखते हुए पुलिस सतर्क हो गई है। जय मां भवानी संगठन का कहना है कि अलग-अलग जिलों से लोग यहां पहुंचे हैं। पुलिस की कार्यवाही से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। पुलिस ने इस मामले में लेटलतीफ की है। हम प्रशासन और सरकार को अगले 15 दिन का समय दे रहे हैं। आगे एक बड़ा आंदोलन करेंगे, इसके अलावा यहां मौजूद लोग असलम चमड़ा पर एनएसए लगाने व बुलडोजर से घर गिरने की मांग भी कर रहे हैं।


मौके पर तैनात पुलिस।

### जंबूरी मैदान में आज 2 हजार पतंगों के साथ मनेगा भव्य महोत्सव

**भोपाल।** राजधानी में मकर संक्रांति का पर्व इस बार विशेष उत्साह और सांस्कृतिक चमक के साथ मनाया जाएगा। शहर की समृद्ध परंपराओं को जीवंत करते हुए भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा पहली बार 'भोजपाल पतंग महोत्सव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में आने वाले लोगों को समिति की ओर से 2,000 पतंगें निःशुल्क वितरित की जाएंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि पतंग महोत्सव का आयोजन 14 जनवरी को सुबह 10 बजे से अवधपुरी चौराहा स्थित हेलीपैड मैदान (भेल) में होगा।

### भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए

# भोजपुर मंदिर में मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर भगवान भोलेनाथ का फूलों और रंग-बिरंगी पतंगों से किया श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

भोजपुर स्थित प्रसिद्ध भोजेश्वर महादेव मंदिर जो दुनिया के सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक के लिए जाना जाता है, में मकर संक्रांति की पूर्व संध्या मंगलवार को त्रिलोक के स्वामी भगवान भोलेनाथ का भव्य रुद्र महाभिषेक किया गया, इसके बाद फूलों और रंग बिरंगी पतंगों से दिव्य श्रृंगार किया गया।

मंदिर के महंत पवन गिरि गोस्वामी ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बुधवार को बड़ी संख्या में भक्त भोलेनाथ के दर्शन के लिए भोजपुर पहुंचेंगे। इस दौरान तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से परिवार सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। मेले में भक्ति, संस्कृति और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिलता है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसके साथ ही प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, पार्किंग और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। आपको बता दें कि भोजेश्वर मंदिर, जो 11वीं शताब्दी में परमार राजा भोज द्वारा निर्मित है और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित है। मकर संक्रांति और महाशिवरात्रि पर वार्षिक मेलों के लिए प्रसिद्ध है। यहां का विशाल शिवलिंग और प्राचीन वास्तुकला भक्तों को आकर्षित करती है।


भगवान भोलेनाथ का फूलों और रंग-बिरंगी पतंगों से किया दिव्य श्रृंगार।

**व्यवस्थाएं पुख्ता की गई**
भोजपुर में मकर संक्रांति पर्व को लेकर सुरक्षा, पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाएं पुख्ता की गई हैं।
**चंद्रशेखर श्रीवास्तव**, एसडीएम गोहरगंज

### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बनाई रंग-बिरंगी पतंगें


पतंग बनाओ प्रतियोगिता में पतंग बनाकर दिखाते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

लाइफ लाइन स्कूल में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए पतंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपने हाथों से सुंदर और आकर्षक रंग बिरंगी पतंगे बनाई और अपनी संस्कृति का परिचय दिया। प्राचार्य किरण वाधवानी ने बताया कि मकर संक्रांति पर तिल गुड की मिठाइयां खाई जाती है और पतंग उड़ाने की भी परंपरा है। इसी को लेकर विद्यार्थियों को पतंग बनाना सिखाया। इस कार्यक्रम में कक्षा एक से आठवी तक 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक उत्सव में पुरस्कृत किया जाएगा।

### मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बांटे तिल के लड्डु


लोगों को लड्डू बांटते हुए।

**संतनगर।** पूज्य सिंधी पंचायत के संस्थापक अध्यक्ष स्व.पमनदास मनवानी कि धर्म पत्नी मोहिनी देवी मनवानी की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र राज़ मनवानी के सौजन्य से 150 जरूरतमंद परिवारों को मकर संक्रांति पर्व पर तिल के लड्डूओं के पैकेट और सिंधी कैलेंडर वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से राज़ मनवानी, दिनेश वाधवानी, लखमीचंद नरयानी, महेश गुरबानी, ओमप्रकाश रिझवानी, जानीमल मूलचंदानी, दीपक गोपलानी आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पचौरी ने की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से भेंट

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी मंगलवार को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर चर्चा की।

### विधायक पटवा ने दी 'लोहड़ी' की बधाइयां



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने सभी देशवासियों को उत्साह, उल्लास एवं आनंद के पर्व 'लोहड़ी' की बधाई और शुभकामनाएं दी। सुरेंद्र पटवा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर घर-आंगन में सुख, समृद्धि और वैभव की वृद्धि हो तथा लोहड़ी का पावन प्रकाश आप सबके जीवन में नव आशा, नव ऊर्जा और अपार खुशियां लाए।

### संतोष अहिरवार बने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



**औबेदुल्लागंज।** डबरा में आयोजित हुए प्रांत अधिवेशन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के औबेदुल्लागंज के नगर मंत्री संतोष अहिरवार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। ऋतिक सेन, दर्शना यादव, पलक मार्राफी, सचिन, आशीष जाटव, अक्षय बघेल, धनञ्जय पटेरिया, आर्यन ठाकुर आदि छात्र छात्राओं ने बधाई दी है।

### रचना सिंह बनी भगवा पार्टी की महिला मोर्चा अध्यक्ष



**मंडीदीप।** भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) ने रचना सिंह को रायसेन जिले की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला कार्यकारिणी की अनुशंसा पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति अग्रिम आदेश तक प्रभावी रहेगी।

### वर्षिष्ठ पत्रकार सुनील यादव का देर रात निधन



**मंडीदीप।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुनील यादव का मंगलवार देर रात निधन हो गया। वो विगत दस वर्षों से लम्बी बीमारी से लड़ रहे थे। उनके निधन से नगर समेत आसपास क्षेत्र में राजनीतिक, सामाजिक, पत्रकारिता और आम जन में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार सुबह 11 बजे मंडीदीप जोड़ श्मशान घाट में किया जाएगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1638 | | |
| दिन: | 249 | 51 | 678 |
| रात: | 467 | 73 | 580 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 358 | 62 | 246 |
| रात: | 230 | 54 | 158 |

### राजधानी की मिसरोद पुलिस ने चोरी की बड़ी वारदात का किया खुलासा

# जेल से छूटे तीन बदमाशों ने सूने मकान में की चोरी गिरफ्तार, पुलिस ने किया15 लाख का सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की मिसरोद पुलिस ने चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 15 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया है। आरोपियों ने सूने मकान का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार फरियादी स्वावलम्बन पाठक, जो नागपुर में नौकरी करते हैं, तीन जनवरी को अपने घर लौटे तो घर का ताला टूटा मिला और घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा था।

जांच करने पर पाया गया कि घर से सोने की अंगूठी, सोने की चेन, चांदी की पायल, चांदी की चेन, सोने की चार चूड़ियां, मंगलसूत्र, दो मोबाइल फोन, वेब कैमरा, हेडफोन, ऑफिस का सीपीयू, हार्ड टोकन और 700 रुपए नगद चोरी हो गए थे। इस पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जांच में पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। तकनीकी जानकारी के आधार पर पता चला कि तीन संदेही जो कुछ दिन पहले ही जेल से रिहा हुए थे, बंगरसिया इलाके में घूम रहे हैं और चोरी का जेवर बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। तलाशी में उनके पास चोरी के जेवर बरामद हुए।

**खास बातें**
- पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले
- पूछताछ में आरोपियों ने मिसरोद इलाके में चोरी की वारदात कबूली


पुलिस गिरफ्त में चोरी के तीन अरोपी।

**इन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

पूछताछ में आरोपियों ने मिसरोद इलाके में की गई चोरी की वारदात कबूल कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश कुमरे उर्फ कोबरा (22), गोलू उर्फ फूलसिंह (24) और सचिन पटवा उर्फ सच्चू उर्फ रावण (22) शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा आरोपी गिरफ्तार

राजधानी में अलग-अलग इलाकों में जाकर बाइक चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खास बात है कि आरोपी नवंबर और दिसंबर में शहर के अलग-अलग इलाकों से बाइक चोरी की। जनवरी में बाइक को ठिकाने लगाने के लिए वह बिट्ठल मार्केट स्थित दुकानदारों के पास पहुंचा। उसने बताया कि वह बाइक काफी कम कीमत में बेचना चाहता है। इस बारे में जैसे ही पुलिस को सूचना मिली, तत्काल मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने शहर के अलग-अलग इलाकों में वाहन चोरी किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ करते हुए कई अहम जानकारियां इकट्ठा की। पुलिस ने सभी बाइकों का ब्यौरा मांगा और आरोपी ने घटना को स्वीकार कर दिया। हबीबगंज पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए काफी मशक्कत भी पहले करनी पड़ी थी, क्योंकि सीसीटीवी कैमरा में आरोपी की तस्वीर कैद नहीं हुई, करीब 70-80 कैमरे देखने के बाद संदिग्ध युवक दिखा। आरोपी रूपेश अहिरवार हबीबगंज इलाके का ही रहने वाला है। उसने हबीबगंज, बागसेवनिया, टीटी नगर, विदिशा और आनंद नगर से चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ 10 बाइक और 8 लाख का माल बरामद किया है।

**पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ 10 बाइक और 8 लाख का माल किया बरामद**



### टूर्नामेंट में कुल 600 छात्रों ने भाग लिया

# शोटोकन कराटे में एलवीएस की छात्राओं ने जीते 5 स्वर्ण


कराटे फेडरेशन चैंपियनशिप में विजेता विद्यार्थी उत्साह मनाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उमा विद्यालय ने वर्ल्ड ट्रेडिशनल शोटोकन कराटे फेडरेशन चैंपियनशिप में 5 स्वर्ण, 2 रजत एवं 33 कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की कोच भावना यादव के कुशल मार्गदर्शन में कक्षा चौथी से नवीं के विद्यार्थियों ने दो दिवसीय चले स्टेट टूर्नामेंट में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में कुल 600 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें कुल 40 पदक एलवीएस विद्यालय के नाम रहे तथा विद्यालय ने दूसरा स्थान हासिल किया।

विद्यालय की छात्राएं भानू घोषी कक्षा चौथी, योगिनी कक्षा चौथी, उन्नति प्रजापति कक्षा छठवीं, खुशी मारन कक्षा सांतवीं एवं काव्या यादव कक्षा छठवीं ने स्वर्ण पदक हासिल किए। निहारिका नागर-नवीं एवं अंजली शर्मा- नवीं ने रजत पदक हासिल किए व अन्य 33 छात्राओं ने कास्य पदक जीते।

### महिलाओं को दिए सात्विक आहार बनाने के टिप्स

**संतनगर।** आरोग्य केन्द्र द्वारा दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का भव्य अनुभव समारोह सिद्धभाऊ की उपस्थिति में आयोजित किया। शिविर की गतिविधियों पर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि यदि आपको स्वस्थ रहना है तो सात्विक, अपक्व और कम आहार का सेवन करना चाहिए। आहार ऐसा हो जो स्वादिष्ट हो, पौष्टिक हो और सुपाच्य हो। शिविर में महिला साधक प्राकृतिक चिकित्सा के साथ-साथ प्राकृतिक व सुपाच्य आहार बनाने की विधि सीखई, जिससे उनके साथ-साथ उनका पूरा परिवार भी इस आहार को अपनाकर एक अच्छा स्वास्थय जीवन पा सकता है।

### दुकानों और ठेलों पर चोरी-छिपे बेच रहे चाइनीस मांझा

# चाइनीज मांझे का हो रहा धड़ल्ले से व्यापार, नहीं हो रही कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का व्यापार खुलेआम जारी है, जिससे आमजन की जान पर लगातार खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद संबंधित विभागों और प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

जानकारी के अनुसार नगर के कई दुकानों और ठेलों पर चोरी-छिपे चायनीज मांझा बेचा जा रहा है। यह मांझा बेहद खतरनाक होता है, जिससे अब तक देश के कई हिस्सों में कई लोगों की गर्दन कटने, बाइक सवारों के घायल होने और पक्षियों की मौत की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि त्योहार पर इसका कारोबार और तेज हो जाता है, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई नहीं कर रही है। स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायतें की, इसके के बावजूद दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दुकानदारों पर तत्काल छापेमारी कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों और पक्षियों की जान बच सके।

### पाइप लाइन डालने के लिए खोदी थी सड़क, लोग परेशान

# वार्ड 13 स्टेशन रोड का नहीं हुआ मरम्मत कार्य, उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के वार्ड 13 स्थित स्टेशन रोड को पाइप लाइन डालने के लिए खोदा गया, लेकिन उसकी मरम्मत नहीं की गई। जिसके कारण धूल-डस्ट उड़कर घरों और दुकानों में घुस रही है, और वे खांसी, जुकाम और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।

एडवोकेट नारायण सिंह सेन, जितेंद्र दुबे, राकेश तिवारी, सुदामा तिवारी, प्रदीप भंडारी शिरोमणि, डॉ. माखन नागर, रमेश सेठी, शंकर सेठी, मनोज खत्री आदि ने बताया कि विगत कई महीनों से पानी के पाइपलाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई थी, पाइप तो डाल दिया गया, मगर सड़क की मरम्मत नहीं की गई, जिसके कारण दिन भर धूल उड़ती है और लोग बीमार हो रहे हैं। वार्ड 13 के पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने बताया कि हम कई बार नगर परिषद में जाकर स्टेशन रोड की मरम्मत करने की बता कर चुके हैं मगर कोई सुनता नहीं है। भाजपा नेता पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री रामकिशोर नंदवंशी ने फोन पर बताया कि स्टेशन रोड पर मरम्मत का कार्य शीघ्र होना चाहिए।


खुदी हुई सड़क, नहीं किया मरम्मत।

### सेवा समिति के 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए

# शिविर में छात्राओं ने जूडो-कराटे समेत आत्मरक्षा कलाओं का लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में सामजिक संस्था सेवा समिति द्वारा बास्केट बॉल मैदान पर रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने शिविर में सीखी गई विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

समिति के अध्यक्ष जीवनसिंह पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 दिसंबर से 12 जनवरी तक आयोजित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णीमा जैन, मंडल महामंत्री राजेश भवरे, समाजसेवी अलका उमक, वर्षा श्रीवास्तव, अकादमी के उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी रहे। समापन सत्र से कराते प्रशिक्षक अमन पातरे व केके शर्मा ने छात्राओं को जूडो-कराटे जैसी कई आत्मरक्षा कलाओं का प्रशिक्षण दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव कहा कि इस प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्मविश्वास और सजगता दोनों में वृद्धि हुई है तथा वे अब अपने दैनिक जीवन में अधिक सुरक्षित महसूस करती हैं। उन्होंने महिला सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे ऐसे अभियानों के लिए आभार व्यक्त किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णीमा जैन ने बालिकाओं को कहा कि आत्मरक्षा का ज्ञान हर छात्रा के लिए अत्यंत आवश्यक है।


शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### पुलिस ने एमपी नगर जोन-1 से घेराबंदी कर पकड़ा

# क्राइम ब्रांच ने 10.49 ग्राम एमडी पाउडर जब्त कर दो मोबाइल फोन के साथ आरोपी को किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में क्राइम ब्रांच ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी के पास से 10 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स को बरामद किया गया है। साथ ही दो मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताये हुलिए अनुसार बाहुबली सेल के बगल में खाली मैदान एमपी नगर जोन-1 में दो लड़के काले रंग की स्कूटी पर बैठे दिखे। पुलिस स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा।

पुलिस के पूछने पर बताया कि अयान उर्फ अरबाज पिता अनीश युसुफ खान उम्र 25 साल निवासी बुधवारा चार बत्ती चौराहा पठान टेंट हाउस के पास आमना कॉम्प्लेक्स थाना कोतवाली भोपाल (2) अनस खान पिता मो. मुश्ताक खान उम्र 18 साल निवासी म.न. 4 ताज कॉलोनी झरने के आगे शाहजहानाबाद का रहने वाला है। पुलिस द्वारा चेक करने पर आरोपी अयान उर्फ अरबाज एवं अनस खान के पास से एक ऐयरपैक पारदर्शी पन्नी मिली, जिसके अंदर क्रिस्टलनुमा ब्राउन रंग का पदार्थ रखा है। उक्त पन्नी को खोलकर उसमें रखे पदार्थ को चैक किया तो उक्त पन्नी में रखा पदार्थ अवैध मादक पदार्थ एमडी जैसा पदार्थ होना पाया गया। जिसका कुल वजन 10.49 ग्राम होना पाया गया।


पुलिस ने जब्त किया मादक पदार्थ एमडी।

### घर में रेत की बोरियों के बीच छिपाकर रखी अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार



शाहजहांनाबाद थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी करने वाले आरोपी के घर से करीब 85 लीटर अवैध देसी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 47 हजार रुपए बताई जा रही है। ईदगाह हिल्स चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान आरोपी के घर में रेत की बोरियों के बीच प्लास्टिक की बोरियों में छिपाकर रखी गई देसी मदिरा बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी डेनी मकवाना (46), निवासी मजदूर नगर, शाहजहांनाबाद को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ पहले से कई अपराध दर्ज हैं।

# शिवमहापुराण कथा का समापन, शक्ति समिति की सदस्यों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अर्जुन नगर शिव मंदिर प्रांगण में चल रही शिवमहापुरा कथा का मंगलवार को समापन हो गया। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सूरजमल गौर, वरिष्ठ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुरजीत सिंह बिल्ले, किसान नेता राजमल नागर, कथा वाचक राजेंद्र शास्त्री का सम्मान किया गया।

भागवत कथा के समापन पर भोजपुर नारी शक्ति समिति की सदस्यों का सम्मान किया। इस अवसर पर अनिता पांडे, निर्मला शर्मा, कुसुम शर्मा, सुनीता शेनी, राजबाई मल्होत्रा यादव, बबली शर्मा, कविता यादव, मंजू सहु, आनीता योगी, प्रियंका गुप्ता, सुनील शेरया, पार्सलअरुण भावसार, बच्चन लोधी, नंदलाल यादव, राकेश यादव, दीपक यादव, धनु चौरसिया शामिल हुईं।


कथा वाचक राजेंद्र शास्त्री का सम्मान करते हुए।


नारी शक्ति समिति की सदस्यों का सम्मान करते हुए।



कैबिनेट की बैठक में टेबलेट लेकर पहुंचे सीएम।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव टैबलेट लेकर कैबिनेट की बैठक में पहुंचे

# प्रदेश में पेपरलेस कार्य प्रक्रिया, समय की बचत व पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी ई-गवर्नेंस व्यवस्था

### मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक से पहले किया मंत्रियों को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में ई-गवर्नेंस व्यवस्था को विस्तार देते हुए कैबिनेट की बैठक में टैबलेट लेकर पहुंचे। 6 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश में ई-कैबिनेट की प्रक्रिया शुरू करने के उद्देश्य से मंत्रियों को टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। साथ ही कैबिनेट के समक्ष ई-टैबलेट एप्लीकेशन का प्रस्तुतिकरण हुआ था। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पहल से पेपरलेस कार्य प्रक्रिया अपनाने, समय की बचत और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' से शुरू किया गया है।

यह अभियान चार चरणों में 31 मार्च तक चलेगा। इस अभियान में शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जाएगा। इसमें 16 विभागों की 91 योजनाएं, सेवाएं शामिल है। यह नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में साथ-साथ चलेगा। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक आवेदन प्राप्त करने की कार्रवाई होगी। द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन, शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन होगा। तृतीय चरण में 16 मार्च से 26 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें अनिराकृत शेष आवेदन और शिकायतों का निराकरण होगा। चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा, जिसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर आवेदन एवं शिकायत का निराकरण होगा।



कैबिनेट में ई-टैबलेट एप्लीकेशन का प्रस्तुतिकरण।

#### संक्रांति का दिन परिवर्तन, आत्मबल, सकारात्मकता का प्रतीक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति की अग्रिम मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति वह शुभ समय है। जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं और प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है। इस पावन अवसर पर 15 जनवरी को बाबई नर्मदापुरम से लाडली बहनों के खाते में जनवरी माह की 1500 रुपए की किश्त डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का दिन शुभ परिवर्तन, आत्मबल और सकारात्मक सोच का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पतंग उड़ाने, रंगोली प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों से उत्साह और उमंग का संचार करने वाले इस त्यौहार पर चाइनीज मांझे के उपयोग के प्रति विशेष सतर्कता बरती जाए।

#### 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं कर रही हैं लीड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इको-सिस्टम बन चुका है। मप्र में 6500 से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से 3100 से अधिक स्टार्ट-अप को महिलाएं लीड कर रही हैं। भोपाल में पिछले दिवस मप्र स्टार्टअप समिट 2026 आयोजित किया गया। समिट के दौरान 156 स्टार्ट-अप को 2.5 करोड़ रूपए से अधिक प्रोत्साहन राशि तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 21 स्टार्ट-अप को 8.17 करोड़ रूपए से अधिक की ऋण राशि अंतरित की।

#### *स्वच्छ जल अभियान की सघन मॉनिटरिंग की जाए सुनिश्चित*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सभी को शुद्ध पेयजल देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में 'स्वच्छ जल अभियान' आरंभ किया जा रहा है, जो दो चरणों में संचालित होगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और द्वितीय चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा। आम नागरिकों की पेयजल समस्या के लिये हर मंगलवार को जल सुनवाई की भी व्यवस्था रखी गई है। अभियान के तहत समस्त जल शोधन यंत्र और पेयजल संग्रहण टंकियों की सफाई होगी, जिसकी निगरानी जीआईएस मैप आधारित एप से होगी।*

---

## खबर संक्षेप

### विधायकों के आवासों, वेतन भत्ते सहित अन्य मामलों पर चर्चा

**भोपाल।** विधानसभा में आज विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और तीन मंत्रियों को बुलाया। तोमर द्वारा बुलाई गई बैठक में सीएम यादव के अलावा संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल भी मौजूद रहे। बैठक में विधायकों के वेतन भत्ते और विश्राम गृह के अलावा विधानसभा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई है। मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष तोमर की अध्यक्षता में विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में हुई इस बैठक में सीएम सचिवालय के अपर सचिव नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह और विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविन्द शर्मा भी शामिल हुए। बताया जाता है कि विधायकों के वेतन भत्तों के लिए बनाई गई कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। शीतकालीन सत्र में विधायकों का दबाव था कि उनका वेतन भत्ता बढ़ाने का फैसला किया जाए, लेकिन तब सरकार निर्णय नहीं ले पाई थी। अब जबकि एक माह बाद फरवरी के अंतिम सप्ताह में बजट सत्र शुरू हो सकता है तो सरकार इस मामले में अंतिम फैसला ले सकती है और कैबिनेट ने प्रस्ताव मंजूर किए जाने के बाद विधानसभा में लाकर इसे मंजूरी दी जा सकती है। इसके अलावा विधायक विश्राम गृह कैम्पस में विधायकों के लिए बनाए जा रहे आवासों को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई है।

---

### कैबिनेट ने राजगढ़ एवं रायसेन जिले की तीन सिंचाई परियोजनाओं को दी मंजूरी

# प्यासे खेतों तक जल पहुंचाना हमारा लक्ष्य हर कीमत पर इसे पाकर रहेगी मप्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान हमारा अभिमान हैं। किसानों का मान बढ़ाने हमने कोई कमी नहीं की। प्यासे खेतों तक पानी पहुंचाना हमारा लक्ष्य है और हर खेत तक पानी पहुंचाकर हम यह लक्ष्य जल्द ही पाकर रहेंगे। मप्र में अभी कृषि का सिंचित रकबा 56 लाख हेक्टेयर है। हमारी सरकार ने इसे जल्द से जल्द 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में किसानों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए संकल्पित है। प्रदेश के किसान समृद्ध और सशक्त बनें, इसी मंशा से हमने वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना और ताप्ती ग्राउंड वॉटर रिचार्ज मेगा परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। इन तीनों नदी परियोजनाओं के पूरा होने पर प्रदेश का लगभग सम्पूर्ण कृषि रकबा सिंचित हो जाएगा।

### *सारंगपुर, भोजपुर और उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताकर किया अभिनंदन*

**खास बातें**

- मुख्य जांच आयुक्त बड़े अफसरों के भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करेंगे
- सामान्य प्रशासन विभाग से संबद्ध होगा निदेशालय



किसानों को संबोधित करते सीएम।

#### नदियां हमारे लिए जीवन रेखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं एक किसान परिवार से आते हैं और खेती के लिए सिंचाई का महत्व उन्हें अच्छी तरह ज्ञात है। उन्होंने कहा कि मप्र नर्मदा, चंबल, बेतवा, ताप्ति, क्षिप्रा जैसे अनेक नदियों का मायका है और इन्हीं के कारण हमारा प्रदेश जल संपदा से संपन्न है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा, पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रदेश में किसानों के कल्याण और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. पटवा प्रदेश के एक आदर्श राजनेता थे।

#### एक-एक गांव और हर एक खेत तक बिजली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के एक-एक गांव और हर एक खेत तक बिजली और पानी की सतत आपूर्ति बरकरार रहे, यही हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री का राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र और रायसेन जिले की भोजपुर एवं उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन कर आभार जताया। 13 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य सरकारकी ओर से इन तीन विधानसभा क्षेत्रों के किसानों के हित में करीब 900 करोड़ रुपए लागत वाली तीन अलग-अलग सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। किसान इसी सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने मुख्यमंत्री निवास आए थे।

#### इन विस क्षेत्रों के किसान होंगे लाभान्वित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में राजगढ़ एवं रायसेन जिले की कुल 898.42 करोड़ रुपए लागत वाली तीन सिंचाई परियोजनाओं के लिए की स्वीकृति दी गई है। राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में 396 करोड़ 21 लाख रुपए लागत वाली मोहनपुरा विस्तारीकरण (सारंगपुर) सिंचाई परियोजना से सारंगपुर तहसील के 26 ग्रामों की 11,040 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध होगी। इस परियोजना से 10 हजार 400 किसान परिवार लाभांवित होंगे।

---

### स्कूलों के समय-सीमा में हों सभी निर्माण



विभागीय समीक्षा करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री।

# विभाग में गठित की जाएगी नई विंग, कार्यों की होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की मंगलवार को समीक्षा की। बैठक में मंत्री सिंह ने सभी वर्किंग एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूरे किए जाएं।

उन्होंने कहा कि यदि कोई एजेंसी तय टाइमलाइन में कार्य पूर्ण नहीं करती है, तो उसके विरुद्ध निर्माण अनुबंध की शर्तों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, आईडीए, बीडीए, यूडीए और भवन विकास निगम सहित विभिन्न वर्किंग एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए मंत्री सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग में एक तकनीकी विंग गठित करने के निर्देश दिए, जो विभागीय जांच दल के रूप में कार्य करेगा और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं मानकों की नियमित जांच करेगा। उन्होंने कहा कि चेक एंड बैलेंस का मजबूत सिस्टम विकसित किया जाना आवश्यक है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल एवं आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय शिल्पा गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

#### स्टेप-बाय-स्टेप और मंथ-बाय-मंथ लक्ष्य तय करें

उन्होंने निर्देश दिए कि मासिक आधार पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाए तथा स्टेप-बाय-स्टेप और मंथ-बाय-मंथ लक्ष्य तय कर निर्माण कार्य पूरे किए जाएं। प्रत्येक एजेंसी अपनी कार्ययोजना स्पष्ट रूप से विभाग को उपलब्ध कराए। मंत्री सिंह ने सभी वर्किंग एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से विभाग को प्रस्तुत करें।

---

## सीएम ने अभ्युदय के विजयी प्रतियोगियों को किया पुरस्कृत



प्रतियोगियों को सम्मानित करते सीएम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीर भारत न्यास की ओर से आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज के विजयी प्रतियोगियों को एक समारोह में पुरस्कार प्रदान किए। विजयी प्रतियोगियों को ई-स्कूटी, ई-बाइक, लैपटॉप और विक्रमादित्य घड़ी के साथ नासा किट पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, संचालक संस्कृति एमपी नामदेव उपस्थित थे।

वीर भारत न्यास के संचालक और संस्कृति सलाहकार राम तिवारी ने बताया कि ऑनलाइन क्विज में डेढ़ लाख प्रतियोगियों ने विजिट किया। करीब 30 हजार प्रतियोगी रजिस्टर्ड हुए। क्विज में 24 प्रतियोगी विजई हुए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया। इसके साथ ही खगोल विज्ञान केंद्र उज्जैन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों के सवालों के जवाब भी दिए।

#### क्विज प्रतियोगिता के विजेता

अभ्युदय मप्र क्विज विजेताओं में बीना से कीन्स अहिरवार, मंडला से आशीष मरकाम, राजगढ़ से संदीप बादल, शाजापुर से सचिन मीणा, बैतूल से प्रमोद देशमुख, इंदौर से अमन उपाध्याय, शाजापुर सुभाष पाटीदार, मंदसौर से जलज वर्मा, जबलपुर से नवीन केवट, ग्वालियर से देवेन्द्र सिंह, उज्जैन से राहुल शर्मा, नर्मदापुरम से दीपशिखा जाटव, भोपाल से अंजली जैन, विदिशा से सलोनी व्यास, देवास से दीपिका यादव, भोपाल से पारूल खरे, छतरपुर से रोमिका चौरसिया, सागर से पलक पासी, शुजालपुर से ज्योति जायसवाल, अनूपपुर से आंचल तिवारी, सतना से तनुजा सिंह, बालाघाट से पीहू स्वामी, नर्मदापुरम से रजनी परिहार और इंदौर से नरेन्द्र कुमार हैं।

## सहा. कुलसचिवों, प्रभारी प्राचार्यों का होगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के विश्वविद्यालयों के 20 सहायक कुलसचिवों और 20 शासकीय महाविद्यालयों के प्रभारी प्राचार्यों का 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

प्रशासन अकादमी में यह ट्रेनिंग 20 से 24 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। इसमें प्रमुख रूप से परिवीक्षा समाप्ति एवं स्थाईकरण के नियम, मध्य प्रदेश मूलभूत नियम के तहत अन्य प्रमुख नियम, आचरण नियम, समान्य शिकायत पर कार्रवाई एवं तथा विभागीय जांच के नियम, मध्य प्रदेश भंडार क्रय नियम, जेम पोर्टल एवं ई-टेंडरिंग प्रक्रिया आदि विषयों पर प्रशिक्षण होगा। मंगलवार को उच्च विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इस प्रशिक्षण में संबंधितों का उपस्थित रहना अनिवार्य है।

## स्कूल शिक्षा मंत्री को शिक्षक संघ ने भेंट किए पुष्प-गुच्छ



शिक्षा मंत्री को पुष्प-गुच्छ भेंट करता शिक्षक संघ।

**भोपाल।** प्राथमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक तथा प्रधान अध्यापक से पदोन्नति उपरांत उच्च पदों पर आसीन व्याख्याता एवं प्राचार्य को चतुर्थ समयमान का लाभ प्रदान किया जाना शिक्षक हित में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय माना जा रहा है। इस वेतनमान से प्रदेश के करीब डेढ़ लाख कर्मचारी को लाभ प्राप्त होगा। यह लाभप्रति माह 1 जुलाई 2023 से प्राप्त होगा। इस प्रस्ताव के कैबिनेट में आने पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता ने मंत्रालय पहुंचकर उनका पुष्प गुच्छ एवं मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया गया।

### सभी पुलिसकर्मी विशेष सशस्त्र बल और बालाघाट जिला पुलिस बल से संबंधित

# हॉक फोर्स के 61 जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन: नक्सलवाद के खात्मे के बाद डीजीपी ने दी मंजूरी, आरक्षक से सब इंस्पेक्टर तक प्रमोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के बाद पुलिस मुख्यालय ने हॉक फोर्स के जवानों को बड़ी सौगात दी है। पुलिस मुख्यालय ने नक्सल मुठभेड़ों में साहसिक भूमिका निभाने वाले 61 पुलिस कर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने का फैसला किया है। इनमें से 60 पुलिसकर्मियों को शीघ्र पदोन्नति दी जाएगी, जबकि एक पुलिसकर्मी का प्रमोशन लिफाफा बंद कर दिया गया है। ये सभी पुलिसकर्मी विशेष सशस्त्र बल और बालाघाट जिला पुलिस बल से संबंधित हैं।

इन जवानों को प्रतिबंधित माओवादी के जीआरबी डिविजन के मलाजखंड दलम के चार एरिया कमेटी सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराने के लिए पदोन्नति दी जा रही है। मारे गए नक्सलियों में रीता उर्फ तुब्बी श्रीरांगु हिडामी (पति चंदू उर्फ देवचंद), सुमन, इमला उर्फ तुलसी और रवि मडावी उर्फ बदरे को शामिल हैं। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सूचीबद्ध सभी पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने की कार्रवाई की जाएगी।

#### इन वर्ग के पुलिसकर्मियों को मिला ओटी

सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बने : सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन पाने वालों में बिपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह बिदूरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा और नर्वदेश श्रीवास्तव शामिल हैं। एएसआई से एसआई : मुनेंद्र सिंह को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। प्रधान आरक्षक से एएसआई बने ये जवान : प्रधान आरक्षक एसएएफ से सहायक उप निरीक्षक एसएएफ बनने वालों में रुद्री चंद्र जखमोला, अनिल सिंह भदोरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेंद्र धुर्वे, रविंद्र कुशवाह, हरेंद्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल और विकास कुमार राजपूत शामिल हैं। आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर प्रमोशन : एसएएफ के जिन जवानों को आरक्षक से प्रधान आरक्षक पद पर प्रमोट किया जाना तय हुआ है, उनमें मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेंद्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरि मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकालु, प्रवीण कुमार, असित यादव, राम आशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ, जितेंद्र सिंह पटेल, वीर सिंह, शकर चंद्र सरयाम, सुनील परिवार, चंद्रकांत पांडे, सत्यम द्विवेदी, सुनील यादव, देवराज कलमे, सुरेंद्र सिंह मार्को, सुशील उइके के नाम शामिल हैं।

#### *इन्हें भी मिला फायदा*

*इसके अलावा रामलाल भील, उमेश चंद्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, नरेंद्र सोनबे, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरुण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेंद्र सिंह, रवि कुमार यादव, छठु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी और संजू शर्मा को भी पदोन्नति दी जाएगी।*

#### *एक का प्रमोशन लिफाफा बंद*

*प्रधान आरक्षक संत कुमार धुर्वे के खिलाफ बालाघाट जिले के लांजी थाना क्षेत्र में प्रकरण दर्ज होने के चलते उनका पदोन्नति लिफाफा फिलहाल बंद कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि इन बहादुर जवानों की कार्रवाई से बालाघाट और आसपास के क्षेत्रों में नक्सल नेटवर्क को निर्णायक रूप से कमजोर किया गया है। यह प्रमोशन नक्सल विरोधी अभियानों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस बल का मनोबल बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।*

## पेज एक का शेष....

### सुप्रीम कोर्ट बोला:....

कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्ते प्रेमियों और उन्हें खाना खिलाने वालों को भी जिम्मेदार और जवाबदेह ठहराया जाएगा। गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट 7 नवंबर, 2025 के अपने उस आदेश में संशोधन की मांग करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें अधिकारियों को संस्थागत क्षेत्रों और सड़कों से इन आवारा जानवरों को हटाने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट पिछले साल 28 जुलाई को शुरू किए गए एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा है, जो राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से होने वाले रेबीज, विशेष रूप से बच्चों के बारे में एक मीडिया रिपोर्ट से संबंधित है।

### प्राइमरी और मिडिल...

रुपए वेतन पर वित्तीय भार आएगा। अभी तक इन शिक्षकों को 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर प्रथम, 24 वर्ष की सेवा पूरी करने पर द्वितीय, 30 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान मिलता था, किंतु अब चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत होने इन शिक्षकों को अतिरिक्त लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसमें प्राथमिक शिक्षकों की कुल संख्या 80,416 तथा माध्यमिक शिक्षकों की संख्या 29,950 को मिलाकर कुल 1,10,321 शिक्षकों को लाभ मिल सकेगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान 35 वर्ष की सेवा के बाद वर्ष 2033 एवं इसके पश्चात के वर्षो में देय होगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2032-33 तक में कोई वित्तीय भार नहीं आएगा। राज्य सरकार ने ग्वालियर व्यापार एवं उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला-2026 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50 % छूट दिए जाने की स्वीकृति दी गई है। इन दोनों जगहों पर होने वाले व्यापार मेले में मोटरयान कर में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी।

**कैबिनेट ने नई आबकारी नीति मंजूर के लिए कमेटी बनाई:** कैबिनेट की बैठक में वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति के निर्धारण के लिए कैबिनेट समिति गठन की स्वीकृति प्रदान की गई। यह कैबिनेट समिति अगले वित्तीय वर्ष के आबकारी मसौदे को मंजूरी देगी। अगले वित्तीय वर्ष में आबकारी से करीब 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की आय का मसौदा तैयार होना है। इसके लिए कैबिनेट समिति तय करेगी कि किस तरह से आबकारी नीति बनाई जाए कि लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

### मप्र स्पेसटेक नीति...

स्वीकृति दी। यह नीति उपग्रह निर्माण, भू स्थानिक विश्लेषण और डाउन स्ट्रीम अनुप्रयोगों में नवाचार को बढ़ावा देगी। प्रदेश में आगामी 5 वर्ष में एक हजार करोड़ का निवेश और लगभग 8 हजार युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस पर अनुमानित वित्तीय भार 628 करोड़ रुपए संभावित है। मप्र में इस नीति के लागू होने से अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी (स्पेसटेक) क्षेत्र में एक मजबूत केंद्र बनने की ओर अग्रसर होगा।

### मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना....

सुरक्षा एवं शहरी यातायात सुधार, शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, अन्य परियोजनाओं में गैप कवरेज से संबंधित कार्य, इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन ड्रेन तथा एसटीपी निर्माण संबंधी कार्य एवं राज्य शासन की प्राथमिकता के कार्य किए जा सकेंगे। योजना का क्रियान्वयन नगरीय निकायों की ओर से किया जाएगा।

### प्रदर्शनकारियों को ...

भेजी जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप ने हालांकि यह नहीं बताया कि किस तरह की मदद भेजी जाएगी लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि अमेरिका सैन्य कार्रवाई जैसी कोई बड़ा कदम उठा सकता है। ट्रंप के बयान ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। रूस ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि ईरान के खिलाफ किसी भी नए सैन्य कदम के विनाशकारी नतीजे होंगे। रूस के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को सख्त शब्दों में आगाह किया कि ईरान के खिलाफ नए सैन्य हमलों की धमकियां पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। बाहरी ताकतों द्वारा प्रेरित अशांति को बहाना बनाकर अगर फिर से हमला किया गया, तो इससे मध्य पूर्व और वैश्विक सुरक्षा पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। रूस ने इसे ईरान के आंतरिक मामलों में विध्वंसक हस्तक्षेप करार दिया।

### ट्रंप ने क्या ...

कैंसिल कर दी हैं। आपके लिए मदद भेजी जा रही है। ट्रंप ने इससे पहले कई बार तेहरान को सैन्य कार्रवाई की धमकी दी है कि अगर उन्हें पता चलता है कि ईरानी सरकार विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ घातक कार्रवाई कर रही है, तो वह ईरान में सेना भेज देंगे। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप ने अभी तक यह नहीं बताया कि उन्होंने जवाबी कार्रवाई के संबंध में कोई निर्णय लिया है या नहीं।

### युवक का कटा...

हैं। बट्टी सोमवार शाम को अपने पिता को लेने जा रहा था। इस दौरान वह गुरैया बायपास पर अचानक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। डॉ. मनन गोगिया ने बताया कि युवक की गर्दन में गहरी चोट आई है। वहां खून भी जमा हो गया था।' चाइनीज मांझे से हो रही मौतों को लेकर हाईकोर्ट ने सोमवार को सख्त रुख अपनाया था। कोर्ट ने निर्देश दिए कि चाइनीज मांझे से यदि किसी की मौत होती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

### टेलीग्राम पर फर्जी...

मिश्रा नामक आईडी से संपर्क हुआ, जिसने नौकरी के बारे में पूछा। इसके बाद पूजा श्री नामक आईडी से संदेश आया, जिसने खुद को ओबेरॉय रियल्टी से जुड़ा बताया। आरोपी ने ऑनलाइन प्रोजेक्ट पूरे करने पर अच्छा कमीशन देने का लालच दिया। शुरुआत में, आरोपियों ने एक लिंक के माध्यम से लॉगिन कराकर प्रोजेक्ट करने की प्रक्रिया समझाई और विश्वास दिलाने के लिए कुछ रकम व कमीशन पीड़ित के खाते में ट्रांसफर भी किया। विश्वास जमने के बाद, आरोपियों ने अलग-अलग बहानों से पैसे जमा करवाना शुरू कर दिया। झांसे में आकर प्रदीप साहू ने अपने खातों के साथ-साथ अपनी पत्नी के खाते और क्रेडिट कार्ड से भी बड़ी रकम ट्रांसफर कर दी। अंत में, जब आरोपियों ने 5 लाख रुपये और जमा करने की मांग की और ग्रुप डिलीट कर दिए, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पुलिस के अनुसार, टेलीग्राम आईडी से संपर्क करने वाले आरोपियों ने खुद को महक मिश्रा, पूजाश्री, महेश और सिमरन कौर बताया था।

### मैं अपनी राज्यसभा ....

कैसे हो सकती है। इसके लिए दिग्विजय सिंह ने बड़ी सभाएं करने की जगह पद यात्राएं और छोटी-छोटी सभा कर पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे। प्रदेश में विधानसभा के चुनाव 2028 में होने हैं। दिग्विजय सिंह उसके लिए सियासी भूमि तैयार कर रहे हैं। प्रदेश में राज्यसभा की कुल 11 सीटें हैं। इनमें से 3 पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि 8 पर भाजपा का। इस साल मध्य प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटें खाली हो रही हैं। 9 अप्रैल को कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसके साथ ही भाजपा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी का भी कार्यकाल इसी दिन पूरा हो रहा है। जबकि जून 2026 में जार्ज कुरियन का कार्यकाल पूरा होगा।

### सरकार्यवाह होसबाले से...

के सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय का दौरा करने के एक दिन बाद हुआ है। इस दल का नेतृत्व उसके अंतर्राष्ट्रीय विभाग की उप मंत्री सुन हैयान ने किया था। सोमवार को हुई बैठक में भाजपा की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय सरकार्यवाह अरुण सिंह ने चीनी नेताओं की मेजबानी की थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने भाजपा और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच आपसी संपर्क और संवाद को आगे बढ़ाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग भी उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जिसने सोमवार को भाजपा कार्यालय का दौरा किया था।

### जस्टिस नागरत्ना :....

बीवी नागरत्ना ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए असांविधानिक है। इसे निरस्त किया जाना चाहिए। वहीं, पूर्व स्वीकृति अनिवार्य होने पर सवाल खड़े करते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ये शर्त भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की भावनाओं के खिलाफ है। इससे जांच बाधित होती है। कानून के ऐसी धाराओं से भ्रष्ट लोगों को संरक्षण मिलता है। हालांकि, इस खंडपीठ में शामिल एक अन्य न्यायमूर्ति ने कानून की इस धारा को सांविधानिक बताया।

न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने लिखा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए संवैधानिक प्रावधान है। कानून के इस प्रावधान से ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा होती है, जिस पर जोर दिया जाना आवश्यक है।

## इंडिगो की 'सेल इंटू 2026' शुरू:1,499 में हवाई यात्रा

नई दिल्ली। साल 2026 में यात्रा की योजना बना रहे यात्रियों के लिए इंडिगो एयरलाइंस धमाकेदार ऑफर लेकर आई है। कंपनी ने अपनी 'सेल इंटू 2026' की घोषणा की है, जिसमें घरेलू उड़ानों का किराया मात्र 1,499 और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का 4,499 रुपए से शुरू हो रहा है। यह सेल 13 से 16 जनवरी तक बुकिंग के लिए खुली है। यात्री 20 जनवरी से 30 अप्रैल के बीच यात्रा करने के लिए टिकट बुक कर सकते हैं। ऑफर का लाभ लेने के लिए यात्रा से कम से कम 7 दिन पहले बुकिंग अनिवार्य है। प्रीमियम अनुभव चाहने वालों के लिए 'इंडिगो स्ट्रेच' का किराया 9,999 रुपए से शुरू है।

**आम सूचना**
**(नाम परिवर्तन के सम्बंध में)**

मैं, कपिल देव यादव पुत्र श्री कमला भरत यादव आयु वयस्क, निवासी- बुधीराम मास्तर चाल, जयहिन्द नगर, खार पूर्व मुम्बई सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र यादव रितेश कपिल देव है, परन्तु त्रुटिवश पुत्र का नाम उसके आधार कार्ड में रितेश कपिल देव यादव अंकित हो गया है, जिसे मेरे द्वारा संशोधित कराया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म शासकीय अर्धशासकीय कार्यालय आदि को कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे निम्नलिखित पते पर आपत्ति सहित आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत करे। अन्यथा समयावधि पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **कपिल देव यादव**
पुत्र श्री कमला भरत यादव
निवासी- बुधीराम मास्तर चाल,
जयहिन्द नगर, खार पूर्व मुम्बई

**बरकतउल्ला विश्वविद्यालय**
होशंगाबाद रोड, भोपाल- 462026
E-mail : budrstore2015@gmail.com
Website : www.bubhopal.ac.in, Ph. 0755-2517062
क्रमांक 4163 /भण्डार/2026 भोपाल दिनांक : 13.01.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विभिन्न विभागों एवं कक्षों के लिए पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर जार क्रय की ई-निविदा क्रमांक 365/भण्डार/2026 दिनांक 05.01.2026 जारी की गई है। जिसमें निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक 27.01.2026 है। संबंधित संपूर्ण जानकारी एम.पी. टेण्डर तथा सामान्य जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेबसाइट **www.bubhopal.ac.in** पर भी उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/123962/2026 कुलसचिव

**संचालनालय**
**खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **'म.प्र. राज्य खेल अकादमियों के खिलाड़ियों एवं खेल प्रतियोगिताओं/प्रशिक्षण के दौरान लगने वाली जूडो, कुश्ती, ताईक्वाडो एवं बॉक्सिंग खेल सामग्री/उपकरण क्रय हेतु'** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि जिसे कि कार्य का अनुभव हो, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/123960/2026 संचालक

**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल की कॉलोनी अशोका गार्डन भोपाल के भूखण्ड क्र. ए-279, बी-184 एवं 193 हेतु दैनिक भास्कर दिनांक 5.11.2025 को एवं भूखण्ड क्र. एच.आई.जी. 03 ए-सेक्टर सोनागिरी भोपाल व भूखण्ड क्र. एच.आई.जी. 02 सतलापुर मण्डीदीप जिला रायसेन हेतु दिनांक 12.11.2025 को एक सार्वजनिक सूचना भूखण्डो के मालीकाना हक/आवंटन संबंधी दस्तावेज दिनांक 30.11.2025 तक प्रस्तुत करने हेतु मण्डल द्वारा प्रकाशित कराई गई थी। प्रकाशित कराई गई सार्वजनिक सूचना के परिपेक्ष्य में निर्धारित अवधि तक वैध दस्तावेजों के साथ कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। अतएव मण्डल द्वारा पुन: सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन कराकर आपत्ति आमंत्रित की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था के पास इन भूखण्डों के मालीकाना हक/आवंटन संबंधी वैध दस्तावेज है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से दिनांक 31.01.2026 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मूल एवं वैध दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति/दावेदारी प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निर्धारित अवधि के उपरांत इन रिक्त भूखण्डो को ऑफर के माध्यम से विक्रय करने हेतु मण्डल स्वतंत्र रहेगा। दिनांक 31.01.2026 के उपरांत किसी भी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मण्डल उक्त संपत्तियों को विक्रय करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। भूखण्डो का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | कॉलोनी का नाम | सेक्टर | भूखण्ड क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 1. | अशोका गार्डन | "ए" | 279 |
| 2. | अशोका गार्डन | "बी" | 184 एवं 193 |
| 3. | सोनागिरी भोपाल | "ए" | एच.आई.जी. 03 |
| 4. | सतलापुर मण्डीदीप जिला रायसेन | "ए" | एच.आई.जी. 02 |

Visit us . www.mphousing.in  /mphidb  /mphidb
(राजेश शुक्ला), संपदा अधिकारी
प्रक्षेत्र-2 भोपाल, मो. 9425012768
म.प्र. माध्यम/123971/2026

Phone No. 07578-292027 Fax No. 07578-299441

**कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER**
**छावनी परिषद पचमढ़ी**
**MINISTRY OF DEFENCE, GOVERNMENT OF INDIA**

क्रमांक 40/पी.डब्लू./ शॉप/3239 दिनॉक :- 12/01/2026

**ई-टेण्डर**

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा छावनी क्षेत्र में स्थित दुकान की निविदा पाँच वर्ष हेतु टेण्डर e-procurement ई-प्रिक्योरमेन्ट पोर्टल पर आमंत्रित किये जाते हैं। कार्य संबंधी समस्त विवरण छावनी परिषद की साईट pachmarhi.cantt.gov.in तथा defproc.gov.in पर उपलब्ध हैं।

| क्र. | दुकानो का विवरण | अमानत राशि | दुकानों की संख्या | दुकान क्रमांक | न्यूनतम राशि (प्रतिमाह) | ई-टेण्डर प्रकाशन तिथि | तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | आरक्षित दुकानो की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्ट 32 दुकान अरविन्द मार्ग | 10000.00 | 12 | सी-1,सी-2,सी-3 सी-4,सी-5,सी-6 सी-7,सी-8,सी-9 सी-15,ए-10, ए-11 | द्वितिय तल की दुकान सब्जी मंडी साईड-रू. 1000.00 द्वितिय तल की दुकान अरविन्द रोड साईड- रू. 4000.00 | 14/01/2026 | 03/02/2026 के 17:00 बजे तक | एस.सी.- दुकान क्र. ए-11 |
| 2 | केन्ट न्यू मार्केट, पिपरिया मार्ग | 10000.00 | 02 | 19,20 | रू. 1000.00 | 16/01/2026 | 05/02/2026 के 17 00 बजे तक | - |
| 3 | केन्ट पटेल रोड मार्केट, | 10000.00 | 01 | 03 | रू. 1000.00 | 16/01/2026 | 05/02/2026 के 17 00 बजे तक | - |
| 4 | केन्ट जटाशंकर मार्केट, जयप्रकाश मार्ग | 10000.00 | 05 | 08,15,16,17,19 | रू. 1000.00 | 16/01/2026 | 05/02/2026 के 17 00 बजे तक | - |

राहुल गजभिये, भा.र.सं. से.
मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद पचमढ़ी

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है  खरीदना है  बेचना है  व्यापार  चिकित्सा  ज्योतिष  डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 04/12/25 to 17/01/26

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज



Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**ज्योतिष**

बाबा गुलशन बंगाली, प्रेम विवाह, वशीकरण, प्यार में धोखा, सौतन दुश्मन छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, गृहक्लेश, रूठो को मनाना, संतान प्राप्ति, गड़ाधन, सभी समस्याओं का समाधान- 8535014597
RAI- 13 to 16/01/2026

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै रम्बो बाई पत्नी राम प्रसाद आयु 44 वर्ष, पता ग्राम सतकुंडा, पोस्ट खरबाई, तहसील रायसेन, गोपीसुर, सतकुण्डा, रायसेन, खारवे म.प्र. 464551 की होकर सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि त्रुटीवश मेरा नाम रेमिया बाई अंकित हो गया है।, अब से मुझे मेरे नये नाम रम्बो बाई से जाना और पहचाना जायेगा। मेरे सभी अधिकारिक और व्यक्तिगत दस्तावेजो मे अब यही नाम मान्य होगा।, यह परिवर्तन स्वेच्छा से और बिना किसी दवाब के किया गया है।, आधार कार्ड पर अंकित नाम : रेमिया बाई, नया नाम :: रम्बो बाई

**नाम परिवर्तन**

मैं शशांक अग्रवाल पुत्र श्री बृजेश कुमार अग्रवाल निवासी शंकर नगर 30 पांढुरना मध्य प्रदेश पिन कोड 480334 का दसवीं की मार्कशीट में पिता का नाम बृजेश अग्रवाल लिखा गया है जबकि मेरा सही नाम शशांक अग्रवाल पुत्र श्री बृजेश कुमार अग्रवाल है और उसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुनिया बाई पत्नी राम प्रसाद आयु 44 वर्ष, पता ग्राम सतकुंडा, पोस्ट खरबाई, तहसील रायसेन, गोपीसुर, सतकुण्डा, रायसेन, खारवे म.प्र. 464551 की होकर सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि वृटीवश मेरा नाम मांगी बाई अंकित हो गया है।, अब से मुझे मेरे नये नाम मुनिया बाई से जाना और पहचाना जायेगा। मेरे सभी अधिकारिक और व्यक्तिगत दस्तावेजो मे अब यही नाम मान्य होगा।, यह परिवर्तन स्वेच्छा से और बिना किसी दवाब के किया गया है।, आधार कार्ड पर अंकित नाम- मांगी बाई, नया नाम - मुनिया बाई

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6108



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-6107 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

## सूडोकु नवताल- 6118

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# मंडी सहित हाट-बाजार में विभिन्न तरह की सब्जियों की बहार, रसोई का बजट थोड़ा घटा

## इन दिनों काफी मात्रा में शहर के हाट-बाजारों के साथ हर चौक चौराहे पर साग-सब्जियां उपलब्ध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के करोंद थोक सब्जी मंडी सहित हाट-बाजारों में वर्तमान में विभिन्न तरह की सब्जियों की बहार है। विभिन्न प्रकार की सीजनली सब्जियों के साथ साग की जबरदस्त आवक होने से सब्जियों के दाम में भी भारी कम दर्ज है। तो भाव काफी कम होने से सब्जियां सभी की थाली में उपलब्ध हो रही है।

60 रुपए किलो मिलने वाला टमाटर इन दिनों 30 से 40 रुपए किलो बिक रहा है। सब्जियों में खास स्थान रखने वाला आलू 12 से 15 रुपए किलो तक बिक रहा है। टमाटर हो या मटर, फूलगोभी हो या बंधा गोभी या विभिन्न तरह के साग इन दिनों काफी मात्रा में शहर के हाट-बाजारों के साथ हर चौक - चौराहे पर उपलब्ध है। इसके अलावा मौसमी फल भी सस्ते दरों पर उपलब्ध हैं। खासकर संतरा, अमरूद एवं सेब के भाव अन्य दिनों की अपेक्षा काफी सस्ते दामों में मिल रहे हैं।



सब्जियां

### बथुआ, मेथी, सरसों, पालक, लाल भाजी सहित बूट साग भी काफी बिक रहे

सब्जी विक्रेताओं के अनुसार इन दिनों बाजारों में सभी तरह की सब्जियां काफी सस्ते दरों पर उपलब्ध हैं, जिससे हर किसी की थाली में यह अपनी पहुंच बनाए हुआ है। गोभी 30 से 40 रुपए किलो, पत्ता गोभी 20 से 30 रुपए, मटरफली 40 से 40 रुपए किलो, लोकल सेम 40 रुपए किलो, मूली 10 से 20 रुपए किलो, हरी मिर्च 40 रुपए किलो, गाजर 20 से 30 रुपए किलो बिक रहा है। वहीं इन दिनों विभिन्न तरह के साग बाजार में उपलब्ध हैं, जो स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक हैं। बथुआ, मेथी, सरसो, पालक, लाल भाजी सहित बूट साग भी काफी बिक रहे हैं।

### आलू का दम निकल, मंडियों में आलू के दाम गिरे

सीजन की शुरुआत में ही आलू का दम निकल रहा है। राजधानी भोपाल मंडी सहित मध्यप्रदेश की सहित सभी राज्यों की मंडियों में आलू के दाम धड़ाम से गिर गए हैं। भाव इतने नीचे आ चुके हैं कि किसानों की लागत भी नहीं निकल पा रही है। जानकारों का कहना है कि आलू की कीमतों में तेज गिरावट की मुख्य वजह यह है कि पिछले साल का आलू स्टॉक अभी भी बड़ी मात्रा में कोल्ड स्टोरेज में बचा हुआ है। दूसरा कारण यह है कि अनुकूल मौसम से इस साल भी आलू की बंपर पैदावार की उम्मीद है। मंडी स्थित मो.सलीम एकेएस के अनुसार इस महीने आलू के दाम में नरमी बनी है। मध्य प्रदेश मंडी में भाव 500-1,400 रुपए से घटकर 300-900 रुपए और मंडियों में 800-1,400 रुपए से घटकर 300-900 रुपये पर आ गए हैं।

### मंडियों में भाव घटने से खुदरा बाजार में भाव कम हुए

आलू के दूसरे बडे उत्पादक राज्य पश्चिम बंगाल की कोलकाता मंडी में दाम 1,500-1,550 रुपए से घटकर 1,100-1,200 रुपए प्रति क्विंटल रह गए हैं। मंडियों में भाव घटने से खुदरा बाजार में भी भाव कम हुए हैं। पिछले महीने 20 से 25 रुपये किलो बिकने वाला आलू अब 13 से 20 रुपए किलो बिक रहा है। साथ ही नए आलू की आवक भी हो रही है जिससे आलू सस्ता हो रहा है। आलू जो चिप्स कंपनियां लेती हैं थोक भाव 8 रुपए किलो मध्य प्रदेश कोल्ड स्टोर संघ के अध्यक्ष हसमुख जैन ने कहा कि नवंबर में खाली होने वाले स्टोर के 15 जनवरी तक खाली होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### छात्रों के लिए स्मार्ट टर्म प्लान प्लस की पेशकश

**नई दिल्ली।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने छात्रों के लिए स्मार्ट टर्म प्लान प्लस की पेशकश की है। इस टर्म प्लान से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे युवा 2 करोड़ रुपए तक का लाइफ कवर प्राप्त कर सकेंगे। यह कमाई नहीं कर रहे लोगों को आमतौर पर मिलने वाली लिमिट से कहीं ज्यादा है। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड प्रोडक्ट मैनेजमेंट एंड ई-कॉमर्स चैनल वैभव कुमार ने कहाकि 2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को साकार करने के लिए हमें प्रोटेक्शन नेट को नए उभरते सेगमेंट तक विस्तार देना होगा।

### सॉल्व फॉर टुमौरो ने दी युवा इनोवेटर्स को नई दिशा

**नई दिल्ली।** सैमसंग के फ्लैगशिप सीएसआर प्रोग्राम 'सैमसंग सॉल्व फॉर टुमौरो 2025' ने आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर देशभर के हजारों छात्रों को एक चुनौती दी। विषय था स्वास्थ्य, स्वच्छता और वेलबीइंग का भविष्य, जिसके तहत उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित और इंसान को केंद्र में रखने वाले समाधान तैयार करने थे। इनका उद्देश्य स्वच्छता, साफ-सफाई, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य जैसी चुनौतियों का हल निकालना था ताकि बेहतर स्वास्थ्य केवल कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सबका हक बने।

### टर्म इंश्योरेंस भारतीयों के लिए वित्तीय सुरक्षा की नींव

**नई दिल्ली।** टर्म लाइफ इंश्योरेंस परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। अगर घर के कमाने वाले व्यक्ति के साथ कोई अनहोनी हो जाती है, या फिर असमय उसकी मौत हो जाती है तो यह इंश्योरेंस उसके पीछे छूटे परिवार को वह वित्तीय मदद देता है जिसकी उन्हें सख्त जरूरत होती है। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (आईएसी-लाइफ) के एक सदस्य ने कहाकि जैसे-जैसे परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ती हैं, टर्म इंश्योरेंस लेना दिखावा नहीं बल्कि एक जरूरत बन जाता है।

### ब्लेंडर्स प्राइड जेनिथ ब्लैक एडिशन लांच

**नई दिल्ली।** ब्रांड ब्लेंडर्स प्राइड ने ब्लेंडर्स प्राइड ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन के लांच की घोषणा की है। यह एक लिमिटेड-एडिशन पेशकश है, जो बोल्ड ब्लैक सौंदर्य को ब्लेंडर्स प्राइड के आइकॉनिक ब्लेंड के साथ जोड़कर एक वास्तव में विशिष्ट अनुभव प्रस्तुत करती है। लग्जरी की दुनिया में ब्लैक सिर्फ एक रंग से कहीं अधिक है। यह एक एटीट्यूड, सोफिस्टिकेशन और पॉवर का प्रतीक है। लंबे समय से ब्लेंडर्स प्राइड से जुड़ा ब्लैक अब एक इनोवेटिव डिजाइन एक्सप्रेशन के रूप में केंद्र में आता है।

## चांदी ने फिर तोड़ा रिकॉर्ड कीमत 2.70 लाख रुपए के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

निवेश की दुनिया में इस समय सफेद धातु यानी चांदी 'सुपरसोनिक' रफ्तार से दौड़ रही है। चांदी ने सर्राफा बाजार ने एक ऐसा इतिहास रचा, जिसकी कल्पना कुछ समय पहले तक नामुमकिन थी। मंगलवार को कारोबार शुरू होते ही मल्टी कमोडिटि एक्सचेंज पर चांदी ने 1,920 की जबरदस्त बढ़त के साथ 2,70,890 प्रति किलोग्राम खुली और 2,72,202 रुपए प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि मात्र पिछले 12 दिनों के भीतर ही चांदी की चमक 12 फीसदी से ज्यादा बढ़ चुकी है, जिससे निवेशकों की संपत्ति में प्रति किलो 29,000 का इजाफा हुआ है।

## चांदी की 'महा-छलांग', जनवरी में ही 3 लाख तक जा सकती है कीमत

### जनवरी खत्म होने से पहले ही चांदी कर सकती है जादुई आंकड़ा पार


फाइल फोटो

बाजार जानकार आनंद सोनी के अनुसार यदि यही ट्रेंड जारी रहा, तो जनवरी खत्म होने से पहले ही चांदी 3 लाख रुपए प्रति किलो का जादुई आंकड़ा पार कर सकती है। हालांकि विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि बाजार में जोखिम भी अधिक है। इसलिए, आम निवेशकों को एक साथ सारा पैसा लगाने के बजाय 'सिस्टमैटिक' तरीके (टुकड़ों में) से खरीदारी करने की सलाह दी गई है।

### चांदी की कीमतों में 'विस्फोट' के पीछे पांच कारण

बाजार जानकारों के अनुसार चांदी में इस 'विस्फोटक' तेजी के पीछे के पांच कारण है। पहला कारण चीन की 'घेराबंदी' दुनिया के प्रमुख उत्पादक चीन ने चांदी के निर्यात पर कड़े लाइसेंसिंग नियम लागू कर दिए हैं। बाजार में सप्लाई अचानक घटने से हड़कंप मचा हुआ है। दूसरा कारण ग्रीन एनर्जी की भूख- सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के निर्माण में चांदी अनिवार्य है। एक अकेले सोलर पैनल में करीब 20 ग्राम चांदी लगती है। बढ़ती मांग ने कीमतों को हवा दे दी है। तीसरा कारण ईरान संकट और युद्ध का डर- मध्य-पूर्व (मिडल ईस्ट) में बढ़ता तनाव और ईरान की अस्थिरता के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोने-चांदी की शरण ले रहे हैं। चौथा कारण टूटता डॉलर- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने विदेशी खरीदारों के लिए चांदी को और अधिक लुभावना बना दिया है। जबकि पांचवां कारण ब्याज दरों का गणित है- अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा भविष्य में ब्याज दरों में कटौती के संकेतों ने बुलियन मार्केट में जोश भर दिया है। यहीं पांच वैश्विक कारण हैं जिसने चांदी की कीमतों को रॉकेट बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहे है।

## भारत वैश्विक विनिर्माण शक्ति के रूप में एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा : सीआईआई अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीआईआई के अध्यक्ष ऋषि बागला ने महाराष्ट्र में आयोजित सीआईआई नेतृत्व सम्मेलन में क्षेत्रीय और क्षेत्रीय उत्कृष्टता के माध्यम से भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को गति देना विषय पर संबोधित किया।

सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र के अध्यक्ष ऋषि कुमार बागला ने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण शक्ति के रूप में एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, जिसमें छत्रपति संभाजीनगर और एयूआरआईसी पारिस्थितिकी तंत्र इस परिवर्तन के प्रमुख चालक के रूप में उभर रहे हैं।

भारत के आर्थिक भविष्य को आकार देने वाली सबसे प्रभावशाली शक्ति के रूप में




इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, मजबूत ऑटोमोटिव विरासत और एकीकृत एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र इसे ईवी विनिर्माण और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के लिए एक राष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करता है। बागला ने एमएसएमई को बड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करने, समृद्धि महामार्ग और जालना शुष्क बंदरगाह के माध्यम से कनेक्टिविटी का लाभ उठाने और 'चीन प्लस वन' रणनीतियों के तहत वैश्विक निवेश आकर्षित करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने नीतिगत वकालत, कौशल विकास, स्थिरता और प्रौद्योगिकी साझेदारी के माध्यम से भारत के ईवी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, ताकि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार औद्योगिक आधार का निर्माण किया जा सके।

**कार्यालय नगर पंचायत लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
cmolawan@gmail.com

क्रमांक / 219/ लोनिवि / नं.प. / 2025-26 लवन, दिनांक 12/01/2026

**संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (चतुर्थ निविदा)**

नगर पंचायत लवन द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम क्षेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिसमें निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानसार संशोधन किया जाता हैं :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 182017 | Desing, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewge Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Lawan under SBM 2.0 | 245.74 लाख | दिनांक 23.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे तक | दिनांक 29.01.2026 समय- शाम 4.00 बजे तक | दिनांक 29.01.2026 समय- शाम 5.00 बजे से |

नोट:- 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत लवन
जि.बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

*"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"*

### एलेस्को सर्जीफार्मा की निदेशक इशिता 'बेस्ट यंग एंटरप्रेन्योर' में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित

**भोपाल।** एमपी स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवॉर्ड 2026 में एलेस्को सर्जीफार्मा प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक इशिता मोदी को बेस्ट यंग एंटरप्रेन्योर 2026 श्रेणी के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव आईएएस अनुराग जैन, एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप, उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव सहित एमएसएमई एवं स्टार्टअप विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इशिता मोदी को यह पुरस्कार उनके स्टार्टअप एलेस्को सर्जीफार्मा प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रदान किया गया, जो मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक नाइट्राइल ग्लव्स निर्माण इकाई है। यह इकाई 100 फीसदी आयात-प्रतिस्थापन आधारित है और देश में स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण उत्पादों के स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा दे रही है।



### आयकर व जीएसटी के बाद एक और टैक्स कम होने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बजट 2026 की तारीख नजदीक आते ही बजट को लेकर कई तरह के अनुमान सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में खबर आई है कि सरकार, शेयर बाजार में निवेश व कारोबार करने वालों को एक बड़ी राहत दे सकती है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार सरकार शेयर बाजार में फंड का स्थिर फ्लो सुनिश्चित करने के लिए विकल्पों पर विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार इसके लिए कैश सेगमेंट में एसटीटी कम करने पर विचार किया जा रहा है। एसटीटी यानी सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स, एक प्रकार का कर है,जो शेयर बाजार में ट्रेड करने पर लगाया जाता है। आइये आपको बताते हैं फिलहाल शेयर खरीदने पर कितना एसटीटी लगता है। सूत्रों की मानें तो सरकार शेयर बाजार में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए कुछ विकल्पों पर विचार कर रही है। इसके तहत सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स को कम किया जा सकता है। सरकार, पेंशन और एंडॉमेंट फंड्स इन्वेस्टमेंट्स के लिए टैक्स फ्री स्टेट्स पर भी विचार कर रही है।




### योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 बड़ा वैन्यू, आयोजन 18 तक

**नई दिल्ली।** योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 का इसी वेन्यू पर बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट, योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 का आयोजन 13 से 18 जनवरी 2026 तक होगा। यह टूर्नामेंट प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए एक ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा। इस बार मुकाबले इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बड़े मल्टी-पर्पज हॉल में होंगे, जिससे दर्शकों को पहले की तुलना में कहीं बड़ा और बेहतर टूर्नामेंट देखने का अनुभव मिलेगा। हर साल की तरह इस संस्करण में भी दुनिया के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें चीन के विश्व चैंपियन शी यू ची, महिला विश्व नंबर-1 आन से यंग और बीडब्ल्यूएफ वल्ड टूर फाइनल्स चैंपियन क्रिस्टो पोपोव शामिल हैं।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**इंडियन बैंक**
**कोतवाली रोड शाखा, भोपाल**

**अनुच्छेद - IV { नियम-8 (1) } कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

यथतः **इंडियन बैंक, कोतवाली रोड शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 की धारा 13 (12) के नियम 3 के साथ प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग करते हुए दिनांक **06.10.2025** को निम्नवर्णित देनदारों तथा जमानतदारों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसमें उन्हें नोटिस में अंकित राशि एवं उस पर ब्याज की राशि को नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने हेतु निर्देशित किया गया है।

सहऋणी/कानूनीउत्तराधिकारी/बंधककर्ता ऋण चुकाने में असफल रहे है, अतः उधारकर्ताओं एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** दिनांक **12/01/2026** को ले लिया है।

सहऋणी/कानूनीउत्तराधिकारी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **इंडियन बैंक कोतवाली रोड, भोपाल** के अधीन होगा। सहऋणी/कानूनीउत्तराधिकारी/बंधककर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में सरफेसी अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /जमानतदार का नाम | बकाया राशि | चल / अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| 1.**श्रीमती आकृति जैन** (ऋणी / बंधककर्ता) 2.**श्री सौरभ जैन** (सहऋणी / बंधककर्ता) | ₹ **4,18,392.86/-** + दिनांक 29.06.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्च | **संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी मकान पर निर्मित मकान नं. ई.डब्ल्यू.एस. 364, फेस-5, भाग 2, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, अयोध्या नगर, भोपाल (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल- 41.00 वर्गमीटर** संपत्ति मालिक- श्रीमती आकृति जैन (ऋणी एवं बंधककर्ता) श्री सौरभ जैन (सहऋणी एवं बंधककर्ता) चर्तुसीमाएं- पूर्व-ईडब्ल्यूएस मकान नं. 269, पश्चिम-रोड, उत्तर-खुली भूमि, दक्षिण-ईडब्ल्यूएस मकान नं. 365 |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 12/01/2026 प्राधिकृत अधिकारी, (इंडियन बैंक)

## बिजनेस न्यूज

### एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन को मिला मप्र का सर्वश्रेष्ठ इनक्यूबेटर सम्मान



**भोपाल।** एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन को मध्यप्रदेश स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवॉर्ड्स 2026 में प्रदेश के 100 से अधिक इनक्यूबेटर्स के बीच "सर्वश्रेष्ठ इनक्यूबेटर " के प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप द्वारा एआईसी-आरएनटीयू फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रोनाल्ड फर्नांडिस को प्रदान किया गया। समिट के दौरान कीनोट सत्र, स्टार्टअप पिच प्रतियोगिताएं, नेटवर्किंग सत्र तथा इकोसिस्टम अवॉड्र्स आयोजित किए गए। इस मंच पर क्लीनटेक, एयरोस्पेस, सॉफ्टवेयर एवं उन्नत तकनीक जैसे विविध क्षेत्रों में नवाचार को प्रोत्साहन दिया गया।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में फॉर्मेसी छात्रों के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित




**भोपाल।** स्कूल ऑफ फार्मेसी, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी द्वारा बी. फार्मा प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक आंतरिक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. शैलेश जैन, प्रोफेसर, स्कूल ऑफ फार्मेसी, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एके सिंघई, निदेशक, स्कूल ऑफ फार्मेसी एवं डीन एकेडमिक्स द्वारा स्वागत भाषण एवं पौधारोपण के साथ किया गया। अपने व्याख्यान में डॉ. शैलेश जैन ने फार्मेसी क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों, प्रोफेशनल ग्रोथ एवं अपने अनुभवों को साझा किया, जिससे विद्यार्थी प्रेरित हुए। इस व्याख्यान में संकाय सदस्यों सहित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सहभागिता की और फार्मेसी क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### महर्षि ज्ञान युग दिवस :सुमधुर स्वरों से चेतना की शुद्धता : गिरीश



**भोपाल।** महर्षि ज्ञान युग दिवस के दूसरे दिन स्वर लहरियों के माध्यम से भजनामृत का सुमधुर आयोजन किया गया, जिसमें महर्षि महेश योगी के आदरांजलि में स्वर लहरियों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गईं। ज्ञान युग दिवस पूर्णता समारोह के अपने संदेश में महर्षि महेश योगी संस्थान के प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश ने कहा कि सुमधुर स्वरों के गायन एवं श्रवण से चेतना की शुद्धता होती है जिससे अपने अभीष्ट, अपने आराध्य की प्राप्ति की जा सकती है। इस दौरान महर्षि किड्स होम अयोध्या नगर की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे खूब सराहना मिली। बाल सुलभ बालिकाओं के नृत्य की प्रस्तुति वेशभूषा से लेकर भाव भंगमियों की शानदार प्रस्तुति रही जिससे संपूर्ण महर्षि उत्सव भवन में आदरांजली का समा बांधकर झकझोर कर रख दिया। इसके पश्चात महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय तिरंगा की छात्राओं ने भगवान शिव की स्तुति पूर्ण प्रस्तुति की जो अपना स्पष्ट संदेश छोड़ पाने में पूरी तरह सफल रही। वेशभूषा की दृष्टि से इस प्रस्तुति में उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। इसके बाद सुप्रसिद्ध गायक एवं संगीतकार पंडित जितेंद्र सिंह ने तुलसी तुलसी सब करें के बोल पर भजन की शानदार प्रस्तुति देकर पूरे महर्षि उत्सव भवन को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई। इस दो दिवसीय ज्ञान युग दिवस समारोह का आयोजन भोपाल के छान स्थित स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती आश्रम के महर्षि उत्सव भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह, महर्षि विश्व शांति आंदोलन एवं महर्षि विश्व विद्यापीठम द्वारा संयुक्त संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

### केनरा बैंक के साथ एनबीएसएल भीम सर्विसेज ने की साझेदारी



**भोपाल।** केनरा बैंक के साथ एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने साझेदारी की है, जिसके तहत बैंक के भुगतान एप केनरा एआई 1 पे पर यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान सक्षम किए जाएंगे। इस साझेदारी से केनरा बैंक के ग्राहकों और गैर-ग्राहकों दोनों के लिए सुरक्षित और स्केलेबल डिजिटल भुगतान की सुविधा और मजबूत होगी। यह सहयोग भीम के बैंक प्लग-इन क्षमताओं का उपयोग करता है, जिसके माध्यम से केनरा बैंक के एप पर यूपीआई सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे अनुपालन, विश्वसनीयता और सिस्टम स्केलेबिलिटी सुनिश्चित करते हुए नए यूपीआई फीचर्स को तेजी से अपनाया जा सकेगा। इस सहयोग के माध्यम से केनरा बैंक को भीम पेमेंट्स ऐप के तहत लांच किए जाने वाले नवीनतम यूपीआई फीचर्स और अपग्रेड्स तक पहुंच मिलेगी। यह इंटीग्रेशन बेहतर सुरक्षा, संचालनात्मक मजबूती और स्केलेबिलिटी को समर्थन देता है, साथ ही एक स्वतंत्र यूपीआई इंटरफेस के विकास, रखरखाव और नियमित अपग्रेड में लगने वाली लागत और संसाधनों को कम करने में भी मदद करता है।

### इंडियन ऑयल और मारुति सुजुकी के बीच समझौता



**भोपाल।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने देश की अग्रणी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहयोग का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करना और इंडियन ऑयल के ईंधन स्टेशनों पर वैल्यू-एडेड सेवाओं का विस्तार करना है। इस एमओयू के अंतर्गत, देशभर में चयनित इंडियन ऑयल फ्यूल स्टेशनों पर मारुति सुजुकी की अधिकृत सर्विस सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। इंडियन ऑयल अपने 41,000 से अधिक फ्यूल स्टेशनों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से इस सहयोग को सशक्त बनाएगा। यह पहल न केवल मारुति सुजुकी के मौजूदा 5,780 से अधिक सर्विस टचपॉइंट्स को मजबूती देगी, बल्कि वाहन मालिकों को एक ही स्थान पर ईंधन और वाहन देखभाल सेवाएं उपलब्ध कराकर 'वन-स्टॉप सॉल्यूशन' की अवधारणा को भी साकार करेगी।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Acclerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building,7th Floor,
Plot P-6,7,8,Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email,: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**
**सार्वजनिक सूचना**
**(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)**

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1713 दिनांक :-06/01/2026

**संदर्भ:**

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की थारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (4) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC0375723 | U45200MP2012PTC028583 | शुभ-लाभ देवबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB9693313 | U74999MP2018OPC046187 | पेवस्टोन इंडिया इलेक्ट्रिकल्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC0919139 | U63030MP2021PTC058450 | रेवा मिलेनियल प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB9340515 | U47912MP2024PTC073948 | राइनराइज सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे है या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अत: कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना /अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0593/2526

## चिंतन

# डिलीवरी बॉयज की सुरक्षा को प्राथमिकता दें कंपनियां

इटर्नल के स्वामित्व वाली इकाई ब्लिंकिट ने पहले दावा किया था कि वह 10 मिनट में सामान पहुंचाएगी। अब कंपनी ने डिलीवरी कर्मियों के कल्याण से जुड़ी बढ़ती चिंताओं के बीच सभी मंच से अपना '10 मिनट में' डिलीवरी का दावा हटा लिया है। कंपनी ने अपनी टैग-लाइन को 10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद पहुंचेंगे से बदलकर अब 30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर पहुंचेंगे कर दिया है। हालांकि यह फैसला कर्मचारियों की हड़ताल और केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद लिया गया है। सरकार डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित थी। चूंकि 10 मिनट में डिलीवरी से राइडर्स की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा था। इतने कम समय में सामान डिलीवर करने के लिए उन्हें तेज रफ्तार से बाइक चलानी होती है। इससे सड़क हादसों के कारण उनकी जान को खतरा हो रहा था। इसके अलावा उपभोक्ता से मिले ओटीपी के बाद ही उनका सामान डिलीवर माना जाता है। समय पर डिलीवरी न होने से राइडर्स की रैंक प्रभावित होती है। उत्तर भारत में जारी भीषण सर्दी और कोहरे के बीच ब्लिंकिट के फैसले से हजारों डिलीवरी बॉयज को बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि इस समय भीषण ठंड के कारण लोग घरों से बाहर निकलना ठीक नहीं समझते। ऐसे में वे घर का सामान ऑनलाइन मंचों से अधिक मंगाते हैं। इसके कारण डिलीवरी बॉयज पर समय पर सामान पहुंचाने की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इतना कम समय होने के कारण सुबह-शाम ऑफिस के समय और रात को गिग वर्कर्स को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में कर्मचरियों पर भारी दबाव था, क्योंकि समय पर डिलीवरी नहीं होने से कर्मचरियों की परफॉर्मेंस प्रभावित होती थी। उन्हें अच्छी रैंक तभी मिलती थी, जब वे समय पर डिलीवरी कर उपभोक्ता के मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को कंपनी के एप पर सेंड करते थे। ब्लिंकिट के बाद अब स्विगी और जेप्टो जैसे अन्य 'क्विक कॉमर्स' मंच भी इस कदम का अनुसरण कर सकते हैं। यह एक बड़ा बदलाव होगा, जो ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करेगा। दस मिनट में डिलीवरी के वादे के कारण गिग वर्कर्स ने देशव्यापी हड़ताल की थी, जिसने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आय की ओर ध्यान आकर्षित किया। हाल में 'एक्स' पर इटर्नल ग्रुप के सीईओ दीपिंदर गोयल ने लिखा था कि 10 मिनट में डिलीवरी का वादा सामान पहुंचाने वालों पर दबाव नहीं डालता है और न ही असुरक्षित ड्राइविंग का कारण बनता है, क्योंकि उन्हें एप पर 10 मिनट का टाइमर नहीं दिखाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि 10 मिनट में या उससे तेज डिलीवरी मुख्य रूप से स्टोर ग्राहकों के करीब होने के कारण होती है, न कि सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण। यह फैसला डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है, जो अक्सर अपनी जान जोखिम में डालकर डिलीवरी करते हैं। यह गिग वर्कर्स के अधिकारों को मजबूत करेगा, जो अक्सर अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। कुल मिलाकर, ब्लिंकिट का '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटाने का फैसला एक महत्वपूर्ण कदम है, जो डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता देता है। इस फैसले से यह संदेश जाता है कि कंपनियों को अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए, न कि सिर्फ मुनाफे को। यह फैसला अन्य कंपनियों के लिए भी एक उदाहरण हो सकता है, जो अपने कर्मियों की सुरक्षा और अधिकारों को नजरअंदाज कर रहे हैं।



पर्व
डॉ. बलवीर आचार्य

# उत्तरायण का मकर संक्रांति से प्रारंभ

> जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

जितने काल में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा पूरी करती है, उसको एक 'सौर वर्ष' कहते हैं और कुछ लम्बी वर्तुलाकार जिस परिधि पर पृथ्वी परिभ्रमण करती है, उसको 'क्रान्तिवृत्त' कहते हैं। ज्योतिषियों द्वारा इस क्रान्तिवृत्त के 12 भाग कल्पित किए हुए हैं और उन 12 भागों के नाम उन-उन स्थानों पर आकाशस्थ नक्षत्र पुंजों से मिलकर बनी हुई कुछ मिलती-जुलती आकृति वाले पदार्थों के नाम पर रख लिए गए हैं। प्रत्येक भाग व आकृति 'राशि' कहलाती है। जब पृथ्वी एक राशि से दूसरी राशि में संक्रमण करती है तब उसको 'संक्रान्ति' कहते हैं। सूर्य सिद्धान्त (1.12) में कहा गया है- "राश्यन्तरं यदा सूर्यः संक्रान्तिरिति कथ्यते" लोक में उपचार से पृथ्वी के संक्रमण को सूर्य का संक्रमण कहने लगे हैं। छह मास तक सूर्य क्रान्तिवृत्त से उत्तर की ओर उदय होता रहता है और छह मास तक दक्षिण की ओर निकलता रहता है। सूर्य के उत्तर की ओर उदय की अवधि को 'उत्तरायण' और दक्षिण की ओर उदय की अवध को 'दक्षिणायन' कहते हैं। अयन का अर्थ होता है गति।

जब सूर्य की गति उत्तर की ओर होती है तब उत्तरायण (उत्तर+अयन) कहलाता है और जब सूर्य की गति दक्षिण की ओर होती है तब दक्षिणायन (दक्षिण+अयन) कहलाता है। उत्तरायण काल में सूर्य उत्तर की ओर से उदय होता हुआ दिखता है, उसमें दिन बढ़ता जाता है और रात्रि घटती जाती है। दक्षिणायन में सूर्योदय दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होता है। उसमें रात्रि बढ़ती जाती है और दिन घटता जाता है। सूर्य की मकर राशि की संक्रान्ति से उत्तरायण और कर्क राशि की संक्रान्ति से दक्षिणायन प्रारम्भ होता है। प्राचीन भारत में उत्तरायण और मकर संक्रान्ति एक ही दिन होते थे। अयन चलन के कारण वे धीरे-धीरे अलग हुए। सामान्यतः मकर संक्रान्ति को उत्तरायण का आरम्भ माना जाता है। खगोल विज्ञान के अनुसार सूर्य का उत्तरायण वह बिन्दु है, जब सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में अपनी अधिकतम स्थिति (मकर रेखा) से उत्तर दिशा की ओर लौटना प्रारम्भ करता है। यह घटना 21 या 22 दिसम्बर को घटित होती है। इसे शीत अयनान्त कहा जाता है। इसी दिन उत्तरी गोलार्ध में सबसे लम्बी रात होती है। यह घटना पृथ्वी के अक्षीय झुकाव (23.5°) तथा उसकी वार्षिक परिक्रमा का प्रत्यक्ष परिणाम है। इस दृष्टि से यही समय वास्तविक या खगोलीय उत्तरायण है। भारतीय पंचांग की निरयन पद्धति के अनुसार, जब सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रान्ति होती है। यह सामान्यतः 14 या 15 जनवरी को आती है। भारतीय ज्योतिष स्थिर नक्षत्रों को आधार मानता है। पृथ्वी की धुरी के धीमे झुकाव के कारण (अयन चलन), सूर्य का राशियों में प्रवेश क्रमशः आगे खिसकता रहता है। अयन चलन और दोनों तिथियों में अन्तर- पृथ्वी की धुरी में होने वाला अयन चलन लगभग 25,920 वर्षों में पूर्ण होता है। इसके कारण हर 72 वर्षों में लगभग 1 दिन का अन्तर पड़ता है। लगभग 1500–1700 वर्ष पूर्व मकर संक्रान्ति और शीतकालीन संक्रान्ति एक ही दिन पड़ते थे। वर्तमान में दोनों के बीच लगभग 23–24 दिनों का अन्तर है। इस परिवर्तन में लम्बा समय लगा है, परन्तु उत्तरायण का पर्व, मकर-संक्रान्ति के दिन ही मनाया जाता है। इससे सर्व साधारण की ज्योतिष-शास्त्र के प्रति अनभिज्ञता का कुछ



परिचय मिलता है। किन्तु शायद पर्व का महत्त्व बना रहे, यह मानकर मकर- संक्रान्ति के दिन ही पर्व मनाने की रीति चली आती हो। भारतीय संस्कृति में उत्तरायण केवल खगोलीय घटना नहीं, अपितु आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक है। इसीलिए उत्तरायण को देवयान मार्ग, उत्तम मार्ग, प्रकाश का मार्ग कहा गया है। ऋतु का आधार कहा गया है। देवताओं का दिन-रात भी सूर्य की गति से जोड़ा गया है। यजुर्वेद और तैत्तिरीय संहिता में सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन को ऋतुओं के क्रम से जोड़ा गया है। छान्दोग्य और बृहदारण्यक उपनिषदों में उत्तरायण को-देवयान, ज्ञानमार्ग, प्रकाशमार्ग के रूप में वर्णित किया गया है। यहां सूर्य की गति को आत्मा की गति का रूपक बनाया गया है। गीता में भी उत्तरायण को देवयान मार्ग कहा गया है, जहां प्रकाश की दिशा में जाने वाले योगी मोक्ष को प्राप्त करते हैं। यह दर्शाता है कि उत्तरायण को-शुभ, उन्नत, और आध्यात्मिक रूप से अनुकूल समय माना जाता था। कृषि-चक्र में यह रबी फसलों की परिपक्वता का समय है। उत्तर भारत में यह संकरात, खिचड़ी, दक्षिण में पोंगल, गुजरात में उत्तरायण, पंजाब में लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व सूर्य-ऊर्जा के पुनरुत्थान का प्रतीक है। यह समय आत्म-साक्षात्कार, ध्यान और संकल्प सिद्धि के लिए सर्वोत्तम माना गया है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर दान, स्नान और जप करने का बहुत महत्व है-"मकर संक्रांतौ दानस्नानजपैः सहस्त्रगुणं फलम्"। इस दिन खिचड़ी, तिल, कम्बल और अन्न का दान किया जाता है। दान का अर्थ केवल वस्तु देना नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार का त्याग करना है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर तिल और गुड़ का सेवन करने का भी महत्त्व है। सर्दियों के मौसम में तिल और गुड़ का मेल न केवल स्वादिष्ट होता है, अपितु यह आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों की दृष्टि से एक सर्वोत्तम भोजन है। इनके सेवन से होने वाले प्रमुख लाभ और उनके पीछे के वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं। हड्डियों की मजबूती, तिल कैल्शियम का खजाना है और गुड़ इसमें मैग्नीशियम प्रदान करता है। तिल में दूध से भी ज्यादा कैल्शियम होता है। हड्डियों के घनत्व को बनाए रखने के लिए कैल्शियम और फास्फोरस की आवश्यकता होती है, जो इन दोनों के मिश्रण में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में मदद करता है। गुड़ आयरन का प्राकृतिक स्त्रोत है, जबकि तिल में कॉपर और आयरन दोनों होते हैं। गुड़ शरीर में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है।

तिल में मौजूद कॉपर आयरन के अवशोषण में मदद करता है, जिससे शरीर में नया खून बनता है और थकान या कमजोरी दूर होती है। इन दोनों की प्रकृति गर्म होती है, जो शरीर को आन्तरिक गर्माहट देती है। तिल में मौजूद जिंक और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं। गुड़ शरीर के श्वसन तन्त्र को साफ करने में मदद करता है, जिससे सर्दी-खांसी और संक्रमण का खतरा कम हो जाता है। गुड़ पाचन एंजाइमों को सक्रिय करता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है। तिल में मौजूद फाइबर आंतों की सफाई करने में सहायक होते हैं। तिल में 'सेसमिन' और 'सेसमोलिन' नामक तत्व पाए जाते हैं।

ये तत्व शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियन्त्रित करने में मदद करते हैं। मकर संक्रान्ति महज पतंग उड़ाने या पकवान खाने का दिन नहीं है। यह सूर्य की भान्ति तेजस्वी बनने और गुड़ के समान मधुर वाणी बोलने का संकल्प है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि परिवर्तन सृष्टि का नियम है और जब हम प्रकृति के साथ लयबद्ध होते हैं तो हमारा जीवन आनन्द और आरोग्य से भर जाता है।

( लेखक प्रोफेसर एमडीयू रोहतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दीपस्तंभ
मुरारी गुप्ता



# भारतीय दर्शन से ही विश्व कल्याण संभव

विश्व के हर कोने में आज अशांति का वातावरण बना हुआ है। कई देश आपस में युद्ध में उलझे हुए हैं। कथित शक्तिशाली देश दूसरे कमजोर मुल्कों पर उनके संसाधनों के लालच में बलात कब्जा करने की मंशा पाले हुए हैं। अमेरिका और वेनेजुएला का प्रकरण पूरे विश्व के सामने है। दुर्भाग्य से पूरा विश्व, संयुक्त राष्ट्र संघ और तमाम बड़े अंतरराष्ट्रीय संगठन इस पर चुप हैं। ईरान में वहां की जनता 1979 की तथाकथित इस्लामिक क्रांति के विरुद्ध बिगुल बजाए हुए है और अपनी मूल पहचान पर गर्व कर रही है। सोशल मीडिया पर ईरानी महिलाएं अपनी पहचान को खुल कर स्वीकार कर रही हैं। उधर, बांग्लादेश में वहां का अल्पसंख्यक हिंदू समूह राजनीतिक संरक्षण प्राप्त चरमपंथियों का शिकार बन रहा है। तथाकथित अमन और शांति के पैरोकार इस वक्त खामोश हैं। पश्चिम की कथित लिबरल नीतियों ने संयुक्त अरब अमीरात के शासकों को भी भयभीत कर रखा है। वे अपने छात्रों को ब्रिटेन और यूरोप के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए भेजने से डरने लगे हैं कि कहीं उनके छात्र यूरोप के विश्वविद्यालयों में लिबरल नीतियों के कारण संरक्षण पा रही जेहादी मानसिकता के शिकार नहीं हो जाएं। आज की वैश्विक परिस्थितियां यह प्रश्न खड़ा करती हैं कि क्या केवल राजनीतिक क्रांतियां, सत्ता परिवर्तन या वैचारिक कट्टरता मानव समाज को स्थायी शांति और समानता की ओर ले जा सकती हैं। ईरान में इस्लामी शासन के विरुद्ध उठती आवाज़ें, महिलाओं के समान अधिकारों की मांग, धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध असंतोष और सामाजिक स्वतंत्रता की आकांक्षा इस बात का प्रमाण हैं कि जब कोई विचारधारा मानव स्वभाव, विविधता और गरिमा के विपरीत जाती है, तो अंततः उसके विरुद्ध प्रतिक्रिया जन्म लेती है। ईरान की वर्तमान स्थिति केवल राजनीतिक असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक और सांस्कृतिक बेचैनी को भी दर्शाती है। कट्टर धार्मिक व्याख्याओं के कारण व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश, महिलाओं के अधिकारों पर प्रतिबंध, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन और आधुनिक जीवन मूल्यों के साथ टकराव, इन सबने समाज में असंतोष को जन्म दिया है। महिलाएं केवल वस्त्रों या बाहरी आचरण के प्रश्न पर नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व, सम्मान और समान अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं। यह संघर्ष इस बात को रेखांकित करता है कि कोई भी व्यवस्था, जो समानता और मानवीय गरिमा को नकारती है, लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकती। भारत का सनातन दर्शन मूलतः "अहं ब्रह्मास्मि" और "तत्वमसि" जैसे सूत्रों के माध्यम से प्रत्येक जीव में एक ही चेतना को देखता है। यहां स्त्री और पुरुष के बीच मौलिक स्तर पर कोई भेद नहीं, बल्कि दोनों को सृजन के पूरक रूप में स्वीकार किया गया है। वैदिक काल से लेकर उपनिषदों तक गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा जैसी विदुषी स्त्रियां इस बात का प्रमाण हैं कि ज्ञान, संवाद और आध्यात्मिक विमर्श में स्त्रियों की भूमिका केंद्रीय रही है। इसके विपरीत जब किसी धर्म या विचारधारा की संकीर्ण व्याख्या स्त्री को द्वितीय श्रेणी में धकेल देती है, तो वह समाज को भीतर से कमजोर करती है। ईरान में चल रहा संघर्ष इसी असंतुलन का परिणाम है। कट्टरता मानव का मूल स्वभाव नहीं है। मानव का मूल स्वभाव सबका साथ और सबका विश्वास और सबका कल्याण है। आज पूरा यूरोप आतंकवाद से पीड़ित है। धार्मिक उग्रवाद और वैचारिक कट्टरता ने वहाँ की सामाजिक संरचना, सुरक्षा और सांस्कृतिक संतुलन को चुनौती दी है। दूसरी ओर अमेरिका की विदेश नीति पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वह दूसरे देशों पर प्रभुत्व या नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करता है, जिससे वैश्विक असंतुलन और संघर्ष बढ़ते हैं। इसके विपरीत भारत का इतिहास देखें तो भारत ने कभी भी विस्तारवादी आक्रमण की नीति नहीं अपनाई। योग, आयुर्वेद, बौद्ध दर्शन, उपनिषद, भगवद्गीता और संत परंपरा के माध्यम से भारत का दर्शन पूरे विश्व में फैला है। आज जब विश्व वैचारिक ध्रुवीकरण और संघर्ष के दौर से गुजर रहा है, तब भारत का सनातन दर्शन एक दीपस्तंभ की तरह मार्गदर्शन करता है। ईरान की सामाजिक उथल-पुथल, यूरोप की आतंकवाद से पीड़ा और अमेरिका की प्रभुत्ववादी नीतियों के बीच भारत यह स्मरण कराता है कि शांति का मार्ग हिंसा, कट्टरता या वर्चस्व में नहीं, बल्कि समानता, सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व में है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" केवल भारत की विरासत नहीं, बल्कि विश्व का भविष्य है। यदि मानवता को वास्तव में शांति और कल्याण की ओर बढ़ना है, तो उसे भारत के इसी सनातन दर्शन की ओर लौटना होगा, जहां सबका अस्तित्व सुरक्षित हो और सबका कल्याण सुनिश्चित हो।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# छोटे-छोटे संकल्प आत्मविश्वास बढ़ाते हैं



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

# भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### बेटियों की लोहड़ी भी जरूर मनाएं

भारत का प्रसिद्ध त्योहार लोहड़ी हमें बुराई और अनैतिक कामों की राह पर न जाने का संदेश देता है। लोहड़ी से जुड़ी एक कहानी यह भी है कि मुगल शासक अकबर के शासनकाल में पंजाब में दुल्ला भट्टी नाम का एक युवक था। इन्होंने लड़कियों की सुरक्षा के लिए काम किया था। पाकिस्तान में स्थित संदलबार क्षेत्र में लड़कियों की खरीद-फरोख्त उस वक्त होती थी। दुल्ला भट्टी ने इस घटिया कारोबार का भांडा फोड़ा था और लड़कियों की रक्षा की थी। दुल्ला भट्टी के इस महान काम के कारण इसे नायक की उपाधि भी दी गई। इसलिए लोहड़ी के दिन दुल्ला भट्टी को याद किया जाता है। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है कि संकीर्ण सोच छोड़कर बालिकाओं का सम्मान किया जाए।

*- सुरेश ठाकुर, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ा



2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जिससे रोजगार सृजित हुए और विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ा। 2026 में भी यह गति जारी रहेगी क्योंकि चार सेमीकंडक्टर संयंत्र व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर देंगे।

**- अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना मंत्री**

### सीएसपीओसी की मेजबानी



समृद्ध संसदीय लोकतंत्र का गौरवशाली प्रतीक भारत, 14 से 16 जनवरी 2026 तक राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (सीएसपीओसी) की मेजबानी करने जा रहा है।

**- ओम बिरला, लोकसभा अध्यक्ष**


### ड्रेनेज व्यवस्था विकसित



दिल्ली में जलभराव की दशकों पुरानी समस्या को लेकर दिल्ली सरकार का काम सिर्फ बरसात के दिनों तक सीमित नहीं है। सालभर, लगातार और सिस्टम के साथ एक मजबूत ड्रेनेज व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी दिशा में 4 बड़े ट्रंक ड्रेनों का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### बजट पूर्व चर्चा




नारी शक्ति ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। हमारी सरकार इसी विजन को विकास की धुरी बना रही है। इसी विजन को लेकर आज मुख्यमंत्री कार्यालय में आगामी बजट के संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर


# सिंगापुर में दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया



सिंगापुर में एक राजमार्ग से 'जल्द ही संकटग्रस्त होने वाली' श्रेणी में शामिल एक दुर्लभ हिमालयी गिद्ध को बचाया गया है और उसे छोड़ने से पहले स्वस्थ अवस्था में लाया जा रहा है। यहां एक पशु कल्याण समूह ने यह जानकारी दी। एनिमल कंसर्न्स रिसर्च एंड एजुकेशन सोसाइटी (एसीआरईसी) ने 11 जनवरी को परेशान हालत में दिखे प्रवासी पक्षी को बचाया था। समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कलई वनन बालकृष्णन ने यह जानकारी दी। फिलहाल एसीआरईसी की पशु चिकित्सा टीम गिद्ध की देखभाल कर रही है। टीम ने गिद्ध के पूरी तरह स्वस्थ होने और फिर उसे जंगल में छोड़े जाने की उम्मीद जताई है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' ने सोमवार को एक खबर में बालकृष्णन के हवाले से कहा, 'शरीर में पानी की कमी, कमजोरी और लंबी यात्रा के कारण थकान जैसी शुरुआती स्वास्थ्य समस्याएं गिद्ध में दिख रही हैं।' उन्होंने कहा कि 11 जनवरी की दोपहर को एक व्यक्ति ने एसीआरईसी को गिद्ध के बारे में जानकारी दी थी, जिसके बाद तीन सदस्यीय बचाव टीम ने राजमार्ग पर घूम रहे गिद्ध को सुरक्षित पकड़ लिया। इससे पहले वह एक नहर में अटका हुआ था। हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में आम तौर पर पाए जाने वाले हिमालयी गिद्ध सिंगापुर में बहुत कम देखे जाते हैं।

## ऑफ बीट

# बुढ़ापे में दिमाग दुरुस्त रखने में जैविक घड़ी की अहम भूमिका



मानव शरीर में मौजूद 24 घंटे की जैविक घड़ी चुपचाप यह समन्वय करती है कि हम कब सोते हैं, जागते हैं, खाते हैं और आराम करते हैं। यह आंतरिक समय प्रबंधन प्रणाली अंगों और हार्मोन को तालमेल बैठाकर काम करने में मदद करती है। हालांकि, जब जैविक घड़ी अव्यवस्थित हो जाती है, तो इसके प्रभाव खराब गुणवत्ता वाली नींद से कहीं अधिक व्यापक हो सकते हैं और ढलती उम्र में दिमागी सेहत में गिरावट का कारण भी बन सकते हैं। बुजुर्गों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों की जैविक घड़ी अधिक व्यवस्थित होती है, उनके डिमेंशिया की चपेट में आने का जोखिम लगभग 50 फीसदी तक घट जाता है। जैविक घड़ी सोने का समय, हार्मोन का उत्पादन, हृदयगति और शरीर का तापमान सहित कई अन्य दैनिक शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती है। व्यवस्थित जैविक घड़ी को अक्सर नींद की खराब गुणवत्ता से जोड़ा जाता है। विभिन्न अध्ययनों में खराब गुणवत्ता वाली नींद का डिमेंशिया और दिल की बीमारियों के बढ़ते जोखिम से सीधा संबंध पाया गया है। साल 2025 में किए गए अध्ययन में प्रतिभागियों की दिल की सेहत और रक्तचाप का भी विश्लेषण किया गया, जो अन्य कारकों के साथ-साथ नींद की गुणवत्ता पर निर्भर करते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# कायस्थम की परिधानम प्रतियोगिता में बिखरे भारतीय संस्कृति के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा कायस्थम-2026 में चित्रांश महिलाओं की परिधानम प्रतियोगिता में भारतीय संस्कृति पर आधारित तीन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पहली प्रतियोगिता देश के विभिन्न राज्यों में पहनी जाने वाली साड़ियों पर आधारित परंपरा प्रतियोगिता थी। जिसमें चित्रांश महिलाओं ने विभिन्न राज्यों की साड़ी को पहनकर रैंप वॉक किया। दूसरी प्रतियोगिता विभिन्न प्रांतों में महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली पोशाक थी, जिसको पहनकर मंच पर महिलाओं द्वारा प्रदर्शित किया गया। तीसरी प्रतियोगिता मां बेटी के अटूट संबंधों पर आधारित मेरी बेटी मेरा अभिमान थी, जिसमें मां-बेटी ने एक साथ मंच पर आकर अपनी अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया कि उन्हें अपनी बेटी पर कितना और क्यों अभिमान है।



**मीता, वर्षा और प्रियंका सक्सेना ने परंपरा, संस्कृति और मेरी बेटी मेरा अभियान प्रतियोगिता जीती**

### विभिन्न राज्यों की साड़ी को पहनकर रैंप वॉक किया



भारतीय साड़ियों पर आधारित परंपरा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मीता श्रीवास्तव, द्वितीय भारती श्रीवास्तव, तृतीय कनिका श्रीवास्तव ने जीता। जबकि प्राची सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। भारतीय पोशाकों पर आधारित संस्कृति प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार वर्षा श्रीवास्तव, द्वितीय पुरस्कार शिल्पी श्रीवास्तव और तृतीय मिताली खरे को प्राप्त हुआ। तीसरी प्रतियोगिता मेरी बेटी मेरा अभियान में मां बेटी की जोड़ियों ने एक साथ रैंप वॉक किया। मां बेटी की जिन जोड़ियों को पुरस्कार दिए गए, उनमें प्रियंका और प्रिशा सक्सेना प्रथम स्थान पर रही जबकि दीप्ति और उनकी बेटी सृष्टि भटनागर द्वितीय और मां भारती और बेटी कोमोदी श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रही। विशेष अतिथि के रूप में तीन टीवी व फिल्म कलाकार सोनिया श्रीवास्तव, तितिक्षा श्रीवास्तव और शोभिता श्रीवास्तव शामिल हुई।



मीता श्रीवास्तव।



डॉ. प्राची सिन्हा

## खबर संक्षेप

### भोपाल में होगा योगिनी कॉन्फ्रेंस अवॉर्ड प्रोग्राम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर के गरिमामय आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। छठवां अंतरराष्ट्रीय योगिनी कॉन्फ्रेंस एवं अवार्ड प्रोग्राम 14–15 मार्च को पं. सुंदरलाल ट्रेनिंग सेंटर फॉर वोकेशनल (एनसीईआरटी), श्यामला हिल्स में आयोजित किया जाएगा। भारतीय योगिनी महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरएच लता ने बताया कि इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में न केवल भारत बल्कि सिंगापुर, जापान, नेपाल, साउथ कोरिया, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस सहित कई देशों से ख्यातिप्राप्त योगिनियों का आगमन होगा।



### लेख-लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन



**भोपाल ।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल की युवा गतिविधि के तत्वावधान में आयोजित की जा रही विकसित भारत : स्व-बोध-उठो और जागो (स्वामी विवेकानंद जी की दृष्टि में) विषयक लेख-लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक, स्नातकोत्तर विद्यार्थी, शोधार्थी एवं युवा संकाय सदस्य सहभागिता कर सकेंगे। प्रतियोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय महामंत्री भरत शरण सिंह, अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री पंकज नाफड़े, मध्य क्षेत्र संगठन मंत्री कौशल प्रताप सिंह, भोपाल महानगर विस्तारक मयंक झा, मध्य-भारत प्रांत अध्यक्ष हरिहर बसंत गुप्ता, मध्य भारत प्रांत मंत्री मनीषा पांडेय, मध्य भारत प्रांत व्यवस्था प्रमुख अरविंद चौहान, मध्य-भारत प्रांत उपाध्यक्ष परिमला कुलकर्णी दीदी आदि मौजूद रहे।

### जीएमसी की उर्वी अग्रवाल को ऑल राउंडर अवॉर्ड



**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में चल रहे सात दिवसीय वार्षिक उत्सव का मंगलवार को समापन हो गया है। इस दौरान साल 2025-26 के पुरस्कार समारोह में डीएमई डा. अरूणा कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। इसके साथ ही डीन डॉ. कविता एन सिंह, छात्र कल्याण सोसाइटी के सलाहकार एवं अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र गौड़ और दीप्ति चौरसिया ने मंच को साझा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरूणा कुमार ने अपने विद्यार्थी जीवन से जुडे क्षणों को शेयर किया। यह पहली बार है जब बेहतर अनुशासन में पुरस्कार वितरण हुआ। इस दौरान साल 2020 से 2023 बैच तक के तीन सौ छात्रों को योग्यता प्रमाण पत्र एवं पदक से सम्मानित किया गया।

### एबीवीपी ने बीयू कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. एसके जैन को मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बीयू इकाई द्वारा मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। एबीवीपी द्वारा विवि परिसर के अंदर एवं बाहर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा छात्रों के साथ लगातार हो रही मारपीट एवं गुंडागर्दी की घटनाओं के विरोध में कुलगुरु प्रो जैन और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने मांग की कि ऐसे अराजक तत्वों पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए।

## कृषि ग्राम सभा सहित कृषि से जुड़े उपकरणों के क्रेता-विक्रेताओं का कराएं सम्मेलन

# कृषि आधारित रोजगारपरक उद्योगों पर होगी कृषि कैबिनेट

**मुख्यमंत्री ने कृषि लोकरंग की तैयारियों को लेकर ली बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खेती-किसानी और हमारी संस्कृति आपस में जुड़े हुए हैं। हमारा पारम्परिक जीवन, कलाएं और बहुरूपी मौखिक परंपराएं कृषि के मूल से ही उत्पन्न होते हैं और यही कृषि लोकरंग मनाने का आधार है। उन्होंने कहा कि भोपाल सहित प्रदेश के अन्य संभागों और अंचलों में कृषि लोकरंग - 2026 पूरी गरिमा और भव्यता के साथ मनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में कृषि आधारित रोजगारपरक उद्योगों के समावेशी विकास लक्ष्य को लेकर कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। किसान कल्याण,स्वाभिमान एवं पर्व कृषि ग्राम सभा जैसे आयोजन सहित कृषि से जुड़े उन्नत उपकरणों के क्रेता-विक्रेताओं का सम्मेलन, कृषि उत्सव और किसान मेले भी आयोजित किए जाएंगे। किसानों को सरकार की हर योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में कृषि लोकरंग के आयोजन की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कृषि लोकरंग आगामी 26 से 30 जनवरी तक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि सभ्यता हमारी परम्पराओं से भीतर तक जुड़ी हुई है, इसलिए ग्रामीणों, युवाओं और विद्यार्थियों को भी भावनात्मक रूप से खेती-किसानी से जोड़ा जाए। सफल किसानों के एग्री बिजनेस मॉडल भी बताए जाएं, ताकि दूसरे किसान भी इनसे प्रेरणा लें।

**खास बातें**

- ग्रामीणों और युवाओं को भावनात्मक रूप से जोड़ें खेती-किसानी से
- 26 से 30 जनवरी तक मनाया जाएगा कृषि लोकरंग - 2026



### सांस्कृतिक एवं नाट्य प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं से दी जाएगी कृषि प्रयासों की जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि लोकरंग वास्तव में ग्राम पंचायतों एवं विकास खंड स्तर पर नागरिकों और युवाओं को खेती से जोड़ने और इसके व्यापक लोकव्यापीकरण का प्रयास है। लोकरंग के दौरान प्रदेश के बड़े कस्बों और बड़े शहरों में सरकार की ओर से कृषि और किसानों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी सांस्कृतिक एवं नाट्य प्रस्तुतियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हमारी सहज परम्पराओं और धार्मिक अनुष्ठानों को भी कृषि से जुड़े विषयों से जोड़ा जाए। कार्यक्रम ऐसे हों, जिसमें जनता का सहज जुड़ाव हो। लोकरंजन के कार्यक्रमों को नीचे से क्रियान्वित कर ऊपर तक लाया जाए, इससे नागरिकों में कृषि के प्रति एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि लोकरंग को जन-जन का उत्सव बनाने के लिए आकर्षक देशी वेशभूषा जैसे पगड़ी, धोती, साफा आदि सहित पुराने देशज बीज संग्रहण, संचयन के प्रोत्साहन से जुड़ी प्रतियोगिता, लखपति किसानों की प्रतियोगिता, अच्छी नर्सरी और बगीचे वालों की प्रतियोगिता और सायकिल प्रतियोगिता जैसे आयोजन भी किए जाएं।

### किसान कल्याण वर्ष का बनाएं आकर्षक लोगो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' घोषित किया है। इस आयोजन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस वर्ष का एक आकर्षक लोगो तैयार करें। सोयाबीन, मूंग, उड़द, मक्का एवं अन्य फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों को बुलाकर दूसरे किसानों के समक्ष उनकी सफलता बताने को कहा जाए। बैठक में सचिव निशांत वरवड़े ने बताया कि कृषि लोकरंग 2026 के दौरान पारम्परिक ग्रामीण खेलों एवं खेत-खलिहान पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियां जैसे फसल, मौसम, ऋतुओं, संस्कारों पर गीत-गायन आदि, कृषि के देशज ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिताएं, बड़े एवं नवप्रयोगधर्मी किसानों का प्रदेशभर से चयन एवं उनका मुख्यमंत्री से सीधा संवाद, ओपन माइक सत्र सहित मेरा किसान, मेरा अभिमान सत्र आयोजित किए जाएंगे। कृषि लोकरंग के आयोजन में संस्कृति विभाग अंतर्गत वीर भारत न्यास भी सहभागिता करेगा। लोकरंग के दौरान कृषि को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाने का लोक संयोजन किया जाएगा।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने की समीक्षा

# समाधान योजना के क्रियान्वयन में कोताही पर होगी सख्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समाधान योजना के क्रियान्वयन में कोताही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभी तक योजना में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं हो रही है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात मंगलवार को विभागीय योजना की समीक्षा के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इस योजना की सफलता में कम्पनी का भविष्य भी निहित है। उन्होंने कहा कि कितना बिजली बिल बकाया है, कितना वसूली योग्य है और कितना वसूली योग्य नहीं है, इसकी पूरी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि बड़े डिफॉल्टरों के विरूद्ध पहले कार्यवाई करें।

### समाधान योजना में अभी तक जमा हुए 613 करोड़ 26 लाख रुपए

समाधान योजना में अभी तक 613 करोड़ 26 लाख रुपए उपभोक्तओं की ओर से जमा कराएं जा चुके है। इन उपभोक्ताओं के 271 करोड़ रुपए के सरचार्ज माफ किए गए है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के तहत 115 करोड़ 58 लाख, मध्य क्षेत्र में 395 करोड़ 96 लाख और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी में 101 करोड़ 72 लाख रुपए जमा हुए हैं। मंत्री तोमर ने आरडीएसएस के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। बिजली अवरूद्ध होने की जानकारी उपभोक्ताओं को कारण सहित दें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को उनके घरों में विद्युत उपयोग की क्षमता के अनुसार लोड स्वीकृत कराने के लिए समझाइश दें।

### मराठी साहित्य अकादमी के तांबे पुरस्कारों की घोषणा

**भोपाल।** मराठी साहित्य अकादमी, भोपाल द्वारा प्रतिष्ठित 'कविवर्य भास्कर रामचंद्र तांबे कृति पुरस्कार' वर्ष 2021 की श्रेष्ठ कृतियों के लिए घोषित कर दिए गए हैं। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने ने बताया कि कविता, नाट्य लेखन श्रेणी में जलगांव के रचनाकार बालकृष्ण सोनवणे को उनकी कृति "समजूतदार जाणिवांचे कवाडसे" के लिए चयनित किया गया है। कहानी कथा कादम्बरी ,उपन्यास, श्रेणी में संयुक्त रूप से मुंबई के जयंत पवार की कृति मोरी नींद नसानी होय और सोलापुर की गीता जोशी की कृति डोकं शाबूत आहे को 27 फरवरी को समारोह में किया जाएगा।

# छात्रा को छत से धक्का देकर हत्या करने वाला तुषार धराया

## पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया

**चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित पारिका सोसाइटी, भूमि होम स्टे में हुई थी वारदात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में कॉलेज छात्रा को छत से धक्का देकर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी तुषार कपिल को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। चूना भट्टी थाना पुलिस ने आरोपी तुषार कपिल को कोर्ट में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया है। घटना के बाद से ही आरोपी तुषार फरार था। पुलिस उसकी तलाश भोपाल और खंडवा में कर रही थी। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर आरोपी को भोपाल से ही गिरफ्तार किया है। दरअसल, भोपाल में 7 जनवरी को 23 वर्षीय छात्रा की मौत का मामला सामने आया था। मृतका प्रिया की शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण ऊंचाई से गिरने के कारण अत्यधिक रक्तस्राव (हेमरेज) और शरीर पर आई गंभीर चोटें बताया गया है।

प्रिया 7 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी, लेकिन शाम को शासकीय जेपी अस्पताल से परिजनों को उसकी मौत की सूचना मिली। जानकारी के अनुसार, प्रिया अपने बॉयफ्रेंड तुषार से मिलने पारिका सोसाइटी, भूमि होम स्टे में पहुंची थी, जहां दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपी तुषार ने प्रिया को छत से धक्का दे दिया, जिससे वह नीचे गिर गई और उसकी मौत हो गई। आरोपी तुषार प्रिया को अस्पताल लेकर गया, लेकिन जैसे ही डॉक्टरों ने प्रिया को मृत घोषित किया, आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी तुषार कपिल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक साल कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला अध्यक्ष यति का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रविंद्र यति के नेतृत्व में संगठनात्मक कार्यों के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आतिशबाजी के साथ मिष्ठान वितरण कर '1 साल बेमिसाल' की उपलब्धि का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता सम्मान और जनसेवा ही भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता है और आने वाले समय में संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं एमआईसी सदस्य मनोज राठौर, शंकर मकोरिया, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, जिला मंत्री भासित दीक्षित सहित राजकुमार विश्वकर्मा, अश्विनी राय, अशोक विश्वकर्मा, महेंद्र दवे, योगेश परमार, डॉ. योगेंद्र मुखरैया आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेताओं के बयान पर भाजपा ने कहा

# कांग्रेस के लिए दलित सिर्फ वोटबैंक, राजनीतिक औज़ार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दलित एजेंडा को लेकर कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के बयान को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस को घेरा है। अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए दलित सिर्फ़ एजेंडा, वोटबैंक और राजनीतिक औज़ार हैं। यह बात बार-बार प्रमाणित होती रही है। सवाल सिर्फ़ 15 महीने की सरकार का नहीं है। कांग्रेस बताए कि 50 वर्षों तक सत्ता में रहते हुए दलित समाज के उत्थान के लिए उसका ठोस एजेंडा कहां था? हक़ीक़त साफ़ है, सत्ता चली जाती है तो दलित याद आते हैं और सत्ता में रहते हुए सिर्फ़ परिवारवाद और भ्रष्टाचार।



### डॉ अनीता श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि

**भोपाल।** शासकीय माध्यमिक शाला गांधीनगर में पदस्थ डॉ. अनीता श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। डॉ. अनीता श्रीवास्तव स्व. श्रीलाल श्रीवास्तव, स्व. सावित्री श्रीवास्तव सुपुत्री एवं रिटायर शिक्षक मदन कुमार खरे की धर्मपत्नी है। बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा हिन्दी विषय के अन्तर्गत 'परशुराम शुक्ल के बाल साहित्य में जीवन मूल्य' शीर्षक पर उन्होंने पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। यह शोध कार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया।



### ऐतिहासिक स्थल ऐरण में ऐरण महोत्सव का आयोजन आज से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जिला प्रशासन, सागर के सहयोग से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल ऐरण (बीना) में स्थित श्री नरसिम्हा मंदिर परिसर में ऐरण महोत्सव का आयोजन 14 से 16 जनवरी तक किया जा रहा है। ऐरण के इतिहास, बुंदेलखण्ड की संस्कृति और परम्परा के साथ ही भारतीय संस्कारों पर केंद्रित इस तीन दिवसीय महोत्सव में लोकनृत्य-गायन, सुगम संगीत, नाट्य मंचन एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियां संयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 5 बजे से प्रारंभ होगा। इस प्रतिष्ठित महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्रीराजेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी करेंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि मंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण गोविंद सिंह राजपूत रहेंगे।

## पटवारी ने पूछा : प्रदेश का बच्चा पढ़कर वैश्विक स्तर पर मुकाबला कैसे करेगा?

# स्कूल शिक्षा मंत्री का पलटवार: कहा- जिन्होंने अंधेरों में पीढ़ियां छोड़ दी, वो आज रोशनी की बात कर रहे हैं

**कांग्रेस 55 साल में स्कूल व्यवस्था नहीं सुधार पाई: सिंह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के स्कूल शिक्षा व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पलटवार किया है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि जिन्होंने अंधेरों में पीढ़ियां छोड़ दी, वो आज रोशनी की बात कर रहे हैं।

कमाल है, जो पार्टी 55 साल में स्कूल व्यवस्था नहीं सुधार पाई, वो आज एआई की बात कर रही है! जगजाहिर है कि कांग्रेसियों का विदेशी नाता पुराना है, लेकिन कभी मध्यप्रदेश के वास्तविक सच्चाई को भी जान लिया करिए।





- **मध्यप्रदेश के वास्तविक सच्चाई को भी जान लिया करिए: उदय प्रताप**
- **बच्चे सरकारी स्कूलों में शिक्षक ढूंढ रहे: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष**

### पटवारी ने यह कहा था

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि विदेशों में बच्चे (मंगल ग्रह) पर जीवन की संभावना ढूंढ रहे हैं और मप्र के बच्चे सरकारी स्कूलों में शिक्षक ढूंढ रहे हैं। आज मध्य प्रदेश से निकला कोई एआई स्टार्टअप सिलिकॉन वैली के स्टार्टअप को चुनौती क्यों नहीं दे रहा? भाजपा ने 20 सालों में मप्र के सरकारी स्कूलों को बदहाली में धकेल दिया। न शिक्षक, न शिक्षा, न ढंग की इमारत, न खेलने का मैदान, न टॉयलेट, न किताबें, न ब्लैकबोर्ड। ऐसी स्थिति में हमारे प्रदेश का बच्चा पढ़ लिखकर वैश्विक स्तर पर मुकाबला कैसे करेगा? आज मध्य प्रदेश के 99 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर नहीं हैं। बच्चा जब पढ़ लिखकर नौकरी की तलाश में निकलता है, तो हर जगह काम कंप्यूटर पर होता है। नतीजा यह कि वह खुद को पीछे महसूस करता है और घर लौट आता है। मप्र में शिक्षा का बजट 22,600 करोड़ रुपये है, फिर भी आज अधिकतर स्कूल जर्जर हैं।

## कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

# मंत्री पटेल ने प्रदेश कार्यालय में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान किया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय की व्यवस्था के अनुसार कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से मुलाकात की। इस दौरान 69 लोगों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए। अधिकांश समस्याएं मेरे विभाग से संबंधित थीं, जिनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कुछ समस्याएं अन्य विभागों से संबंधित थीं, जिन्हें संबंधित विभागीय मंत्रियों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। यह व्यवस्था भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ताओं एवं जनता से सतत संपर्क की मजबूत परंपरा को दर्शाती है। इस जनहितैषी व्यवस्था के लिए मैं पार्टी नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।



रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'सब चुप हैं' का मंचन

# समाज की खामोशी पर सवाल उठाता नाटक 'सब चुप हैं'...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सब चुप है, पर दिल के भीतर शोर बहुत है, यादें बोलती हैं, खामोशी सवाल करती है.... वास्तव में आज के समाज में सभी अपने जीवन की आपाधापी में इस कदर मशगूल हैं कि सब कुछ सामने देखते हुए भी मुंह पर ताला लगाए रखते हैं और चुपचाप सब देखते रहते हैं। लोगों की इसी चुप्पी पर सवाल उठाता नाटक 'सब चुप हैं' का मंचन मंगलवार को रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में किया गया। बालेंद्र सिंह के निर्देशन में तैयार यह नाटक पांच कहानियों पर आधारित है, जिसका लेखन संजय जैन ने किया है। हम थिएटर ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत इस नाट्य प्रस्तुति में थर्ड पर्सन के माध्यम से कई कहानियां सुनाई गईं, जिनमें दर्द भी है, संवेदना भी है और भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रबल आवाज भी, फिर भी 'सब चुप हैं'।


रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'सब चुप हैं' का मंचन करते कलाकार।


नाटक का मंचन करते हुए कलाकार।

## हर किरदार सुनाता है अपनी आपबीती

*पांच कहानियों पर आधारित इस नाट्य प्रस्तुति के बारे में निर्देशक बालेंद्र सिंह कहते हैं कि उन्होंने ऐसे किरदार चुने हैं, जो अपनी-अपनी आपबीती सुनाते हैं। पांचों कहानियों का संदेश अलग-अलग तरीके से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया है। पहली कहानी 'एकांत में उजाड़' सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को उजागर करती है। इसमें दिखाया गया है कि सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से रिश्तों में दूरियां कैसे बढ़ गई हैं और भावनाएं कैसे समाप्त होती जा रही हैं। दूसरी कहानी 'खुली दराज और बिखरी खुशबुएं' एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर राहुल की कहानी है, जो अपनी बॉस, बेहद सुंदर मुद्रा, से प्रभावित होकर उससे प्रेम करने लगता है। राहुल मुद्रा द्वारा दिए गए सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट पर दिल-ओ-जान से काम करता है, लेकिन अंततः मुद्रा उसे छोड़कर विदेश चली जाती है।*

## ईमानदार पत्रकार की कहानी कहता 'ग्रीन बेल्ट'

*तीसरी कहानी 'ग्रीन बेल्ट' में दिखाया गया है कि कैसे एक ईमानदार पत्रकार की कलम का उपयोग एक नेता अपने स्वार्थ के लिए करता है। चौथी कहानी में बाजारवाद के बढ़ते प्रभाव को दर्शाया गया है, जहां मिठाई की एक दुकान बंद हो जाती है और दुकानदार खुद को मिठाई प्रेमियों का अपराधी मानने लगता है। पांचवीं कहानी एक वेटनरी डॉक्टर के माध्यम से बताती है कि कैसे अधिकारी और नेता खुद को बचाने के लिए एक गरीब मजदूर को मोहरा बनाकर उसे जेल भेज देते हैं और सभी को चुप रहने का आदेश दे दिया जाता है। नाटक में मॉरिस लाजरस की लाइटिंग ने मंच को यथार्थवादी रूप प्रदान किया, जिससे प्रस्तुति और अधिक प्रभावशाली बन गई।*

---

खेलो इंडिया में संगीत का रंग, बोट क्लब पर झूमे दर्शक

# बोट क्लब पर सजी सुरों की महफिल, दिव्या और शेफाली अलवरिस की प्रस्तुति रही खास


बोट क्लब पर अपनी प्रस्तुति देते दिव्या कुमार।

***भोपाल।*** *मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित एमपी खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार की शाम बोट क्लब पर संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार संध्या सजी। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक दिव्या कुमार और शेफाली अलवरिस की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गायक दिव्या कुमार ने गुजराती गीत ए शुभारंभ से की। इसके बाद उन्होंने आधा तेरा इश्क आधा मेरा, बदरंगा इश्क सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वहीं ओ सजनी रे जैसे लोकप्रिय गीतों से माहौल को रोमांटिक रंगों से भर दिया।*


बोट क्लब पर एमपी खेलो इंडिया का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री सारंग व अन्य।


लेजर लाइट से रोशन हुआ खेलो एमपी का लोगो।

## देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति रही खास



*दिव्या कुमार ने इसके बाद घनेरा बदरा घिरे और फिल्म परमाणु का देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत थारे वास्ते, माही रे प्रस्तुत किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। इसके बाद उन्होंने थोड़ी सी धूल और सदाबहार देशभक्ति गीत देश है वीर जवानों का गाकर समां को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।*

## सारे चांद तारे, याई रे, हम्मा हम्मा जैसे हिट गीतों ने बांधा समां


कार्यक्रम के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार।

*एक से बढ़कर एक सुरीले गीतों से सजी इस संध्या की अगली कड़ी में गायिका शेफाली अलवरिस ने मंच संभाला। उन्होंने आज सारे चांद तारे, याई रे, हम्मा हम्मा जैसे हिट गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद शेफाली अलवरिस ने गुलाबो सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति देकर बोट क्लब के सुहाने मौसम को और भी खुशनुमा बना दिया। खुले आसमान के नीचे, सुरों और ताल की इस शानदार जुगलबंदी ने एमपी खेलो इंडिया की सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया।*

---

*खेलो एमपी यूथ गेम्स के शुभारंभ अवसर पर आए सिंगर दिव्या कुमार से हरिभूमि की खास बातचीत*

# भोपाल आकर लग रहा है, विदेश के किसी पर्यटन स्थल पर हूं...


दिव्या कुमार, सिंगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

आज भोपाल आकर ऐसा लग ही नहीं रहा कि मैं भारत में हूं, ऐसा लग रहा है कि विदेश के किसी पर्यटन स्थल पर हूं, इतनी स्वच्छ आबो-हवा, भोपाल केबड़े तालाब का सौंदर्य, साफ सुधरी सड़कें और सादगी प्रिय लोगों को देख मन खुश हो गया।

यहां मैं चैन की सांस ले पा रहा हूं.. यह कहना है जी करदा, अफातों के परिंदे, मस्तों का झुंड, हवन करेंगे, शूबारंभ, कमरिया और आती नहीं... जैसे गीतों को अपनी आवाज देने वाले मशहूर सिंगर दिव्या कुमार का, जो मंगलवार को बोट क्लब पर खेलो एमपी यूथ गेम्स के शुभारंभ अवसर पर आए और हरिभूमि से बातचीत में अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

### खिलाड़ियों पर आधारित गीत गाकर मैं हो जाता हूं खुश

दिव्या कहते हैं कि मुझे बेहद खुशी महसूस होती है जब मैं किसी खिलाड़ी या खेल पर आधारित फिल्म में गीत गाता हूं, फिर वो भाग मिल्खा भाग हो या 83 का गाना डट के खेल या फिर सपनों से भरे नैना गीत। इन सभी को गाते समय में मेरी कोशिश होती है कि हमारा देश हमेशा विजयी हो। फिर वो क्रिकेट हो या फुटबाल। खेल भावना पर आधारित सभी गीत मेरे दिल में बसते हैं।

### मप्र की सफलता का भी राज है एमपी खेलो इंडिया

वहीं एमपी खेलो इंडिया इवेंट के बारे में उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए बड़ा इवेंट है और यह एक प्रकार से मध्य प्रदेश की सफलता का भी राज है, इससे जहां युवाओं को खेलों के प्रति बढ़ावा मिलेगा वहीं लोगों में भी खेल भावना जाग्रत होगी।

## रफी, किशोर दा, श्रेया घोषाल मेरे फेवरेट सिंगर

*दिव्या ने कहा कि मेरे गाए गीतों में तमिल, तेलगू में मेरे गाए गीत तो है हीं इसके अलावा हिंदी सिनेमा के ऐसे भी गीत हैं जो हिट नहीं हुए, लेकिन फिर भी वो मेरे दिल के करीब हैं। साथ ही मेरे फेवरेट सिंगर में रफी, किशोर दा, श्रेया घोषाल, सुनीधि चौहान ओर अरिजीत है जिन्हें सुनकर मुझे कुछ न कुछ सीखने को ही मिलता है।*

### देशभक्ति और खेलों पर आधारित गीतों की दूंगा प्रस्तुति

दिव्या ने कहा कि इस इवेंट में मैं देशभक्ति और खेलों पर आधारित ही गीतों को गा रहा हूं, जिसमें लोगों का पसंदीदा हवन करेंगे, जी करदा, सपनों से भरे नैना को लोग सुनेंगे, लेकिन गीतों से भरी इस संध्या का शुभारंभ हे गणराया से करुंगा।

---

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिया पुरस्कार

# इशिता मोदी को मिला बेस्ट यंग एंटरप्रेन्योर 2026 का प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी स्टार्टअप समिट एवं इकोसिस्टम अवॉर्ड 2026 के दूसरे दिन मंगलवार को एलेस्को सर्जीफार्मा प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक सुश्री इशिता मोदी को बेस्ट यंग एंटरप्रेन्योर 2026 श्रेणी के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य सचिव आईएएस अनुराग जैन, एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप, उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव सहित एमएसएमई एवं स्टार्टअप विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इशिता मोदी को यह पुरस्कार उनके स्टार्टअप एलेस्को सर्जीफार्मा प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रदान किया गया, जो मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक नाइट्राइल ग्लव्स निर्माण इकाई है।


इशिता मोदी को पुरस्कार देते सीएम।

---

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा किया जा रहा आयोजन

# आईईएचई: नेट, सेट और एमपी पीएससी की तैयारी के लिए एक सप्ताह की व्याख्यान श्रृंखला शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा नेट, सेट और एमपी पीएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक सप्ताह की व्याख्यान श्रृंखला की शुरुआत की गई है।

शुभारंभ अवसर पर संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने प्रतिभागियों से कहा कि इस व्याख्यान श्रृंखला में न सिर्फ उन्हें अपनी सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करना होगा, बल्कि स्वयं से संकल्पबद्ध होते हुए भविष्य में अपने कॅरियर की राह का भी चुनाव करना होगा।

इस दिशा में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने रसायन विभाग की इस अभिनव कॅरियर-उन्मुख शैक्षणिक गतिविधि के आयोजन के लिए प्रशंसा भी की।



## तैयारी के लिए स्पष्ट रणनीति पर की चर्चा

*रसायन शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति सक्सेना ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए रणनीतिक तैयारी और अवधारणाओं की स्पष्ट समझ के महत्व को रेखांकित किया। संयोजक डॉ. निधि चौहान ने श्रृंखला के उद्देश्य, पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्नऔर प्रभावी तैयारी रणनीतियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में विशेष रूप से रसायन विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। आयोजन समिति सदस्य डॉ. ज्योति रघुवंशी, डॉ. अंकिता शर्मा और डॉ. पल्लवी गुप्ता द्वारा शैक्षणिक सत्रों का समन्वय किया जा रहा है।*

---

मानव संग्रहालय में दोपहर 12 बजे शुरू होगा पतंग उत्सव

# 'पतंग उत्सव-पतंग के रंग मानव संग्रहालय के संग' का भव्य आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ऋतु परिवर्तन, कृषि चक्र और सामुदायिक उल्लास का प्रतीक है। इसी लोकभावना को साकार करने के उद्देश्य से मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दोपहर 12 बजे से मानव संग्रहालय के मंडपम परिसर में 'पतंग उत्सव-पतंग के रंग मानव संग्रहालय के संग' का आयोजन किया जा रहा है।

यह उत्सव मकर संक्रांति के साथ-साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों में मनाए जाने वाले पौष परबोन, पोंगल, उत्तरायण, माघी, खिचड़ी, माघ बिहू तथा सुग्गी हब्बा/संक्रांति जैसे पर्वों की सांस्कृतिक एकता और विविधता को रेखांकित करता है। संग्रहालय के निदेशक प्रो डा अमिताभ पांडे ने बताया कि, पतंग उत्सव का उद्देश्य केवल मनोरंजन तक सीमित न होकर भारतीय लोकसंस्कृति, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों और सामुदायिक सहभागिता को एक मंच पर लाना है। इस अवसर पर पतंग प्रतियोगिता का आयोजन तीन श्रेणियों में किया जाएगा। प्रोफेशनल, ओपन एवं बाल श्रेणी, ताकि सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों को मौका मिल सके।



### पत्रकार पतंग महोत्सव का आयोजन आज

*मकर संक्रांति पर सनातन प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश एवं प्रेस मीडिया कर्मियों के संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति पत्रकार पतंग उत्सव का आयोजन 14 जनवरी को किया जा रहा है। यह आयोजन एलएनसीटी विश्वविद्यालय परिसर स्थित जेके अस्पताल, कोलार रोड, भोपाल में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार यह महोत्सव मीडिया से जुड़े पत्रकारों, कैमरामैन एवं फोटोग्राफरों के बीच आपसी सौहार्द्र, संवाद, मनोरंजन एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।*

---

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में दूसरे दिन प्रदर्शनी संग व्याख्यान का आयोजन

व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने किया संवाद

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विवेकपूर्ण, नैतिक व जिम्मेदार उपयोग पर गंभीरता से विचार करें : प्रो. बासू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में 31वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महाकुंभ विज्ञान पर्व के दूसरे दिन मंगलवार को लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता आपका प्रिस्क्रिप्शन भी लिख सकता है? विषय पर प्रो. तन्मय बासु, प्रमुख-डाटा साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में प्रो. बासु ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के तेजी से बढ़ते उपयोग, उसकी संभावनाओं तथा उस पर बढ़ती मानव निर्भरता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विवेकपूर्ण, नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग पर गंभीरता से विचार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने भारी संख्या में सहभागिता की और विषय में गहरी रुचि प्रदर्शित की। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं संवाद से कार्यक्रम अत्यंत रोचक एवं विचारोत्तेजक बना।


विज्ञान प्रदर्शनी में जानकारी लेते विद्यार्थी।

## निफ्ट के विद्यार्थियों ने ब्लॉक प्रिंटिंग की तकनीकों का दिया प्रत्यक्ष प्रशिक्षण

*इसी कड़ी में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के विद्यार्थियों ने भी एक स्टॉल लगाया जिस पर हथकरघे पर कपडे बनाने की प्रक्रिया के साथ साथ ब्लॉक प्रिंटिंग की तकनीकों का प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक अनुभव भी दर्शकों और विद्यार्थियों को प्रदान किया।*


### विज्ञान प्रदर्शनी को दर्शकों ने सराहा

*विज्ञान पर्व के अंतर्गत आयोजित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित प्रदर्शनी को भी दर्शकों से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली। विशेष ज्ञान से भरपूर यह प्रदर्शनियां जितनी मनोरंजक हैं उतनी ही ज्ञानवर्धक भी। बच्चों एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का भ्रमण किया तथा विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों, नवाचारों और प्रतिष्ठित संस्थानों की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।*

## खबर संक्षेप

### बंगाल में फैला जानलेवा संक्रामक रोग निपाह

**कोलकाता।** कुछ वर्षों के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि देश के विभिन्न हिस्सों में संक्रामक



बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। पिछले साल कई तरह के संक्रामक रोग अक्सर सुर्खियों में रहे। केरल में निपाह वायरस के मामलों ने खूब परेशान किया। अब पश्चिम बंगाल में भी निपाह का संक्रमण है। 70 फीसदी रोगियों की मौत होती है।

### अब पॉलीट्रॉमा आईसीयू में पानी, 14 को निकाला

**जयपुर।** यहां के सवाई मानसिंह अस्पताल के पॉलीट्रॉमा आईसीयू के पास सोमवार देर रात को पाइप से पानी का रिसाव हो गया, जिससे पूरे आईसीयू में पानी भर गया।



कर्मचारियों ने सूचना प्रशासन को दी। प्रशासन ने 14 गंभीर मरीजों को दूसरी जगह ट्रांसफर किया। इस अस्पताल में 3 महीने पहले न्यूरो आईसीयू में आग से 6 लोगों की मौत हो गई थी।

### उपराष्ट्रपति ने नशामुक्त परिसर की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से बचाने,विकसित तथा



आत्मनिर्भर भारत दृष्टियोजना साकार करने के निरंतर सामूहिक प्रयास की जरूरत पर जोर देते हुए मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान आरंभ किया। साथ ही, ई-संकल्प मंच और मोबाइल एप्लिकेशन का भी शुभारंभ किया।

### राज ठाकरे के बयान पर भड़के अयोध्यावासी

**अयोध्या।** यहां के साधु-संत और स्थानीय लोगों ने बताया कि राज ठाकरे को ऐसी भाषा का प्रयोग



नहीं करना चाहिए। पूरे देश में हिंदी भाषा बोली जाती है। जबरदस्ती किसी भी भाषा को नहीं बुलवाया जा सकता है। राज का बयान बेहद ही निंदनीय है और उनको माफी मांगनी चाहिए। अगर राज ऐसा करेंगे, तो महाराष्ट्र के लोगों के साथ भी ऐसा होगा।

### सलेम अंतरराष्ट्रीय अपराधी, 2 दिन पैरोल दें

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को बंबई हाई कोर्ट को बताया कि



1993 के मुंबई बम धमाका मामले में दोषी गैंगस्टर अबू सलेम एक अंतरराष्ट्रीय अपराधी है। उसे पुलिस सुरक्षा के साथ केवल दो दिन की आपातकालीन पैरोल दी जा सकती है। सलेम ने अपने बड़े भाई की मृत्यु का हवाला देकर 14 दिन की पैरोल मांगी थी। इसी पर सवाल उठा है।

---

## मराठी अस्मिता और गठबंधन के मुद्दे पर यहां गरमाई सियासत

# प्रचार समाप्त, राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंचे, सभी बता रहे अपनी दावेदारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में नगर निगम चुनाव इस बार सत्ता की कठिन परीक्षा बन गया है। 15 जनवरी को राज्य की 29 नगर निगमों में मतदान होना है, जिसे लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं। मराठी अस्मिता, गठबंधन की मजबूती और बीएमसी की कुर्सी समेत कई मुद्दों को लेकर राजनीतिक पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप सातवें आसमान पर पहुंच गया है। मंगलवार को इस चुनावी अभियान के प्रचार-प्रसार का आखिरी दिन है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां चुनावी रण में अपनी-अपनी दावेदारी प्रबल बताने में लगी हुई हैं। प्रचार के आखिरी दौर में भी कई बड़े नेता मैदान में उतर चुके हैं, जिसके चलते सियासी तापमान अपने चरम पर है। बता दें कि मतदान को देखते हुए राज्य सरकार ने 15 जनवरी यानी गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। वोटिंग सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी और नतीजे 16 जनवरी को आएंगे।

*15 को मतदान 29 नगर निगमों में चुनाव*

*227 वार्डों में बीएमसी में मतदान, 1,700 उम्मीदवार मैदान में*

*7.30 बजे सुबह से होगी वोटिंग*



बीएमसी

**बीएमसी में बड़ी लड़ाई**

पहले महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की बात करें तो मुंबई की सबसे बड़ी नगर निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के लिए मुकाबला काफी दिलचस्प है। यहां 227 वार्डों के लिए करीब 1,700 उम्मीदवार मैदान में हैं। बीएमसी चुनाव को सत्ता की सेमीफाइनल लड़ाई माना जा रहा है।

### नागपुर में सीएम फडणवीस ने किया रोड शो

चुनाव प्रचार प्रसार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में जबरदस्त रोड शो किया। वे बुलेट बाइक पर सवार होकर रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि चुनाव के बाद मुंबई में महायुति का मेयर बनेगा। सीएम फडणवीस ने साफ कहा कि बीएमसी की कमान मराठी हाथों में ही रहेगी। उन्होंने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि मराठी समाज खतरे में नहीं है, बल्कि कुछ राजनीतिक दलों का अस्तित्व खतरे में है। उनका कहना था कि महाराष्ट्र किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि सभी मराठियों का है।

### 'पिटाई दस्ता' बनाने का ऐलान

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के एक बयान ने चुनावों



में हिंसा को लेकर चिंता बढ़ा दी। उन्होंने घोषणा की मतदान के दिन उद्धव ठाकरे और मनसे के कार्यकर्ताओं का एक संयुक्त दस्ता गठित होगा, जो पिटाई दस्ता होगा व अवैध वोटिंग को रोकेगा।

### पुणे में शिवसेना अकेले मैदान में

पुणे नगर निगम चुनाव में एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना



भाजपा से सीटों पर सहमति नहीं बनने के कारण अकेले चुनाव लड़ रही है। पार्टी नेता नीलम गोर्हे ने दावा किया कि शिवसेना इतनी सीटें जीतेगी कि नगर निगम के फैसलों में उसकी अहम भूमिका होगी।

---

## शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास

# सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, ये सूरज और चांद की तरह सदैव अमर रहेगा

एजेंसी ▶▶| गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति, लोगों की आस्था को खत्म करना आसान नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सोमनाथ मंदिर के बीती सदियों में बार-बार तोड़े जाने और 16 बार पुनर्निर्माण का हवाला दिया। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने सोमनाथ मंदिर पर हमले किए, वे मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी उसी जगह पर पूरे गर्व के साथ खड़ा है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह गुजरात दौरे पर हैं। मंगलवार को अमित शाह ने गांधीनगर में 267 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 16 बार तबाह किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर 1000 साल बाद भी पूरे गर्व और सम्मान के साथ खड़ा है और इसके शीर्ष पर धर्मध्वजा लहरा रही है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि ये पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। यह चांद और सूरज की तरह शाश्वत और अमर है। सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गर्व का प्रतीक है।

### *पीएम ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था*



*बीती 11 जनवरी को पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया था। यह पर्व सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के हमले और मंदिर के पुनर्निर्माण के 1000 हजार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। महमूद गजनी ने साल 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था। केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे सालभर देश में मनाया जाएगा। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा।*

### *मंदिर पर नहीं हमारी आस्था पर किया था हमला*

शाह ने कहा कि एक हजार साल पहले महमूद गजनी ने सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और इसे तोड़ा। उसके बाद अन्य हमलावरों जैसे अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब ने भी हमले किए, लेकिन हर हमले के बाद मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। हमलावर तबाही में विश्वास रखते थे और मंदिर बनाने वालों का विश्वास रचना में। आज 1000 साल बाद हमलावर मिट गए हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर अभी भी पूरे गर्व के साथ खड़ा है। शाह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर हमला सिर्फ एक मंदिर पर हमला नहीं था बल्कि ये हमारी आस्था, विश्वास और आत्म सम्मान पर हमला था। हमले का जवाब दूसरा हमला नहीं हो सकता। इसका उत्तर आत्म-सम्मान में छिपा है।

### यहां पर विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी,अध्ययन की सुविधा भी

शाह ने कहा कि दुनिया भर की बीएसएल लैब्स का अध्ययन करके यह तैयार की जा रही है। यहां पशुओं से होकर मानव तक पहुंचने वाले रोगों का भी अध्ययन करने की विश्वस्तरीय व्यवस्था होगी। एक अध्ययन के अनुसार 60 से 70 प्रतिशत बीमारियां पशुओं से होकर इंसान तक पहुंचती हैं, इसलिए भारत ने वन हेल्थ मिशन के माध्यम से मानव और पशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का कार्यक्रम शुरू किया है।

### गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर समग्र विकास का आधार बनेगा

गृहमंत्री शाह ने गांधीनगर में गुजरात बायोटेक्नॉलजी रिसर्च सेंटर की बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी का शिलान्यास किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज गुजरात की धरती से हम भारत की स्वास्थ्य सुरक्षा, बायो सेफ्टी और बायोटेक विकास के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर में बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी के शिलान्यास से आगामी दिनों में समग्र भारत के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र का एक मजबूत सुरक्षा कवच बनकर उभरेगा।

### पुणे के बाद भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी

शाह ने कहा कि पुणे की वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट के बाद यह भारत की दूसरी उच्च स्तरीय लैब होगी। परंतु, किसी राज्य सरकार द्वारा बनाई जा रही यह पहली लैब है, जिसका श्रेय गुजरात को जाता है। एक विशाल कॉम्प्लेक्स में 362 करोड़ की लागत से 11 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में देश की जैविक सुरक्षा का एक मजबूत किला बनने जा रहा है। हम दुनिया में हो रहे अत्याधुनिक रिसर्च से कई साल तक पिछड़े हुए थे, लेकिन बीएसएल-4 बायो-कंटेनमेंट फैसिलिटी से बायो-टेक्नोलॉजी क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को नए मौके मिलेंगे और भारत इस क्षेत्र में आगे निकल पाएगा।

---

## 'जन नायकन' रोकने का प्रयास हो रहा

# प्रधानमंत्री तमिल जनता की आवाज को नहीं दबा सकते



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

थलापति विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। अपने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर फिल्म के मेकर्स अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुके हैं। इस बीच विजय की फिल्म को तमिल सिनेमा के तमाम कलाकारों का समर्थन मिल रहा है। अब इस मामले में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अटकने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने इसको लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में राहुल ने पीएम मोदी का जिक्र किया है। पोस्ट में राहुल ने लिखा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 'जन नायकन' को रोकने का प्रयास तमिल संस्कृति पर हमला है। पीएम मोदी आप तमिल जनता की आवाज को दबाने में कभी सफल नहीं होंगे।

### पिछले हफ्ते मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था यह आदेश

'जन नायकन' की रिलीज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने साफ किया था कि सीबीएफसी के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था। कोर्ट के अनुसार जब चेयरपर्सन ने सिफारिश की थी कि सर्टिफिकेट कट के बाद जारी किया जाएगा, तब उनका ये अधिकार खत्म हो गया था। निर्माताओं ने सर्टिफिकेट देने की मांग के साथ अदालत का रुख किया था।

### अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

*अब मद्रास हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। उच्चतम न्यायालय में इस चुनौती के पीछे मुख्य दलील ये है कि फिल्म को रिलीज करने से पहले सभी प्रॉसेस का पालन करना जरूरी है। साथ ही किसी भी तरह के सर्टिफिकेट जारी करने या रोकने के फैसले पर रिव्यू की संभावना बनी रहनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल मामले की सुनवाई के लिए तारीख तय नहीं की है, लेकिन इस कदम ने फिल्म के रिलीज को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है।*

---

## उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में अनमोल औषधीय खजाना मिला

# हिमालय में मिला कैंसर रोधी 'दुर्लभ चागा' मशरूम, यह प्राचीन भोजपत्र पर दिख रहा

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में प्रकृति का एक अनमोल औषधीय खजाना मिला है। जड़ी-बूटी शोध संस्थान (मंडल) से सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय भट्ट ने धारचूला के बालिंग और सीपू जैसे दुर्गम इलाकों में चागा मशरूम की पहचान की है। यह न केवल दुर्लभ है, बल्कि कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में भी सक्षम पाया गया है। यह मशरूम केवल उन्हीं भोजपत्र के पेड़ों के तनों पर उगता है, जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक हो चुकी है।

### *जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा दिखा*



डॉ. भट्ट ने बताया कि अब तक यह माना जाता था कि चागा मशरूम (मइनोनोटस ओब्लिक्वस) मुख्य रूप से साइबेरिया और रूस के ठंडे जंगलों में ही पाया जाता है। लेकिन धारचूला और नीति घाटी में 3000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर इसकी मौजूदगी ने शोधकर्ताओं को उत्साहित कर दिया है। यह जले हुए कोयले या मधुमक्खी के छत्ते जैसा भूरा-काला नजर आता है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमत

चागा मशरूम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है। दिल्ली सहित बड़े महानगरों में साइबेरिया व रूस से आयातित चागा मशरूम 25 से 30 हजार रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इसका संरक्षण किया जाए तो सीमांत क्षेत्रों के ग्रामीणों को इससे आर्थिक लाभ मिल सकता है।

### औषधीय चाय के रूप में होता है उपयोग

डॉ. भट्ट ने बताया कि इस मशरूम को वैज्ञानिक विधि से सुखाकर इसका पाउडर तैयार किया जाता है, जिसका उपयोग शहद के साथ हर्बल चाय के रूप में होता है। इसमें विटामिन-डी2, पॉलीसैकेराइड्स और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने यह चाय बेंगलुरु, दिल्ली और चंडीगढ़ के कई मरीजों को भेजी है, जिनसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कैंसर पीड़ित लोग और लीवर की बीमारी से जूझ रहे लोग इसे काफी असरदार बता रहे हैं।

---

## पोंगल पर प्रस्तुति देती छात्राएं



**चेन्नई।** मंगलवार को चेन्नई के डॉ. एमजीआर जानकी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस फॉर विमेन में पोंगल त्योहार के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह के दौरान छात्राओं ने प्रस्तुति दी।

---

## एलडीएफ सरकार के प्रस्ताव का भाजपा ने किया समर्थन

# केरल का नाम बदलने के लिए प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री को चिट्ठी

## राज्य भाजपा इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने लिखा पत्र

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल का नाम बदलने के एलडीएफ सरकार के प्रस्ताव को केरल भाजपा ने भी समर्थन दिया है। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। दरअसल केरल की एलडीएफ सरकार ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने का प्रस्ताव दिया है। राज्य की भाजपा इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर अपना समर्थन दिया है। अब इस संबंध में गेंद केंद्र सरकार के पाले में है।

### नया नाम दिया गया- केरलम



पत्र में चंद्रशेखर ने लिखा कि नाम बदलने से राज्य में कट्टरपंथी ताकतों पर नकेल कसने में मदद मिलेगी, जो धर्म के आधार पर राज्य में अलग-अलग जिले बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। चंद्रशेखर ने बताया कि राज्य विधानसभा इस प्रस्ताव को पारित कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा भाषा, संस्कृति और परंपराओं को बचाने में आधारित है और भाजपा केरल को हमेशा केरलम के रूप में ही देखती है क्योंकि इस राज्य का हजारों वर्षों का इतिहास और संस्कृति है। चंद्रशेखर ने सीएम को भी पत्र लिखा और उम्मीद जताई कि केरल सुरक्षित और विकसित बनेगा, जहां सभी मलयाली लोग मिलकर रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे एक विकसित और सुरक्षित केरलम का निर्माण संभव होगा, जहां सभी मलयाली आस्था और परंपराओं को लेकर सुरक्षित होंगे।

---

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर अश्विनी ने कहा- इससे उत्पादकता बढ़ेगी

# अब देश का हर युवा निशुल्क सीख सकेगा एआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आज के समय में नागरिकों, खासकर युवाओं के लिए यह जरूरी है कि उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बुनियादी समझ हो कि यह क्या है, कैसे काम करता है, कहां उपयोग होता है। साथ ही इसका जिम्मेदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए? राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अगर छोटे उद्यम एआई का सही इस्तेमाल करें तो इससे उनकी उत्पादकता बढ़ेगी और उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा।

आज के समय में युवाओं में बुनियादी समझ होना अतिआवश्यक

*'युवा एआई फॉर आल' को सामने रख बताया इसका महत्व व कार्य*

### एक साल में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य

*वैष्णव ने कहा जिम्मेदारी से इसका उपयोग किया जाए*

*छोटे कारोबारियों को भी होगा इससे बड़ा लाभ*



वैष्णव ने बताया कि इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय एआई साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत अगले एक साल में 10 लाख युवाओं को एआई की ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने इस मौके पर अपने प्रमुख कोर्स 'युवा एआई फॉर आल' को भी सामने रखा, जो स्वामी विवेकानंद के प्रबुद्ध युवाओं के सपने को आधुनिक एआई युग से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है।

### *4 घंटे का पाठ्यक्रम 11 भाषाओं में उपलब्ध कराया*

*यह कोर्स करीब चार घंटे का है और इसे इस तरह तैयार किया गया है कि इसे करने के लिए किसी तकनीकी पृष्ठभूमि की जरूरत नहीं होगी। यह कोर्स 11 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा और पूरी तरह निःशुल्क होगा। 'युवा एआई फॉर आल' को फ्यूचर स्किल प्राइम, आईडीओटीके कर्मयोगी, दीक्षा और अन्य प्रमुख ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया जाएगा। कोर्स पूरा करने पर प्रतिभागियों को भारत सरकार का आधिकारिक प्रमाणपत्र भी मिलेगा। आईटी मंत्रालय के अनुसार यह पहल युवाओं को एआई-आधारित भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।*

# पाक ड्रोन पर बोले सेना प्रमुख-लगाम लगाइए, ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना के वार्षिक प्रेस सम्मेलन में मंगलवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तान के सैन्य अभियानों के प्रमुख को पाकिस्तान से भारत में ड्रोन घुसपैठ को नियंत्रित करने के लिए कहा गया है। सेना प्रमुख ने बताया कि देखे गए ड्रोन बहुत छोटे थे और उनकी बत्तियां जल रही थीं; वे बहुत ऊंचाई पर नहीं उड़ रहे थे। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी को लगभग 6 ड्रोन देखे गए, और 11 और 12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन देखे गए। मेरा मानना है कि ये रक्षात्मक ड्रोन थे, जो यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि क्या हमारे खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है। संभव है कि वे यह भी देखना चाहते थे कि भारतीय सेना में कोई खामी या ढिलाई तो नहीं है, या कोई ऐसा रास्ता तो नहीं है जिसके जरिए वे आतंकवादियों को भेज सकें। उन्हें नकारात्मक प्रतिक्रिया मिली होगी। उन्होंने कहा, लगाम लगाईए। सेना प्रमुख ने कहा कि आज हमारी सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) के साथ बैठक हुई। उस बैठक में इस मामले पर चर्चा हुई और उन्हें बताया गया कि यह हमें स्वीकार्य नहीं है, कृपया नियंत्रण रखें। यह बात उन्हें बता दी गई है।


जनरल उपेंद्र द्विवेदी

*सेना प्रमुख ने बताया कि 10 जनवरी को लगभग 6 ड्रोन देखे गए, और 11 और 12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन देखे गए। मेरा मानना है कि ये रक्षात्मक ड्रोन थे, जो यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि क्या हमारे खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है*

- ***ड्रोन देखे जाने पर भारतीय सेना की पाक को चेतावनी***
- ***डीजीएमओ के साथ हुई बातचीत***
- ***जम्मू-कश्मीर में हालात नियंत्रण में***

### उत्तरी मोर्चे पर हालात स्थिर

जनरल द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी मोर्चे पर हालात स्थिर हैं, लेकिन लगातार नजर रखने की जरूरत है। नए सिरे से संपर्क और भरोसा बनाने के उपायों से हालात क्रमिक तरीके से सामान्य हो रहे हैं। मारी सैन्य तैनाती संतुलित और मजबूत बनी हुई है। क्षेत्र में क्षमता विकास और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने का काम चल रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हालात संवेदनशील बने हुए हैं, लेकिन पूरी तरह नियंत्रण में हैं।

### भारत किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुस्साहस का प्रभावी ढंग से जवाब दिया जाएगा। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपने सैनिकों को तैनात किया था और पाकिस्तान द्वारा कोई भी गलती करने पर जमीनी कार्रवाई के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### बांग्लादेश के साथ संचार चैनल खुले हुए

सेना प्रमुख ने कहा कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार है। ऐसे में उनके निर्णयों का असर महज चार-पांच महीने तक ही रहेगा। भारत का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रकार की गलतफहमी को बढ़ावा न मिले। तीनों सेनाओं ने अपने संचार चैनल पूरी तरह से खुले रखे हैं। मैं खुद भी वहां के सेना प्रमुख के साथ नियमित संपर्क में हूं।


### राजोरी में फिर दिखे ड्रोन सेना ने बरसाई गोलियां

राजोरी जिले में नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में मंगलवार शाम को एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। सेना ने ड्रोन पर गोलीबारी की तो वे गायब हो गए। रविवार शाम को राजोरी, पुंछ और सांबा जिले में पाकिस्तानी ड्रोनों की घुसपैठ हुई थी। शाम सात बजे से साढ़े सात बजे के बीच पहले राजोरी के केरी सेक्टर के डूंग गाला और उसके बाद ठंडीकस्सी में ड्रोन देखे गए। केरी के डूंगा गाला में दो से तीन ड्रोन दिखते ही सेना ने उनपर गोलियां दागीं। इसके बाद ड्रोन गायब हो गए।

---

## खबर संक्षेप

### रूस के कुरील द्वीप में 6.3 तीव्रता का भूकंप



**मॉस्को।** रूस के कुरील द्वीप समूह में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गई। फिलहाल इस भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। यूएसजीएस के मुताबिक, 13 जनवरी को शाम 6 बजकर 34 मिनट रूस और जापान के बीच स्थित कुरील द्वीप समूह में यह भूकंप दर्ज किया गया। इसका केंद्र 44.6 डिग्री उत्तर और 149.1 डिग्री पूर्व अक्षांश-देशांतर पर, जापान के असाहिकावा से लगभग 545 किमी पूर्व में था।

### बांग्लादेश ने म्यांमार राजदूत को तलब किया



**ढाका।** बांग्लादेश-म्यांमार सीमा पर रखाइन राज्य में म्यांमार की सेना, आराकान आर्मी और रोहिंग्या सशस्त्र समूहों के बीच चल रहे संघर्ष के असर से सीमा पार गोलीबारी और लैंडमाइन विस्फोट बढ़ गए हैं। टेकनाफ के व्हाईकोंग यूनियन के पास हुई गोलीबारी में एक 12 वर्षीय बांग्लादेशी लड़की को गंभीर चोट लगी, जिसके बाद बांग्लादेश सरकार ने सख्त कदम उठाया। विदेश मंत्रालय ने म्यांमार के राजदूत को समन कर इस घटना पर कड़ी आपत्ति दर्ज की और भविष्य में ऐसी हरकतों को रोकने की जिम्मेदारी ली जाने की मांग की।

---

ईरान की आड़ में ट्रंप की भारत को फिर धमकी

## तेल खरीद शुल्क और 25% बढ़ेगा, अब देना होगा 75%


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान में बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि जो भी देश ईरान के साथ व्यापार करेगा, उसे तत्काल प्रभाव से अमेरिका को 25 फीसदी टैरिफ देना पड़ेगा। यह अंतिम और निर्णायक फैसला है। जिसका सीधा असर भारत, चीन, तुर्किये, आर्मेनिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान जैसे देशों पर पड़ेगा। क्योंकि यह सभी ईरान के बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। भारत के लिए मामला ज्यादा चिंताजनक इसलिए है। क्योंकि वो पहले से अमेरिका द्वारा रूस से चल रही कच्चे तेल की खरीद पर नाराजगी के साथ लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की मार झेल रहा है। जिसमें 25% दंडात्मक टैरिफ का भाग शामिल है। ट्रंप की धमकी सच हुई तो भारत पर कुल टैरिफ 75% हो जाएगा।

### भारतीय बासमती निर्यात पर पड़ा बुरा असर

ईरान में जारी नागरिक अशांति का असर भारत के बासमती चावल के निर्यात पर पड़ना शुरू हो गया है, जिससे घरेलू कीमतों में भारी गिरावट आई है। निर्यातकों को भुगतान में देरी और बढ़ती अनिश्चितताएं इसकी मुख्य वजह है। इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन ने निर्यातकों से ईरानी अनुबंधों पर जोखिमों का पुनर्मूल्यांकन करने और भुगतान के सुरक्षित तरीके अपनाने का आग्रह किया। साथ ही ईरानी बाजार के लिए जरूरत से ज्यादा भंडार रखकर जोखिम नहीं लेने को कहा है। इसके कारण बासमती चावल की किस्म 1121 की घरेलू कीमत पिछले सप्ताह के 85 रुपए प्रति किलो से घटकर 80 रुपए प्रति किलो हो गई है। वहीं 1509 और 1718 किस्म की कीमत 70 रुपए प्रति किलो से घटकर 65 रुपए प्रति किलो हो गई है। उद्योग संगठन ने इस पर भी चिंता जाहिर की व्यापार जारी रखने वाले देशों को 25 प्रतिशत तक शुल्क का सामना करना पड़ सकता है।

### हम ईरान को चीनी, चावल देते, मेवे लेते

आंकड़ों की माने तो वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईरान के बीच हुआ कुल व्यापार लगभग 1.68 डॉलर का रहा है। जिसमें भारत से ईरान निर्यात किए गए सामान की भागीदारी 1.24 बिलियन डॉलर की रही। जबकि ईरान ने नई दिल्ली को 0.44 बिलियन डॉलर का सामान आयात किया था। भारत ईरान को चावल, चीनी, चाय, दवाइयां, आर्टिफिशियल जेवर, इलेक्ट्रिक मशीनरी, मानव निर्मित स्टेपल फाइबर भेजता है और वहां से हम मेवे (ड्राई फ्रूट), ऑर्गेनिक केमिकल और ग्लासवेयर खरीदते हैं।

---

ईरान में संकट गहराया, कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन जारी

अब तक 2000 लोगों की मौत हजारों गिरफ्तार

## ईरान ने ट्रंप की चुनौती स्वीकार की साफ कहा- हम युद्ध के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ तेहरान

> ईरानी अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई के दौरान हुई मौतों की इतनी बड़ी संख्या को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। अधिकारी ने दावा किया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनके लिए तथाकथित आतंकवादी जिम्मेदार हैं। अधिकारी के अनुसार इन घटनाओं में प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी जान गई है

ईरान में पिछले दो हफ्तों से जारी देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगभग 2,000 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें प्रदर्शनकारी और सुरक्षा बलों के जवान शामिल हैं। यह जानकारी एक ईरानी अधिकारी ने मंगलवार को दी। यह पहला मौका है जब ईरानी अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई के दौरान हुई मौतों की इतनी बड़ी संख्या को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। अधिकारी ने दावा किया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनके लिए तथाकथित आतंकवादी जिम्मेदार हैं। अधिकारी के अनुसार इन घटनाओं में प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी जान गई है।

उधर, अमेरिका ने कई बार चेतावनी दी है कि अगर प्रदर्शनकारियों पर दमन जारी रहा तो मजबूत सैन्य हमले के लिए ईरान तैयार रहे। ईरान ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा कि वह हर तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान पर बहुत मजबूत सैन्य हमले पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि तेहरान को प्रदर्शनकारियों पर दमन न करने की चेतावनी की अनदेखी करना बहुत महंगा पड़ेगा। इस पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान निष्पक्ष बातचीत के लिए भी तैयार है, लेकिन वह युद्ध के लिए भी हर तरह से तैयार है।

ईरान ने ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और इटली के राजदूतों को तलब किया है। ईरान ने उनकी सरकारों पर प्रदर्शनकारियों का समर्थन करने और उसके आंतरिक मामलों में दखल देने का आरोप लगाया।

ट्रंप की पहली पसंद कूटनीति अन्य विकल्प खुले



ईरान में विरोध प्रदर्शन

### ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

#### *51वां राज्य बनाने का कानूनी अधिकार मिलेगा*

*अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन ने को 'ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट' नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। बिल को हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है।*

### *ईरान में इंटरनेट बैन जारी*

*ईरानी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय कॉल्स पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। हालांकि इंटरनेट पर अभी भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। सरकार के इस कदम को 'किल स्विच' रणनीति के रूप में जाना जाता है। दुनियाभर के देश संकट की स्थिति में गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए इस तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। ईरान की सरकार ने प्रदर्शनकारियों के बीच सूचना की कनेक्टिविटी को रोकने के लिए यह कदम उठाया है। बता दें, ईरान में 7 जनवरी के बाद हालात अचानक बदल गए जिसके बाद 9 जनवरी को इंटरनेट और टेलीफोन पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी।*

### व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट बोलीं

#### हवाई हमले के विकल्प खुले



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा सभी विकल्प खुले रखते हैं। कूटनीति उनकी पहली पसंद है, लेकिन जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई, यहां तक कि हवाई हमले भी विकल्पों में शामिल हैं। राष्ट्रपति ट्रंप हालात को बेहद करीब से देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईरानी शासन सार्वजनिक मंचों पर जो बयान दे रहा है, वह उन निजी संदेशों से अलग है, जो अमेरिकी प्रशासन को अंदरूनी चैनलों से मिल रहे हैं।

#### *तुरंत छोड़ दें ईरान*

*ईरान में अमेरिकी वर्चुअल दूतावास की ओर से जारी सलाह में अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने को कहा गया है। इसमें कहा गया है कि ईरान में विरोध प्रदर्शन बढ़ रहे हैं और हिंसक रूप ले सकते हैं, जिसकी वजह से गिरफ्तारियां हो सकती हैं और चोटें लग सकती हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, सड़कें बंद कर दी गई हैं, सार्वजनिक परिवहन बाधित है और इंटरनेट पर प्रतिबंध है। एयरलाइंस ईरान से आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर रही हैं।*

---

## 'मकर संक्रांति' पर पवित्र स्नान


**कोलकाता।** 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति का पावन पर्व मनाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में सागर द्वीप पर, गंगासागर मेला 2026 के दौरान, 'मकर संक्रांति' त्योहार की पूर्व संध्या पर, गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम पर पवित्र स्नान करने के लिए लोग इकट्ठा हुए।

---

एनएसए डोभाल और इमैनुएल बोन के बीच हुई बैठक

## सामरिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध भारत-फ्रांस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को नई दिल्ली में भारत और फ्रांस के बीच 38वें सामरिक संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के कूटनीतिक सलाहकार इमैनुएल बोन शामिल हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस महत्वपूर्ण संवाद के दौरान दोनों मित्र देशों ने सामरिक भागीदारी को और अधिक आगे बढ़ाने के लिए मजबूती के साथ अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। अगले फरवरी महीने में फ्रांस के राष्ट्रपति एआई इंपैक्ट समिट-2026 में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे। संवाद के दौरान राष्ट्रपति मैक्रों की इस यात्रा की तैयारियों के मुद्दे की भी समीक्षा की गई।

### पीएम और जयशंकर से की भेंट

वहीं, बोन ने संवाद से इतर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ मुलाकात की। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ उनकी शिष्टाचार भेंट हुई। जयशंकर ने बोन के साथ मुलाकात की जानकारी को एक्स पर पोस्ट, तस्वीरों के जरिए साझा किया है। दोनों पक्षों की वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और नागरिक परमाणु सहयोग जैसे क्षेत्रों को लेकर जारी मौजूदा कदमों पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संयुक्त विकास और सहयोग से जुड़े अवसरों को तलाशने पर भी जोर दिया गया है।


एमैनुएल बोन और जयशंकर

---

अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिज संबंधी बैठक में शामिल हुए वैष्णव

## नए प्रोजेक्ट में होगी फंडिंग साझेदारी के लिए सहमति

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वॉशिंगटन में क्रिटिकल मिनरल्स मीटिंग में हिस्सा लिया। जिसे अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने आयोजित किया था। बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों पर चर्चा करने के लिए जी-7 देशों के वित्त मंत्री शामिल हुए। वैष्णव ने बताया कि बैठक सकारात्मक थी। कई देशों ने अपने अनुभवों को साझा किया। आपूर्ति श्रृंखला को लचीला बनाने के लिए वे लोग क्या कदम उठा रहे हैं और प्रकृति के नजरिए से महत्वपूर्ण खनिजों को रीसायकल करके ज्यादा इस्तेमाल में लिया जा सके, गुणवत्ता पर कैसे फोकस हो सहित कई विषयों पर चर्चा हुई।


केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

### सकारात्मक रही बैठक

वैष्णव ने बताया कि बैठक सकारात्मक रही। नए परियोजनाओं के वित्तपोषण पर चर्चा हुई। विभिन्न देशों के बीच प्रौद्योगिकी साझाकरण पर चर्चा हुई। पुनर्चक्रण पर बहुत महत्वपूर्ण चर्चा हुई क्योंकि यह अपशिष्ट उत्पादों से खनिजों का दोहन करने का एक अच्छा तरीका है। विभिन्न देशों के बीच अनुसंधान कार्य साझा करने पर चर्चा और समझौते हुए। यह एक बहुत ही सकारात्मक बैठक थी, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों की गुणवत्ता और उपलब्धता में सुधार लाने पर जोर दिया गया।

---

भारत की अध्यक्षता में समूह का और बढ़ेगा रुतबा, वैश्विक कल्याण पर जोर

## 2026 में 'कमल' से सजेगा ब्रिक्स का मंच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की अध्यक्षता में 2026 में ब्रिक्स का मंच कमल से सजने से जा रहा है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को ब्रिक्स 2026 के लिए आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च की है। इस लोगो में मौजूद कमल सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। लॉन्च के बाद विदेश मंत्री ने कहा है कि भारत की अध्यक्षता के दौरान ब्रिक्स समूह के जरिए वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा, खासकर ऐसे समय में जब समूह अपनी 20वीं वर्षगांठ मना रहा है। बता दें, दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाएं ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स समूह की अगुवाई करती हैं। इसकी स्थापना साल 2006 में हुई थी। बीते कुछ सालों में समूह का तेजी से विस्तार हुआ जहां मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया भी पूर्ण सदस्य के रूप में ब्रिक्स में शामिल हो गए।

- **आधिकारिक लोगो और वेबसाइट लॉन्च**
- **लोगो के बीच में 'नमस्कार' का चिन्ह भी**



ब्रिक्स लोगो का अनावरण करते विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### ब्रिक्स की मजबूती से तिलमिलाया अमेरिका

शुरूआत के बाद से ही ब्रिक्स एक अहम वैश्विक मंच के तौर पर उभरकर सामने है। फिलहाल इसमें कुल 11 सदस्य देश शामिल हैं, जो दुनिया की करीब 49.5 प्रतिशत आबादी, लगभग 40 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी और करीब 26 प्रतिशत वैश्विक व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं भारत की 2026 की अध्यक्षता में ब्रिक्स से वैश्विक स्तर पर सहयोग और प्रभाव और बढ़ने की उम्मीद है। समूह ने समय समय पर अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को सीधी चुनौती देने की भी कोशिश की है, जिससे अमेरिका तिलमिलाया हुआ है।

### *लोगो की पंखुड़ियों में ब्रिक्स देशों के रंग*

*अधिकारियों के मुताबिक नए लोगो की प्रेरणा कमल से ली गई है। यह भारत की गहरी सांस्कृतिक विरासत और मजबूती का प्रतीक है। लोगो की पंखुड़ियों में ब्रिक्स देशों के रंग दिखाए गए हैं, जो अलग अलग आवाजों को एक साझा मकसद के साथ जोड़ने का संदेश देते हैं। वहीं लोगो के बीच में नमस्कार का चिन्ह है, जो सम्मान और सहयोग की भावना को दर्शाता है। इसके साथ एक टैगलाइन भी रखी गई है, 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण।'*

### *तमाम जानकारी वेबसाइट पर*

*जयशंकर ने इस दौरान ब्रिक्स की नई वेबसाइट भी लॉन्च की। इसका मकसद ब्रिक्स से जुड़ी सभी जानकारियों के लिए एक केंद्रीय मंच बनाना है। अधिकारियों ने बताया कि इसमें ब्रिक्स की पहल, प्रोजेक्ट, कार्यक्रम और आधिकारिक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध होगी।*

---

***मर्ज का भारत दौरा संपन्न***

## स्वदेश रवाना, कहा- द्विपक्षीय सहयोग को निरंतर मजबूती देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज दो दिवसीय भारत दौरा पूरा कर आज मंगलवार को स्वदेश रवाना हो गए। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, सीएम भूपेंद्रभाई पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें अहमदाबाद एयरपोर्ट पर विदा किया।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए जो रणनीतिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर आधारित थे। इस द्विपक्षीय सहयोग को निरंतर मजबूती प्रदान करते रहेंगे। उन्होंने आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर का स्वागत किया। उन्होंने सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, डिजिटलीकरण, दूरसंचार, स्वास्थ्य और बायोइकोनॉमी सहित महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग में हुई प्रगति का भी स्वागत किया, जो इनोवेशन और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप रोडमैप को मजबूत करता है।


फ्रेडरिक मर्ज

# वनडे सीरीज पर कब्जे के लक्ष्य के साथ न्यूजीलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| राजकोट

विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 जनवरी को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा।

भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वाशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।

ऋषभ पंत पहले वनडे से पूर्व चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो टीम प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एक और विकल्प हो सकते हैं।



### कीवी टीम का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर

कीवी टीम का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत नहीं है और भारतीय बल्लेबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। पहले मैच में कप्तान शुभमन गिल ने सधी हुई अर्धशतकीय पारी खेली जबकि उप कप्तान श्रेयस अय्यर एक रन से अर्धशतक बनाने से चूक गए। रोहित शर्मा फिर से भारत को अच्छी शुरुआत दिलाने की कोशिश करेंगे।

### भारत के पास कई विकल्प

भारतीय टीम के पास कई विकल्प हैं लेकिन अगले महीने से शुरू होने वाले टीम टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वह किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहेगी। टी20 टीम में वनडे टीम से बिल्कुल अलग बल्लेबाजी क्रम होगा। लेकिन कुछ नाम दोनों टीमों में समान हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण नाम ऑलराउंडर तिलक वर्मा का है, जो ग्रोइन की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम पहले तीन टी20 मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

### निगाह कोहली-रोहित पर

भारतीय टीम की इन चिंताओं के बीच सभी की निगाह कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी जो अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव में हैं। पहले मैच में कोहली वनडे में अपने 54वें शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 91 गेंदों पर खेली गई 93 रन की पारी ने भारत की जीत की नींव रखी।


### टीम इस प्रकार है

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड :** माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्स, डैरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे।

संन्यास की घोषणा

# एक युग का अंत, भारत सीरीज के बाद एलिसा छोड़ेंगी बल्ला



एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में से एक एलिसा हीली मार्च में भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी भारत के खिलाफ पर्थ में होने वाली तीन वनडे और एकमात्र महिला टेस्ट मैच की श्रृंखला में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी। हीली भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में नहीं खेलेंगी क्योंकि वह इस साल ब्रिटेन में होने वाले टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं लेंगी।

### प्रतिस्पर्धात्मक भावना हुई कम

महिला क्रिकेट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक हीली ने बयान में कहा, 'भारत के खिलाफ आगामी श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया के लिए मेरी आखिरी श्रृंखला होगी। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा जुनून अभी भी बरकरार है, लेकिन मेरे अंदर वह प्रतिस्पर्धात्मक भावना कुछ हद तक कम हो गई है, जिसने मुझे शुरुआत से ही प्रेरित किया है, इसलिए यह संन्यास लेने का सही समय लगता है।' उन्होंने कहा, 'यह जानते हुए कि मैं इस साल टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाऊंगी और टीम के पास तैयारी के लिए सीमित समय है, मैं भारत के खिलाफ टी20 मैचों का हिस्सा नहीं रहूंगी। लेकिन मुझे घरेलू मैदान पर अपना करियर समाप्त करने और भारत के खिलाफ वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी का अवसर मिलने से बहुत खुशी है।

### ऑस्ट्रेलिया के दबदबे में हीली की अहम भूमिका

पिछले एक दशक में ऑस्ट्रेलिया के दबदबे में हीली ने अहम भूमिका निभाई है। उनकी मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया ने आठ विश्व खिताब जीते हैं, जिनमें से छह टी20 प्रारुप में और दो एक दिवसीय क्रिकेट में हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 10 टेस्ट, 123 वनडे और 162 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने अब तक 30.56 के औसत से 489 टेस्ट रन, 35.98 के औसत से 3563 वनडे रन (सात शतक सहित) और 25.45 के औसत से 3054 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन (एक शतक सहित) बनाए हैं।

## खबर संक्षेप



### राओनिच ने छोड़ा कोर्ट टेनिस से लिया संन्यास

**ओटावा।** विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। राओनिच 2016 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सेमीफाइनल में रोजर फेडरर को 6-3, 6-7, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया था लेकिन फाइनल में एंडी मरे से हार गए थे। उस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। वह उस वर्ष अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग तीन पर भी पहुंचे थे। राओनिच ने एक्स पर लिखा, 'अपने सपनों को साकार करने और उन्हें पूरा करने का मौका पाकर मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति मानता हूं। लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं टेनिस से संन्यास ले रहा हूं।' अपनी तीखी सर्विस के कारण 'मिसाइल' नाम पाने वाले राओनिच ने 2011 में पेशेवर बनने के बाद आठ एटीपी एकल खिताब जीते। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी के नाम पर तीन सेट के मैच में सबसे अधिक ऐस (47) लगाने का रिकॉर्ड है, जो उन्होंने 2024 में क्वींस क्लब टूर्नामेंट में बनाया था। उन्होंने अपने करियर का अंतिम मैच पेरिस ओलंपिक में खेला था, जिसमें उन्हें पहले दौर में डोमिनिक कोएफ़र से 7-6, 6-7, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा था।

### नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में खेलेंगे कार्लसन



**नई दिल्ली।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन ने आगामी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो इस बार स्टावेंजर की जगह ओस्लो में खेली जाएगी। कार्लसन पिछले 13 वर्षों में अपनी घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट में हमेशा खेलते रहे हैं लेकिन हाल में उन्होंने क्लासिकल शतरंज से दूरी बढ़ाने का फैसला किया था, जिससे उनका इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। नॉर्वे शतरंज क्लासिकल प्रारुप का टूर्नामेंट है और कार्लसन इसे सात बार जीत चुके हैं। आयोजकों ने कहा, 'मैग्नस कार्लसन नॉर्वे शतरंज 2026 में अपनी भागीदारी की सार्वजनिक रूप से पुष्टि करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। शेष प्रतिभागियों की घोषणा आने वाले सप्ताहों में की जाएगी। इसके साथ ही नॉर्वे शतरंज में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ियों की सूची भी जारी की जाएगी।' नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता 25 मई से पांच जून तक ओस्लो में खेली जाएगी।

**विजय हजारे ट्रॉफी :** पंजाब के 4 बल्लेबाजों ने जड़े अर्धशतक, मध्यप्रदेश टीम 162 रन पर सिमटी

# पंजाब ने बनाया 345 का विशाल स्कोर, मप्र को 183 रन से हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अपने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब ने मध्यप्रदेश को 183 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर पंजाब ने कप्तान प्रभसिमरन सिंह के 86 गेंद में 88 रन, अनमोलप्रीत सिंह के 62 गेंद में 70, नेहाल वढेरा के 38 गेंद में 56 और हरनूर सिंह के 71 गेंद में 51 रन की मदद से छह विकेट पर 345 रन बनाए। रमनदीप सिंह ने 15 गेंद में 24 रन बनाए। मध्यप्रदेश के लिए त्रिपुरेश सिंह और कप्तान वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में मध्यप्रदेश की टीम 31.2 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई।



### प्रभसिमरन और हरनूर ने जोड़े 166 रन

पहले गेंदबाजी का अय्यर का फैसला सफल नहीं रहा और पंजाब को शानदार शुरुआत देते हुए प्रभसिमरन और हरनूर ने पहले विकेट के लिए 21 ओवर में 166 रन जोड़े। आर्यन पांडे नू 22वें ओवर में हरनूर को आउट करके मध्यप्रदेश को पहली सफलता दिलाई। लेकिन इसके बाद अनमोलप्रीत ने आकर तेजी से रन बनाना जारी रखा। प्रभसिमरन हालांकि शतक से चूक गए और कुलदीप सेन की गेंद पर 30वें ओवर में सारांश जैन को कैच दे बैठे। नमन धीर भी 23 रन बनाकर आउट हो गए और एस समय पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 199 रन था। वढेरा ने चौथे विकेट के लिए अनमोलप्रीत के साथ 76 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब

जवाब में मध्यप्रदेश की शुरुआत खराब रही और 17वें ओवर में उसके पांच विकेट 66 रन पर गिर गए थे। रजत पाटीदार 40 गेंद में 38 रन बनाकर आउट हुए तब स्कोर सात विकेट पर 132 रन था। पाटीदार के अलावा त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन बनाए। पंजाब के लिए सनवीर सिंह ने छह ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए।

### क्वार्टर फाइनल में विदर्भ ने दिल्ली को 76 रन से हराया

पिछले सत्र के उपविजेता विदर्भ ने अनुशासित और ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को 76 रन से हराकर विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ सेमीफाइनल में कर्नाटक का सामना करेगा। पिछले सत्र में इन दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला गया था। सौराष्ट्र शुक्रवार को होने वाले एक अन्य सेमीफाइनल में पंजाब का सामना करेगा। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 300 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 86 और सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने 62 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई। विदर्भ की तरफ से तेज गेंदबाज नचिकेत भूटे ने 7.1 ओवर में 51 रन देकर चार विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान हर्ष दुबे ने भी नौ ओवरों में 36 रन देकर तीन विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि नई गेंद के गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने 54 रन देकर दो विकेट लेकर उपयोगी योगदान दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने दिल्ली के लिए अकेले संघर्ष करते हुए 98 गेंदों पर 66 रन बनाए, लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रावत ने शीर्ष और मध्य क्रम के लड़खड़ाने के बाद पारी को संभालने की कोशिश की और मयंक गुसांई (18), हर्ष त्यागी (27) और ऋतिक शोकीन (21) के साथ उपयोगी रन जोड़े।

एसए20

# प्रिटोरिया कैपिटल्स ने मुंबई केपटाउन को दी शिकस्त

रदरफोर्ड ने खेली विस्फोटक पारी



एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

साउथ अफ्रीका टी20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स और मुंबई केपटाउन के बीच सुपरस्पोर्ट पार्क क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में शेरफेन रदरफोर्ड की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत प्रिटोरिया कैपिटल्स ने 53 रन से जीत दर्ज की। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाए थे। प्रिटोरिया को शुरुआत अच्छी नहीं मिली थी और सलामी बल्लेबाज शाई होप मात्र 7 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आने वाले बल्लेबाजों ने छोटी-छोटी पारियां खेलते हुए और अहम साझेदारियां करते हुए स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। कॉनर एस्टरहुइजन ने 20 गेंद पर 24, विहान लुबे ने 19 गेंद पर 21, जॉर्डन कॉक्स ने 25 गेंद पर 24 रन बनाए।

### ब्रेविस-रदरफोर्ड ने की पांचवें विकेट के लिए तेज साझेदारी

12.4 ओवर में 89 पर 4 विकेट खो चुकी प्रिटोरिया के लिए डेवाल्ड ब्रेविस और शेरफेन रदरफोर्ड ने पांचवें विकेट के लिए 34 गेंद पर 69 रन की तेज साझेदारी की। इस साझेदारी ने प्रिटोरिया की पारी को गति दी। ब्रेविस 19 गेंद पर 3 छक्के और 1 चौके की मदद से 34 रन बनाकर आउट हुए। रदरफोर्ड नहीं रुके और 27 गेंद पर 5 छक्कों और 3 चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेल टीम का स्कोर 185 तक पहुंचाया। वह पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुए। रसेल 5 गेंद पर 11 रन बनाकर नाबाद रहे। 186 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी मुंबई केपटाउन 20 ओवर में 7 विकेट पर 132 रन बना सकी और 53 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए रिजा हेंड्रिक्स 50 गेंद पर 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 68 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चला। प्रिटोरिया के लिए गिडोन पीटर्स ने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट लिए।

# ऑकलैंड एटीपी टेनिस से बाहर हुए मोनफिल्स

**ऑकलैंड।** मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स अपनी पत्नी एलिना स्वितोलिना की तरह करिश्मा दिखाने में नाकाम रहे और ऑकलैंड एटीपी टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार कर बाहर हो गए। मोनफिल्स की पत्नी स्वितोलिना ने तीन दिन पहले इसी कोर्ट पर अपना 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। फ्रांस का यह 39 वर्षीय खिलाड़ी एएसबी क्लासिक टूर्नामेंट में हंगरी के 26 वर्षीय खिलाड़ी फैबियन मारोज़सन से 5-7, 6-3, 6-4 से हार गया। मोनफिल्स ने 2025 में ऑकलैंड में खिताब जीता था। उन्होंने महिला एकल के फाइनल से पहले अपनी पत्नी एलिना से कहा था, 'अगर तुम इस साल नहीं जीत पाती हो तो मुझे नहीं पता कि मैं तुम्हें क्या कहूंगा।' स्वितोलिना और मोनफिल्स पति-पत्नी की उन गिनी चुनी जोड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने एक ही टूर्नामेंट में एक ही समय में एटीपी और डब्ल्यूटीए एकल खिताब जीते हैं।



# लक्ष्य ने आयुष को 36 मिनट में हराया, दूसरे दौर में एंट्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2022 के चैंपियन लक्ष्य ने आईजी स्टेडियम में खेले जा रहे इस 9,50,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर में आयुष को सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से हराया। आयुष पहली बार इंडिया ओपन में खेल रहे थे। चौबीस साल के लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे, जिन्होंने 21-6, 7-5 के स्कोर पर अपने सातवें वरीय हमवतन प्रतिद्वंद्वी कोडाई नारोका के मुकाबले से हटने पर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

**लक्ष्य ने दिखाया बेहतर खेलः** लक्ष्य ने बेहतर खेल दिखाया और परिस्थितियों से बेहतर ढंग से सामंजस्य बैठाने में सफल रहे। आयुष ने कुछ मौकों पर अच्छी टक्कर दी लेकिन लक्ष्य का बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव उनके काम आया। लक्ष्य ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए 20 साल के आयुष को पहले गेम में कोई मौका नहीं दिया।

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स
जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल

प्रॉपर्टी आई. डी. नं. 7700770197 आवेदन क्रमांक-10396 आवेदन दिनांक-12/12/2025 क्रमांक 1122 / राजस्व / भौविप्रा /25 भोपाल दिनांक: 24/12/2025

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की शाहपुरा योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक-197 सेक्टर-ए, श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी पत्नी स्व. श्री. बी.एस. त्रिपाठी के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी पत्नी स्व. श्री. बी.एस. त्रिपाठी का स्वर्गवास दिनांक 31/08/2021 को हो जाने के कारण उनके जीवनकाल में की गई रजिस्ट्रर्ड वसीयत दिनांक 21/04/2008, श्रीमती शिखा थापक पत्नी श्री योगेश थापक को दिये जाने एवं नामान्तरण किये जाने का उल्लेख किया गया है। श्रीमती शिखा थापक पत्नी श्री योगेश थापक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ-पत्र एवं पंजीकृत वसीयत के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम पर चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्ये / दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत करे । उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।, उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्ये । दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग क्रमांक - 1, जी.टी.बी. कॉम्पलेक्स, न्यू मार्केट, भोपाल (म.प्र.)

आम-सूचना

विश्वकर्मा नगर फेस - 1 बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखंड क्र. शेल्टरलेस ई.डब्ल्यू.एस. - 32 मंडल द्वारा श्री अब्दुल हनीफ एवं श्रीमती शाहीन बी के नाम से आवंटित है, द्वितीय आवंटी श्रीमती शाहीन बी पत्नि श्री मोहम्मद आबिद खान द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुये उक्त संपत्ति में से श्री अब्दुल हनीफ आत्मज श्री अब्दुल रहीम का नाम विलोपित किया जाने हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया है। प्रथम आवंटी उक्त भूखंड में से अपनी स्वैच्छा से अपना नाम विलोपित कर द्वितीय आवंटी के नाम से करवाना चाहते है। इस हेतु आवेदन, शपथ पत्र एवं हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था को इस में कोई आपत्ति हो तो विज्ञापित प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें । समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल संभाग क्रमांक 1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग क्रमांक - 1, जी.टी.बी. कॉम्पलेक्स, न्यू मार्केट, भोपाल (म.प्र.)

आम-सूचना

विश्वकर्मा नगर फेस - 1 बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखंड क्र. शेल्टरलेस ई.डब्ल्यू.एस. 31 मंडल द्वारा श्री अब्दुल हनीफ एवं श्रीमती शाहीन बी के नाम से आवंटित है, द्वितीय आवंटी श्रीमती शाहीन बी पत्नि श्री मोहम्मद आबिद खान द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुये उक्त संपत्ति में से श्री अब्दुल हनीफ आत्मज श्री अब्दुल रहीम का नाम विलोपित किया जाने हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया है। प्रथम आवंटी उक्त भूखंड में से अपनी स्वैच्छा से अपना नाम विलोपित कर द्वितीय आवंटी के नाम से करवाना चाहते है। इस हेतु आवेदन, शपथ पत्र एवं हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था को इस में कोई आपत्ति हो तो विज्ञापित प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल संभाग क्रमांक 1, भोपाल

कार्यालय नगर निगम, भोपाल
यांत्रिक विभाग, जोन क्र. 03

क्र. 339/यां.वि./जोन 09/2025 भोपाल, दिनांक-13.01.2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आंमत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _475512_1 | Const. of CC Road in Fiza Colony at Nishatpura Ward 13 Zone 03 | 11,82,899 | 8,872 | 2,000 | MPUADD BUILD/ROAD WORKS ISSR 2021 | 60 दिवस |
| 2 | 2026_UAD _475376_1 | Const. of cc road from star kirana store to abdul aziz manzil in krishna colony ward- 13, Zone- 03 | 5,01,235 | 5,012 | 2,000 | MPUADD BUILD/ROAD WORKS ISSR 2021 | 60 दिवस |
| 3 | 2026_UAD _475400_1 | Const. of RCC Slab at dhar basti near imambada ward- 13, Zone- 03 | 4,23,452 | 4,235 | 2,000 | MPUADD BUILD/ROAD WORKS ISSR 2021 | 60 दिवस |
| 4 | 2026_UAD _475454_1 | Const. of cc road in gali No. 1 at krishna colony ward- 13, Zone- 03 | 5,68,025 | 5,680 | 2,000 | MPUADD BUILD/ROAD WORKS ISSR 2021 | 60 दिवस |
| 5 | 2026_UAD _475469_1 | Repairing work of Toilets and Building in thakkar baba colony ward- 11, Zone- 03 | 2,52,738 | 2,527 | 2,000 | MPUADD BUILD/ROAD WORKS ISSR 2021 | 60 दिवस |
| 6 | 2026_UAD _475490_1 | Const. of cc road from mehmud bhai house to house No. 127 at idgah hills ward- 11, Zone- 03 | 5,82,010 | 5,820 | 2,000 | MPUADD BUILD/ROAD WORKS ISSR 2021 | 60 दिवस |

1- Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in
2- The Bid Documents can be purchased only online from 10:30 AM 13/01/2026 to 17:30 P.M 27/01/2026
3- Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in Only, and not in newspaper.
The initial period of 5 Years for B.T/C.C road and 3 Years for Drain/Bulding after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)

सहायक यंत्री
जोन क्र. 03, नगर निगम, भोपाल

नि.क्र.-2979/025/026




# बॉलीवुड सेलेब्स ने मनाई लोहड़ी फैंस को दीं शुभकामनाएं




**मुंबई।** लोहड़ी का त्योहार खुशियों, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी के खास मौके पर लोग अलाव जलाकर नाच-गाना करते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं। अग्नि में तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी और मूंगफली डालते हैं। लोहड़ी के मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्स अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, अनिल कपूर और रवीना टंडन के अलावा कई सेलेब्स ने अपने फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पिंक सूट में हाथ जोड़े लोहड़ी की शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, 'जैसे आज रात आग की लपटें नाचेंगी, वैसे ही आपका दिल भी खुशी और शांत जीत के साथ नाचे।' अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर पर अपने फैंस को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय ने पंजाबी में फैंस के लिए लिखा, 'आपको और आपके पूरे परिवार को लोहड़ी की लख-लख बधाई। वाहेगुरु जी आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घरों को खुशियों से भर दें।' शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हैप्पी लोहड़ी, आपकी यह लोहड़ी जोरदार हंसी और परिवार के साथ ढेर सारी खुशी के पलों से भरी हो। यह एक नई शुरुआत है और आग सारी नेगेटिविटी को दूर ले जाए, सिर्फ रोशनी, गर्माहट और खुशी बाकी रहे।' अनिल कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आग की गर्मी आपके घर में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।' जैकी श्रॉफ और 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी है। शाम कौशल ने लिखा, 'यह लोहड़ी आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए।'

# रंग दे बसंती ने जगाया देशप्रेम, 3 इडियट्स ने दिखाई अलग राह, इन फिल्मों ने युवाओं का बदला नजरिया

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अलग तरह से सोचने की प्रेरणा दी। नई लीक पर चलने का साहस दिया। इन्हीं मूल्यों को हिंदी सिनेमा ने भी अपनाया है। यही कारण है कि कई फिल्में बॉलीवुड में ऐसी बनीं, जिन्होंने युवाओं को इंस्पायर किया। इन फिल्मों में बॉलीवुड के नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया।

**3 इडियट्स** : आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स'को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान ), राजू ( शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन ) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए।

**रंग दे बसंती** : फिल्म 'रंग दे बसंती'ने युवाओं के मन में देशभक्ति का भाव पैदा किया था। देश के लिए कुछ करने की चाह पैदा की थी। फिल्म की कहानी में भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को अहमितय दी गई। इस फिल्म में आमिर खान ,सोहा अली खान, आर माधवन, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, अतुल कुलकर्णी जैसे चर्चित कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंस्पायर करती है।



**12वीं फेल** : विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म '12वीं फेल'भी यंगस्टर को बड़े सपने देखने के लिए इंस्पायर करती है। इस फिल्म में एक गरीब लड़के के आईएएस ऑफिसर बनने की कहानी है। यह फिल्म असफलता से निराश ना होने की बात करती है। ईमानदारी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**चक दे इंडिया** : शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'चक दे इंडिया में एक ऐसे कोच की कहानी थी, जो एक महिला हॉकी टीम को तैयार करता है। इस कहानी में कोच का रोल शाहरुख खान ने निभाया था। आज भी यह फिल्म स्पोर्ट्स लवर की फेवरेट बनी हुई है। वहीं इस फिल्म ने लड़कियों को खेलों में आने के लिए इंस्पायर भी किया था।

**दंगल** : फिल्म 'दंगल'ने भी महिला सशक्तिकरण की बात बहुत ही अलग ढंग से फिल्म में कहा। कई युवा लड़कियों के लिए यह फिल्म एक प्रेरणा बन गई। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' की कहानी पहलवान महावीर सिंह फोगट के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में महावीर सिंह का रोल आमिर खान ने किया था। कैसे महावीर सिंह फोगट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाया, इसके लिए क्या-क्या संघर्ष किया, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में फोगट बहनों का रोल फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा ने किया था।

# मैं धरम जी के बेटों के बेहद करीब...

**मुंबई।** हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के बेटों सनी और बॉबी देओल के बीच अनबन की अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने



परिवार के आपसी संबंधों और सनी द्वारा धर्मेंद्र की विरासत को आगे बढ़ाने की योजनाओं के बारे में बात की। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उनके निधन के बाद देओल परिवार के रिश्तों पर लोगों की नजर टिक गई। इन अफवाहों पर हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सनी और बॉबी के साथ मेरा रिश्ता हमेशा बहुत अच्छा और प्यार भरा रहा है। आज भी वैसा ही है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग हमारे बीच कुछ गड़बड़ क्यों सोचते हैं। लोग बस गपशप करना चाहते हैं। मुझे उन्हें जवाब क्यों देना चाहिए? कोई सफाई देना जरूरी नहीं है? ये हमारी निजी जिंदगी है। हम सब बहुत खुश हैं और एक-दूसरे के बहुत करीब हैं।' हेमा ने इस इंटरव्यू में आगे बताया कि सनी देओल अपने दिवंगत पिता धर्मेंद्र की याद में एक संग्रहालय बनाने की योजना बना रहे हैं। हेमा ने यह भी बताया कि सनी जो भी काम अपने पिता को लेकर करेंगे, उन्हें जरूर बताएंगे।



# इतिहास बदलने की दास्तान है 'स्पेस जेन : चंद्रयान'

**मुंबई।** 'पंचायत' के मेकर्स की नई वेब सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज ओटीटी पर गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। कहानी चंद्रयान-2 की असफलता के बाद की वैज्ञानिक चुनौतियों और फिर इतिहास रचने की दास्तान की है।

यह वेब सीरीज हिंदुस्तान के उस सपने की कहानी है, जिसमें हारना और हार के बाद फिर से उठकर इतिहास बदलने की दास्तान है। यह कहानी है इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चंद्रयान-2 मिशन की नाकामी और फिर चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की। अनंत सिंह के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' के ट्रेलर की शुरुआत सवालों से होती है। चंद्रयान-2 मिशन का अपने लैंडर विक्रम से चांद की सतह से सिर्फ 2.1 किमी पहले संपर्क टूट गया था। यह खबर दुनिया ने देखी। लेकिन, सीरीज यह दिखाती है कि इस शर्मिंदगी के ठीक बाद क्या हुआ। कैसे वैज्ञानिक समुदाय को कड़ी जांच, तीखी आलोचना और भावनात्मक तनाव से गुजरना पड़ा।

इस संकट के दौरान जहां कइयों के करियर और इज्जत दांव पर थे, वहीं एक सीधी टिप्पणी- परफैक्ट होता तो क्रैश नहीं करता।

# अशरफ से जुड़ रहा नोरा का नाम...

**मुंबई।** नोरा फतेही अपनी अदाकारी और अपनी जबरदस्त डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं।



इस बार वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। नोरा फतेही मोरक्को मूल की हैं। वह 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' 2025 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की फुटबॉल टीम को चीयर करती दिखीं। इस टीम के कप्तान अशरफ हकीमी हैं। नोरा फतेही का नाम इसी फुटबॉलर से जोड़ा जा रहा है। अशरफ हकीमी की पहले स्पेनिश अभिनेत्री हिबा अबूक से शादी हो चुकी है। उनका रिश्ता 2020 से 2023 तक चला। उनके दो बच्चे आमीन और नईम हैं। साल 2023 में इस कपल का तलाक हो गया। हिबा स्पेनिश की कई मशहूर फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में मोरक्को की टीम की जीत के बाद नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'जबरदस्त खेल था! सेमी फाइनल में हम आ रहे हैं।' सूत्रों ने एचटी को बताया, 'फुटबॉल मैच के लिए नोरा के मोरक्को ट्रिप ने लोगों को हैरान किया था।




अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111411177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

RS/Hero/06/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930